


THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

वर्ष-29 अंक : 322 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) फाल्गुन कृ.1 2081 गुरुवार, 13 फरवरी-2025

प्रधान संपादक - डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ✻ पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये

### 'तकनीक के सहारे युद्ध जीतना ही एकमात्र समाधान नहीं'

बंगलूरू, 12 फरवरी (एजेंसियां)। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने बुधवार को कहा कि भविष्य के युद्ध के साथ तकनीक को जोड़ना ही केवल युद्ध जीतने का समाधान नहीं है। हमें नई अवधारणाओं और सिद्धांतों को विकसित करने के लिए काम करना चाहिए। एयरो इंडिया के सेमिनार में उन्होंने भविष्य के संघर्षों के साथ तकनीक को जोड़ने पर बात की। सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने कहा कि भविष्य के युद्ध के साथ तकनीक को जोड़ना केवल जीत पाने का एकमात्र हिस्सा है। हमें जीत के लिए नई अवधारणा और नए सिद्धांत बनाने होंगे। ऐसे युद्ध के लिए नए संगठन बनाने होंगे। साथ ही नई संस्कृति और प्रक्रिया पर काम करना होगा।

### पीएम मोदी और मैक्रों की मुलाकात में

# द्विपक्षीय संबंधों की मजबूती पर बात



पेरिस, 12 फरवरी (एजेंसियां)। पीएम नरेंद्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने पेरिस में मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच विभिन्न मुद्दों पर बात हुई। विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों नेताओं ने अपने द्विपक्षीय सहयोग और अंतरराष्ट्रीय साझेदारी के साझा दृष्टिकोण और वैश्विक चुनौतियों के समाधान पर बात की। विदेश मंत्रालय ने कहा कि फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों ने जनवरी 2024 में राष्ट्रपति मैक्रों की भारत की राजकीय यात्रा की थी।

इससे पहले जुलाई 2023 में प्रधानमंत्री मोदी की फ्रांस यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच कुछ मुद्दों पर सहमति बनी। वार्ता के दौरान 2047 रोडमैप पर चर्चा हुई। यह रणनीतिक साझेदारी की 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर बैस्टिल दिवस समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में होगा। उन्होंने अपने द्विपक्षीय सहयोग में हासिल की गई प्रगति की सराहना की और इसे तेज करने की प्रतिबद्धता जताई। विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों नेताओं ने एक न्यायसंगत और शांतिपूर्ण अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को बनाए रखने, वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने और तकनीकी, आर्थिक क्षेत्रों सहित उभरते विकास के लिए दुनिया को तैयार करने के लिए प्रभावी बहुपक्षवाद के आह्वान को दोहराया। दोनों नेताओं ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सुधार की आवश्यकता पर जोर दिया। यूएनएससी मामलों सहित बहुपक्षीय मंचों में समन्वय पर सहमति व्यक्त की। फ्रांस ने यूएनएससी में भारत की स्थायी सदस्यता के लिए समर्थन दोहराया।

दोनों नेताओं ने सामूहिक अत्याचारों के मामले में वीटो के उपयोग के विनियमन पर बातचीत को मजबूत करने पर सहमति व्यक्त की। उन्होंने वैश्विक चुनौतियों और वर्तमान अंतरराष्ट्रीय विकास पर व्यापक चर्चा की। साथ ही बहुपक्षीय पहलों और संस्थानों के माध्यम से अपने वैश्विक और क्षेत्रीय जुड़ाव को तेज करने पर सहमति व्यक्त जताई।

### राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग के अध्यक्ष को हटाने का 'सुप्रीम' आदेश

नई दिल्ली, 12 फरवरी (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग (एनसीएच) के अध्यक्ष को उनके पद से इस्तीफा देने का निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा कि नियुक्ति कानून के अनुसार नहीं है। कर्नाटक हाईकोर्ट के एक आदेश को खारिज करते हुए न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और जस्टिस मनमोहन की पीठ ने डॉ. अनिल खुराना को एक सप्ताह के भीतर पद छोड़ने का निर्देश दिया। प्रतिवादी को तत्काल अध्यक्ष पद से इस्तीफा देना चाहिए।

हालांकि, इसमें वित्त से जुड़ा कोई भी नीतिगत निर्णय शामिल नहीं है। अध्यक्ष के पद की नियुक्ति के लिए नयी प्रक्रिया शीघ्र शुरू की जाए।' यह आदेश डॉ. अमरागौड़ा एल. पाटिल द्वारा डॉ. खुराना की नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिका पर आया है। पद के लिए आवेदक पाटिल ने इस आधार पर नियुक्तियों को चुनौती दी थी कि खुराना के पास राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग अधिनियम, 2020 की धारा 4(2) और 19 के तहत अपेक्षित अनुभव नहीं है।

# सिख दंगा के एक और केस में सज्जन कुमार दोषी

> 18 फरवरी को सजा > 41 साल पहले दिल्ली में सिख बाप-बेटे की हत्या हुई थी




नई दिल्ली, 12 फरवरी (एजेंसियां)। सिख दंगा के एक और केस में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने बुधवार को पूर्व कांग्रेस सांसद सज्जन कुमार को दोषी करार दिया। कोर्ट 18 फरवरी को सजा सुनाएगी। इस मामले में 41 साल बाद फैसला आया है। यह केस 1984 सिख विरोधी दंगों के दौरान सरस्वती विहार में 2 सिखों की हत्या से जुड़ा है। दिल्ली दंगों में सज्जन के खिलाफ 3 से ज्यादा केस चल रहे हैं। एक में वे बरी हो चुके हैं।

इससे पहले दिसंबर 2018 में दिल्ली हाईकोर्ट की डबल बेंच ने उन्हें हिंसा कराने और दंगा भड़काने का दोषी पाया था और उम्रकैद की सजा सुनाई थी। फिलहाल सज्जन तिहाड़ जेल में सजा काट रहे हैं। सज्जन कुमार के खिलाफ दंगा, हत्या और डकैती के आरोप में आईपीसी की धारा 147, 149, 148, 302, 308, 323, 395, 397, 427, 436, 440 के तहत केस दर्ज किया गया था।

**पहले तीन बार टल चुका है फैसला**

31 जनवरी 2025 को हुई सुनवाई में राउज एवेन्यू कोर्ट ने सज्जन कुमार पर फैसला टाल दिया था। इससे पहले 8 जनवरी और 16 दिसंबर 2024 को भी फैसला टाला गया था। दोनों बार विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा की कोर्ट में तिहाड़ में बंद सज्जन कुमार वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए पेश हुआ था। दिसंबर 2021 को सज्जन कुमार ने इस मामले में खुद को निर्दोष बताते हुए ट्रायल का सामना करने की बात कही थी। ट्रायल में सज्जन कुमार को दोषी माना गया था। इसके बाद उनके खिलाफ आरोप तय करने का आदेश दिया था।

### 'स्वदेशी हल खोजें घरेलू उद्योग, अवसर शानदार'

नई दिल्ली, 12 फरवरी (एजेंसियां)। रक्षा क्षेत्र में घरेलू उद्योगों के लिए कैसे अवसर हैं? इस सवाल पर नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी का कहना है कि समुद्री हवाई क्षेत्र में क्षमता उल्लेखनीय रूप से बढ़ी है। उन्होंने कहा कि घरेलू उद्योग को नौसेना के साथ मिलकर स्वदेशी समाधान विकसित करने पर ध्यान देना चाहिए। नौसेना प्रमुख ने आश्वस्त किया कि घरेलू उद्योग को समर्थन और औद्योगिक क्षमता के विकसित करने के लिए जरूरी माहौल बनाने के लिए नेवी पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि समुद्री हवाई क्षेत्र का दायरा बढ़ा है। यही कारण है कि रक्षा उद्योग में अरबों अवसरों की बाढ़ आ रही है। नौसेना प्रमुख एडमिरल त्रिपाठी ने बंगलूरू में आयोजित एयरो इंडिया 2025 के दौरान कहा कि व्यापक अवसरों का पूरा लाभ उठाने के लिए घरेलू उद्योग से जुड़ी कंपनियों को नौसेना के साथ मिलकर आविष्कार, नवाचार, स्वदेशीकरण और समाधान तलाशने की पहल करनी चाहिए।

# भारत में बिना वीजा-पासपोर्ट एंट्री पर सख्त नियम बनेंगे

✻ सरकार नया बिल लाएगी ✻ फर्जी डॉक्यूमेंट के साथ घुसने पर 7 साल सजा-10 लाख जुर्माना

नई दिल्ली, 12 फरवरी (एजेंसियां)। भारत में बिना वीजा-पासपोर्ट एंट्री पर केंद्र सरकार सख्त कानून लाने जा रही है। अगर कोई विदेशी नागरिक वैध पासपोर्ट या वीजा के बिना भारत में प्रवेश करता है तो उसे पांच साल तक जेल और 5 लाख रुपए तक का जुर्माना हो सकता है। अगर कोई विदेशी फर्जी डॉक्यूमेंट के साथ भारत में प्रवेश करता है तो उसे यहां से निकाला जा सकता है। इसके अलावा 2 साल की जेल हो सकती है, जिसे 7 साल तक बढ़ाया जा सकता है। वहीं, 1 लाख रुपए से 10 लाख रुपए तक जुर्माना लगाया जा सकता है।

यह नियम इमिग्रेशन और फॉरेनर एक्ट, 2025 के तहत है, जिसे सरकार संसद के बजट सत्र में पेश करेंगी। इसका मकसद इमिग्रेशन और फॉरेनर से संबंधित सब्जेक्ट पर बने चार अलग नियम को एक करना है। नए नियम लागू होने के बाद फॉरेनर्स एक्ट 1946, पासपोर्ट एक्ट 1920, फॉरेनर्स रजिस्ट्रेशन एक्ट 1939 और इमिग्रेशन (करियर लायबिलिटी एक्ट) 2000 में बदलाव कर एक व्यापक कानून बनाया जाएगा। फिलहाल अवैध पासपोर्ट या वीजा के साथ यात्रा करने वाले विदेशियों को 5 साल की जेल और जुर्माना लगाया जाता है। फर्जी पासपोर्ट के साथ एंट्री करने वालों के लिए अधिकतम 8 साल की सजा और 50 हजार रुपए जुर्माने का प्रावधान है।

### 'जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा मिलने से क्या आतंकवाद खत्म हो जाएगा'

नई दिल्ली, 12 फरवरी (एजेंसियां)। नेशनल कांफ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने कहा है कि जम्मू-कश्मीर का पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल होने के बाद भी आतंकवाद खत्म नहीं होगा। उन्होंने कहा कि पूर्ण राज्य के दर्जे का मामला कई सालों से लंबित है। बताना होगा कि मोदी सरकार ने अगस्त 2019 में जम्मू-कश्मीर का पूर्ण राज्य का दर्जा खत्म कर दिया था और इसे दो भागों में बांट दिया था। फारूक अब्दुल्ला ने न्यूज़ एजेंसी के साथ बातचीत में कहा, 'भले ही राज्य का दर्जा बहाल हो जाए और हमें सब कुछ मिल जाए लेकिन क्या लोगों को लगता है कि इससे यहां आतंकवाद खत्म हो जाएगा। जो लोग डंके की चोट पर बोलते थे आतंकवाद खत्म हो गया है, उनसे पूछिए कि आतंकवाद है या नहीं।'

# राम मंदिर के मुख्य पुजारी सत्येंद्र दास का निधन

**बाबरी विध्वंस के वक्त रामलला को गोद में लेकर भागे थे, टीचर के बाद पुजारी बने**




अयोध्या, 12 फरवरी (एजेंसियां)। अयोध्या में रामलला मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास का 80 साल की उम्र में निधन हो गया। बुधवार सुबह 7 बजे लखनऊ पीजीआई में उन्होंने आखिरी सांस ली। 3 फरवरी को ब्रेन हेमरेज के बाद उनको अयोध्या से लखनऊ रेफर किया गया था। आचार्य सत्येंद्र दास का पार्थिव शरीर अयोध्या के सत्य धाम गोपाल मंदिर आश्रम में अंतिम दर्शन के लिए रखा गया है। आचार्य सत्येंद्र दास के निधन पर सीएम योगी ने शोक जताया है। आचार्य सत्येंद्र दास को कल यानी 13 फरवरी को दोपहर 12 बजे जल समाधि दी जाएगी। सत्येंद्र दास 32 साल से रामजन्मभूमि में बतौर मुख्य पुजारी सेवा दे रहे थे। 6 दिसंबर, 1992 को बाबरी विध्वंस के समय वे रामलला को गोद में लेकर भागे थे। सत्येंद्र दास का जन्म संतकबीरनगर जिले में 20 मई, 1945 में हुआ था। यह जिला अयोध्या से 98 किमी दूर है। वे बचपन से ही भक्ति भाव में रहते थे। उनके पिता अक्सर अयोध्या जाया करते थे, वह भी अपने पिता के साथ अयोध्या घूमने जाते थे। अयोध्या में उनके पिता अभिराम दास जी के आश्रम में आते थे। सत्येंद्र दास भी अभिराम जी के आश्रम में आने लगे थे।

अभिराम दास वही थे, जिन्होंने राम जन्मभूमि में 22-23 दिसंबर 1949 में गर्भगृह में राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न और सीता जी की मूर्तियों के प्रकट होने का दावा किया था। इन्हीं मूर्तियों के आधार पर आगे की लड़ाई लड़ी गई। मूर्तियों के प्रकट होने के दावे और अभिराम दास जी की रामलला के प्रति सेवा देखकर सत्येंद्र दास बहुत प्रभावित हुए।

### 'मणिपुर में कोई संवैधानिक संकट नहीं, केंद्र की ओर से सुलझाया जाएगा मुद्दा'

इंफाल, 12 फरवरी (एजेंसियां)। मणिपुर के भाजपा विधायक करम श्याम ने बुधवार को बड़ा दावा किया। उन्होंने कहा कि हिंसा प्रभावित राज्य के मुख्यमंत्री पद से एन बीरेन सिंह के इस्तीफे के बाद कोई संवैधानिक संकट नहीं है। बीरेन सिंह ने 9 फरवरी को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। श्याम ने कहा कि विधायकों की मदद से केंद्र सरकार मौजूदा मुद्दों का समाधान कर लेगी।

भाजपा विधायक ने कहा, 'मुझे राष्ट्रपति शासन के बारे में नहीं पता। मुझे लगता है कि नेतृत्व संकट का मसला विधायकों की मदद से केंद्र द्वारा सुलझाया जाएगा। मुझे लगता है कि मणिपुर में कोई संवैधानिक संकट नहीं है।' वह भाजपा के पूर्वोत्तर प्रभारी संबित पात्रा से मिलने के लिए इंफाल के एक होटल में आए थे।

# केंद्र ने यूपीएस लागू होने की कोर्ट को दी जानकारी

> न्यायिक अधिकारियों की पेंशन का मुद्दा सुलझने की उम्मीद

नई दिल्ली, 12 फरवरी (एजेंसियां)। केंद्र ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट को सूचित किया कि उसने एकीकृत पेंशन योजना को अधिसूचित कर दिया है। इससे न्यायिक अधिकारियों की पेंशन संबंधी चिंताएं दूर हो सकती हैं। अदालत ने मामले की सुनवाई 12 सप्ताह के लिए टाल दी है।

**क्या कहा पीठ ने**

केंद्र की ओर से अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणि और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता पेश हुए और पीठ को एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) के बारे में जानकारी दी। जस्टिस बी आर गवई और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने केंद्र के वकीलों की दलीलों को सुना। पीठ ने कहा कि अटॉर्नी जनरल और सॉलिसिटर जनरल का कहना है कि एकीकृत पेंशन योजना न्यायिक अधिकारियों सहित सभी कर्मचारियों की पेंशन संबंधी चिंताओं को दूर कर सकती है। ऐसे में अदालत ने मामले को कुछ समय के लिए स्थगित कर दिया ताकि एकीकृत पेंशन योजना के असर को देखा जा सके। अदालत ने मामले की सुनवाई 12 सप्ताह के लिए टाल दी।

**23 लाख सरकारी कर्मचारियों को होगा फायदा**

यह सुनवाई अदालत जिला न्यायपालिका के अधिकारियों और उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीशों की पेंशन के मुद्दे पर हो रही थी। वित्त मंत्रालय ने 25 जनवरी को यूपीएस को अधिसूचित किया। यूपीएस में सेवानिवृत्ति से पहले पिछले 12 महीनों में प्राप्त औसत मूल वेतन के 50 प्रतिशत के बराबर पेंशन देने का प्रावधान किया गया है। वित्त मंत्रालय द्वारा जारी एक गजट अधिसूचना के अनुसार यूपीएस उन केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों पर लागू होगा, जो राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के अंतर्गत आते हैं और यूपीएस के विकल्प को चुनते हैं।

25 जनवरी को प्रकाशित अधिसूचना के अनुसार, सेवा से हटाए जाने या बर्खास्त किए जाने या इस्तीफा देने की स्थिति में कर्मचारी यूपीएस या आश्वासन भुगतान नहीं मिलेगा। यह अधिसूचना 23 लाख सरकारी कर्मचारियों को यूपीएस और एनपीएस में से किसी एक को चुनने का विकल्प देती है।

### सहारा के वर्सोवा प्लॉट की वैधता पर सरकार दाखिल करे रिपोर्ट : सुप्रीम कोर्ट



नई दिल्ली, 12 फरवरी (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को केंद्रीय पर्यावरण-वन मंत्रालय और महाराष्ट्र सरकार को नोटिस जारी किया है। ये नोटिस इस संदर्भ में है कि क्योंकि इसमें बताया गया है कि सहारा समूह (एसआईसीसीएल) का वर्सोवा प्लॉट आंशिक रूप से या पूरी तरह से मैंग्रोव वन क्षेत्र हो सकता है। इसके लिए कोर्ट ने संबंधित सरकारों से कहा है कि वे वर्सोवा प्लॉट के बारे में विस्तृत जानकारी कोर्ट को दें कि यह मैंग्रोव भूमि है या नहीं और अगर है, तो किस हद तक। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी निर्देश दिया है कि वर्सोवा प्लॉट को कैसे बेचा जा सकता है, यह तय करने के लिए सहारा समूह के दो अधिकारी, सेबी के दो अधिकारी और मुंबई के दो संपत्ति विशेषज्ञों की एक बैठक हो।

### ट्रंप से बैठक से पहले पीएम मोदी को खरगे ने दी खास सलाह

नई दिल्ली, 12 फरवरी (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिका के नए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात करने वाले हैं। ट्रंप के साथ बैठक से पहले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पीएम मोदी को खास सलाह दी है। उन्होंने कहा है कि पीएम मोदी को ट्रंप के सामने टैरिफ और दर्दनाक निर्वासन का मुद्दा उठाना चाहिए। खरगे ने एक्स पर लिखा कि जब हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने अमेरिकी समकक्ष राष्ट्रपति ट्रंप से मुलाकात करें तो उन्हें 2 टी को उठाना चाहिए जो सभी भारतीयों के लिए बेहद चिंता का विषय है। उन्होंने लिखा कि पहला टैरिफ-किसी भी देश के लिए कोई छूट नहीं, कोई अपवाद नहीं के साथ एल्यूमीनियम और स्टील के आयात पर 25% टैरिफ भारत के विनिर्माण के लिए गंभीर परिणाम पैदा कर सकता है। हमें दोनों देशों के लिए पारस्परिक रूप से लाभकारी ढांचे के साथ घनिष्ठ व्यापार संबंध बनाने होंगे। यह देखते हुए कि अमेरिका हमारा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है।

# आंध्र प्रदेश में महिलाओं को वर्क फ्रॉम होम सुविधा मिलेगी

**सीएम नायडू का प्लान, प्रदेश के हर शहर, कस्बे, मंडल में आईटी ऑफिस होंगे**



अमरावती, 12 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। सप्ताह में 90 घंटे काम के बहस के बीच आंध्र प्रदेश सरकार महिलाओं के लिए वर्क फ्रॉम होम का नियम लागू करने की योजना बना रहा है। मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने इसकी घोषणा 11 फरवरी को एक्स पोस्ट में की। हालांकि नायडू ने इस योजना को कैसे लागू किया जाएगा, इसके लिए कोई प्लान साझा नहीं किया है। सीएम ने पोस्ट में लिखा- सबसे पहले मैं साइंस और टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में काम करने वाली महिलाओं और युवतियों को अंतर्राष्ट्रीय महिला और बालिका विज्ञान दिवस की बधाई देता हूं। आज हम लोग उनकी उपलब्धियों का जश्न मनाते हैं। हमारी सरकार महिलाओं को इन क्षेत्रों में समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने आगे लिखा-कोविड 19 महामारी के दौरान काम करने के तरीकों में बड़ा बदलाव आया है। टेक्नोलॉजी के कारण वर्क फ्रॉम होम करना आसान हो गया है। रिमोट वर्क, कोवर्किंग स्पेस (सीडब्ल्यूएस) और नेबरहुड वर्कस्पेस जैसी व्यवस्थाएं बिजनेस और काम करने वाले लोगों को अधिक बेहतर साबित हो गाया। साथ ही इससे काम की उत्पादकता भी बढ़ेगी।

सीएम ने कहा-इन पहल की वजह से वर्क और लाइफ को बैलेंस करने में मदद मिलेगी। इसे मीनिंग फूल बनाने के लिए राज्य सरकार योजना पर काम कर रही है। आंध्र प्रदेश आईटी और जीसीसी नीति 4.0 इस दिशा में गेम-चेंजिंग कदम है। हमारी सरकार हर शहर, कस्बे और मंडल में आईटी ऑफिस स्थापित करने के लिए प्रोत्साहन दे रहे हैं। साथ ही आईटी और जीसीसी कंपनियों का समर्थन कर भी कर रहे हैं, ताकि रोजगार उत्पन्न हो सके। सीएम ने आगे कहा-मुझे विश्वास है कि वर्क फ्रॉम होम का विकल्प होने से वर्क फोर्स को बढ़ावा मिलेगी।

### प्रियंका बोलीं-नहीं पता वित्तमंत्री किस ग्रह पर रहती हैं

नई दिल्ली, 12 फरवरी (एजेंसियां)। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा-मुझे नहीं पता कि वह (निर्मला सीतारमण) किस ग्रह पर रह रही हैं। वे कह रही हैं कि महंगाई नहीं है, बेरोजगारी नहीं बढ़ी है, कीमतों में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है। प्रियंका का ये बयान वित्तमंत्री सीतारमण के मंगलवार को संसद में दिए बयान पर आया, जिसमें उन्होंने कहा कि भारत में यूपीए सरकार की तुलना में पीएम मोदी की सरकार में महंगाई काफी कम है। यूपीए के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के दूसरे कार्यकाल के दौरान खाद्य महंगाई 11 प्रतिशत थी, जो चौंकाने वाली थी। एनडीए सरकार के तहत खाद्य महंगाई 2014 से 2024 तक 5.37 तक कम हो गई। यूपीए के समय में देखी गई 10% की दोहरे अंकों की महंगाई अब नहीं है। कनिमोझी (डीएमके)- वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण का बजट पर लोकसभा में उनका जवाब राजनीति से प्रेरित था।

# महाकुंभ-माघ पूर्णिमा पर 1.94 करोड़ ने डुबकी लगाई

✻ 15 किमी तक भीड़ ✻ श्रद्धालुओं पर मुस्लिमों ने बरसाए फूल



प्रयागराज, 12 फरवरी (एजेंसियां)। महाकुंभ में माघ पूर्णिमा का स्नान जारी है। संगम से 15 किमी तक चारों तरफ श्रद्धालुओं की भीड़ है। शाम 4 बजे तक 1.94 करोड़ लोग स्नान कर चुके हैं। अनुमान है कि आज 2.5 करोड़ श्रद्धालु डुबकी लगाएंगे। श्रद्धालुओं पर हेलिकॉप्टर से 25 क्विंटल फूल बरसाए गए। काटजू रोड पर मस्जिद के बाहर जुटे नमाजियों ने भी श्रद्धालुओं पर पुष्पवर्षा की। प्रयागराज जाने वाले रास्तों में भीषण जाम के बाद ट्रैफिक प्लान बदला हुआ है। शहर में वाहनों की एंट्री बंद है। ऐसे में श्रद्धालुओं को संगम पहुंचने के लिए 8 से 10 किमी तक पैदल चलना पड़ रहा है। पार्किंग से शटल बसें चल रही हैं, लेकिन ये बेहद सीमित हैं। संगम पर पैरामिलिट्री फोर्स के जवान तैनात हैं। वहां लोगों को रुकने नहीं दिया जा रहा, ताकि भीड़ न बढ़ पाए। भीड़ कंट्रोल करने के लिए पहली बार मेले में 15 जिलों के डीएम, 20 आईएएस और 85 पीसीएस अफसर तैनात किए गए हैं। महाकुंभ मेले से भीड़ जल्दी बाहर निकल जाए, इसलिए लेटे हनुमान मंदिर, अक्षयवट और डिजिटल महाकुंभ सेंटर को बंद कर दिया गया है। आज महाकुंभ में कल्पवास भी खत्म हो जाएगा। संगम स्नान के बाद करीब 10 लाख कल्पवासी घर लौटेंगे। ज्योतिषाचार्यों के मुताबिक, माघ पूर्णिमा स्नान का मुहूर्त शाम 7.22 बजे तक था। 13 जनवरी से अब तक 48.19 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं। अब 26 फरवरी को महाशिवरात्रि पर आखिरी स्नान पर्व होगा।

THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

स्वतंत्र वार्ता

# मेरा हैदराबाद

गुरुवार, 13 फरवरी, 2025 3

सु वि चा र
तुम्हारी सारी परेशानियाँ उस दिन ख़त्म हो जाएँगी, जिस दिन तुम्हें ये विश्वास हो जाएगा, कि हर काम ईश्वर की मर्जी से होता है।

# मंदिर में मांस के टुकड़े मिलने से तनाव, विरोध प्रदर्शन



हैदराबाद, 12 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। शहर का शांतिपूर्ण माहौल एक बार फिर तब बिगड़ गया जब बुधवार तड़के कुछ लोगों ने कथित तौर पर टप्पाचबूतरा स्थित एक मंदिर में मांस के टुकड़े फेंके।

इस घटना की जानकारी मिलने पर बड़ी संख्या में लोग मंदिर में एकत्र हो गए और घटना की निंदा करते हुए विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। हनुमान मंदिर के पुजारी ने मंदिर परिसर में मांस के टुकड़े देखे और समिति के सदस्यों को सूचित किया। टप्पाचबूतरा पुलिस को सूचित किया गया और पुलिस की टीमें मौके पर पहुंचीं। सुराग लगाने वाली टीमें मौके पर पहुंचीं और घटनास्थल की जांच की। वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं और जांच एवं सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी कर रहे हैं।

## जांच के लिए विशेष टीमें गठित

हैदराबाद, 12 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद पुलिस ने बुधवार को पुराने शहर के टप्पाचबूतरा स्थित एक मंदिर में मिले मांस के टुकड़ों के पीछे के संदिग्धों को खोजने के लिए विशेष टीमें गठित की हैं। सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील टप्पाचबूतरा इलाके में स्थानीय लोगों द्वारा मंदिर में मांस के टुकड़े पाए जाने के बाद तनाव व्याप्त हो गया। इसे मंदिर को अपवित्र करने की साजिश बताते हुए कई स्थानीय लोगों और भाजयुमो नेताओं ने सुबह से ही विरोध प्रदर्शन किया। पुलिस द्वारा मामले को जल्द से जल्द सुलझाने का आश्वासन दिए जाने के बाद विरोध प्रदर्शन समाप्त कर दिया गया।

अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (कानून व्यवस्था) विक्रम सिंह मान ने मंदिर परिसर का निरीक्षण किया और स्थानीय पुलिस अधिकारियों से बात की। उन्होंने कहा कि टीमें यह पता लगाने के लिए काम कर रही हैं कि मंदिर में मांस के टुकड़े कैसे आए? स्थानीय पुलिस और टास्क फोर्स की टीमें कुछ सुराग जुटाने के लिए क्लोज सर्किट कैमरों की फुटेज की जांच कर रही हैं।

## मंत्री ने दिए हनुमान मंदिर की घटना की तत्काल जांच के आदेश

हैदराबाद, 12 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। धर्मस्व मंत्री कोंडा सुरेखा ने हैदराबाद के पुराने शहर तप्पाचबूतरा में जिर्रा हनुमान मंदिर में हुई घटना पर गहरी चिंता व्यक्त की है, जहां एक अज्ञात बदमाश ने कथित तौर पर पवित्र शिव लिंग पर मांस फेंककर मंदिर को अपवित्र किया। इस मामले पर गंभीर रुख अपनाते हुए, मंत्री ने बुधवार को धर्मस्व विभाग के अधिकारियों को तत्काल और व्यापक जांच शुरू करने का निर्देश दिया। उन्होंने उन्हें जल्द से जल्द एक विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए, अधिकारियों को स्थिति का आकलन करने और सभी आवश्यक विवरण एकत्र करने के लिए तुरंत मंदिर भेजा गया। कोंडा सुरेखा ने जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आदेश दिया है, यह सुनिश्चित करते हुए कि ऐसी हरकतें फिर न हों।

हिंदू धार्मिक भावनाओं को बनाए रखने के लिए सरकार की अटूट प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए, मंत्री ने जोर देकर कहा कि रेवंत रेड्डी के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार हिंदू परंपराओं और पूजा स्थलों का अपमान करने वाले किसी भी कृत्य को बर्दाश्त नहीं करेगी।

# पुलिस ने जागरूकता कार्यक्रम के दौरान छात्राओं से बातचीत की



हैदराबाद , 12 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। सेंट ऐन्स हाई स्कूल (गोपालपुरम पीएस सीमा) में डिप्टी कमिश्नर ऑफ पुलिस (डीसीपी) नॉर्थ जोन एस. रश्मि पेरुमल के साथ एसीपी गोपालपुरम और एसएचओ गोपालपुरम द्वारा छात्र जागरूकता और बातचीत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम स्थल पर जागरूकता कार्यक्रमों में कुल 350 छात्राओं ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्कूली छात्राओं को उनकी भलाई और सुरक्षा को प्रभावित करने वाले महत्वपूर्ण मुद्दों के बारे में शिक्षित करना था। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य, साइबर अपराध, नशीली दवाओं के दुरुपयोग और लिंग संवेदनशीलता जैसे विषयों पर जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया गया। छात्रों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और अपनी शंकाओं के बारे में बातचीत की। बातचीत में अच्छे स्वास्थ्य को बनाए रखने, मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के संकेतों को पहचानने और ज़रूरत पड़ने पर मदद लेने के बारे में बात की गई। ऑनलाइन सुरक्षा, साइबर खतरों को पहचानना, व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा और ऑनलाइन लेनदेन और संचार में सावधानी बरतने के बारे में बताया गया। नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खतरों के बारे में जागरूकता, इसके प्रभावों को समझना और स्वस्थ जीवन शैली विकल्पों को प्रोत्साहित करना। सभी लिंगों के लिए समझ और सम्मान, लिंग पूर्वाग्रहों को संबोधित करना और एक समावेशी वातावरण को बढ़ावा देना। कार्यक्रम का लक्ष्य छात्रों को सशक्त बनाना, सूचित निर्णय लेना, स्वस्थ आदतें विकसित करना और उनकी सामाजिक जिम्मेदारियों को समझना था, जिससे एक सुरक्षित और अधिक सहायक स्कूल और सामाजिक वातावरण में योगदान दिया जा सके। छात्रों की प्रतिक्रिया और बातचीत फलदायी और सक्रिय थी।

## कांग्रेस नेताओं के लिए 14 फरवरी को पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन

हैदराबाद, 12 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना कांग्रेस ने राज्य सरकार द्वारा आयोजित जाति जनगणना और अनुसूचित जातियों के वर्गीकरण के बारे में अपने नेताओं को विस्तृत जानकारी देने का फैसला किया है।

इस संबंध में, पिछड़ा वर्ग जाति जनगणना और एससी वर्गीकरण पर केंद्रित एक पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन 14 फरवरी को दोपहर 2 बजे गांधी भवन के प्रकाशम हॉल में आयोजित किया जाएगा। यह सत्र टीपीसीसी अध्यक्ष महेश कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी, एआईसीसी तेलंगाना प्रभारी दीपादास मुंशी के साथ-साथ मंत्री, सांसद, विधानसभा सदस्य, विधान परिषद सदस्य और अन्य निर्वाचित प्रतिनिधि शामिल होंगे। इसके अलावा, टीपीसीसी के पदाधिकारी, डीसीसी अध्यक्ष, पूर्व मंत्री, पूर्व एमएलसी, पूर्व विधायक, पार्टी कार्यकारिणी के प्रतिनिधि, संबद्ध संघ, मंडल अध्यक्ष और अतिरिक्त नेताओं को भी इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है।

# राहुल में वारंगल आने की हिम्मत नहीं थी : एमएलसी कविता

हैदराबाद, 12 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी में वारंगल आने की हिम्मत नहीं थी और वे भाग गए, ऐसा बीआरएस पार्टी एमएलसी कलवकुंतला कविता ने आज आरोप लगाया। यहां बुधवार को अपने आवास पर तेलंगाना जागृति महिला विंग द्वारा आयोजित एक बैठक में बोलते हुए, उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी ने वारंगल का अपना दौरा रद्द कर दिया, क्योंकि उन्हें डर था कि उन्हें राज्य के लोगों से किए गए वादों पर खरा उतरना पड़ेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी द्वारा वारंगल में जारी किसान घोषणापत्र को राज्य सरकार ने लागू नहीं किया। उन्होंने कहा कि अगर राज्य सरकार अपने वादे पूरे करने में विफल रही तो लोग डरने वाले नहीं हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर महिलाओं से किए गए वादे पूरे नहीं किए गए तो कांग्रेस नेता राज्य में घूम नहीं पाएंगे। उन्होंने कहा कि लोगों को कांग्रेस नेताओं पर भरोसा नहीं है और इसलिए उन्होंने दिल्ली से नेताओं को बुलाया है। सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी और राहुल गांधी आए और तोते की तरह बोलते रहे। रेवंत रेड्डी चेहरा नहीं हैं। सोनिया गांधी, प्रियंका और राहुल गांधी के चेहरे देखकर महिलाओं ने कुछ हद तक वोट दिया। सत्ता में आने के 14 महीने बाद भी महिलाओं को 2,500 रुपये प्रति माह की आर्थिक सहायता नहीं दी जा रही है। रेवंत रेड्डी ने महिलाओं को 35,000 रुपये प्रत्येक का बकाया दिया है। कविता ने चिंता व्यक्त की कि राज्य में महिलाओं के लिए कोई सुरक्षा नहीं है और कहा कि रेवंत रेड्डी के शासन के दौरान अपराध दर में 20% की वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि केसीआर के 10 साल के शासन के दौरान एक भी सांप्रदायिक दंगा नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि रेवंत रेड्डी सरकार के सत्ता में आने के बाद से, एक या दूसरे स्थान पर लगातार सांप्रदायिक दंगे हुए हैं और राज्य में शांति और सुरक्षा बिगड़ गई है।

# भट्टी ने 42 प्रतिशत पिछड़ा वर्ग आरक्षण का वादा किया



हैदराबाद, 12 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क ने पुष्टि की है कि राज्य सरकार पिछड़ा वर्ग के लिए 42 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है, जिससे इस समुदाय की लंबे समय से चली आ रही आकांक्षा पूरी हो रही है। बुधवार को सचिवालय में मीडिया से बात करते हुए उपमुख्यमंत्री ने घोषणा की कि राज्य सरकार मार्च के पहले सप्ताह में विधानसभा में पिछड़ा वर्ग आरक्षण विधेयक पारित कराने का इरादा रखती है, जिसके बाद इसे संसद में भेजा जाएगा।उपमुख्यमंत्री ने घोषणा की कि पिछले जाति जनगणना सर्वेक्षण के दौरान अभी तक पंजीकरण न कराने वाले व्यक्तियों को एक अतिरिक्त अवसर प्रदान किया जाएगा, जिसमें पंजीकरण 16 फरवरी से 28 फरवरी तक उपलब्ध होगा।

उन्होंने कहा कि तेलंगाना में तीन प्रतिशत परिवारों ने जाति जनगणना सर्वेक्षण में भाग नहीं लिया, इस कमी के लिए पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव, पूर्व मंत्री के.टी. रामा राव और बीआरएस विधायक पल्ला राजेश्वर रेड्डी जैसे नेताओं को जिम्मेदार ठहराया, जिन्होंने कथित तौर पर अधिकारियों को आवश्यक जानकारी नहीं देने का विकल्प चुना।

बी.सी. कल्याण मंत्री पोन्नम प्रभाकर, मुख्य सचिव शांति कुमारी, योजना विभाग के प्रधान सचिव संदीप कुमार सुल्तानिया और अन्य ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाग लिया।

# मुलुगु में सम्मक्का-सरलम्मा मिनी मेडारम जातरा शुरू

वारंगल, 12 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। मुलुगु जिले के तड़वई मंडल में बुधवार को चार दिनों तक चलने वाला सम्मक्का-सरलम्मा मिनी मेडारम जातरा शुरू हुआ्। आम तौर पर, आदिवासी समुदाय हर दो साल में सम्मक्का-सरलम्मा मेडारम महा जातरा का आयोजन करता है, जबकि साल के मध्य में एक छोटी मिनी जातरा होती है। उत्सव की शुरुआत पहले दिन मंडामेलिगे उत्सव के साथ हुई। मंदिर के पुजारियों ने गद्दों को साफ करने और गांव को दुष्ट आत्माओं से बचाने के लिए अनुष्ठान किए, पूर्णिमा की रोशनी में विशेष पूजा की। राज्य सरकार ने आयोजन की व्यवस्था के लिए 5.30 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं, जबकि 1,000 पुलिस अधिकारियों की तैनाती के साथ सुरक्षा उपायों को मजबूत किया गया है। इस बीच, अधिकारियों ने जम्पन्नावगु में शॉवर और कपड़े बदलने के कमरे जैसी सुविधाएं प्रदान की हैं, साथ ही पीने के पानी और जलपान के स्टॉल भी लगाए हैं्।

तेलंगाना राज्य सड़क परिवहन निगम ने मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सहायता के लिए 200 विशेष बसों का इंतजाम किया है। मेले में तेलुगू राज्यों के साथ-साथ महाराष्ट्र, ओडिशा, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु आ रहे हैं।

# उप्पल स्टेडियम में सेलिब्रिटी क्रिकेट लीग-2025 में होगी कड़ी सुरक्षा : सुधीर बाबू

### 14 और 15 को राजीव गांधी स्टेडियम में प्रति दिन दो टी20 मैच

हैदराबाद, 12 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। ग्यारहवें सीज़न सेलेब्रिटी क्रिकेट लीग-2025 क्रिकेट प्रतियोगिताओं के हिस्से के रूप में, राचकोंडा आयुक्त सुधीर बाबू ने इस महीने की 14 और 15 फरवरी को उप्पल राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में दो दिनों के लिए आयोजित होने वाले टी20 मैचों की सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में सीसीएल आयोजकों के साथ एक समन्वय बैठक की। इस कार्यक्रम में इंटेलिजेंस, स्पेशल ब्रांच, रिजर्व पुलिस जैसे विभिन्न पुलिस विभागों के अधिकारियों के साथ-साथ स्टेडियम, जीएचएमसी, बिजली विभाग, राजस्व विभाग के अधिकारियों ने भाग लिया। इस बैठक में सीपी सुधीर बाबू ने कहा कि अधिकारियों को पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था करने की सलाह दी गई है ताकि उप्पल स्टेडियम में आयोजित क्रिकेट मैचों की शांति और सुरक्षा भंग न हो. अधिकारियों को दर्शकों को किसी भी असुविधा से बचने के लिए व्यवस्था करने और सावधान रहने की सलाह दी गई क्योंकि यह एक सेलिब्रिटी क्रिकेट प्रतियोगिता है जिसमें विभिन्न भाषाओं के फिल्मी सितारे भाग ले रहे हैं और बड़ी संख्या में दर्शकों के आने की संभावना है। अधिकारियों को रचाकोंडा आयुक्तालय के अधिकार क्षेत्र के तहत होने वाले सभी प्रकार के क्रिकेट मैचों के प्रबंधन में किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए सभी आवश्यक सुरक्षा सावधानी बरतने का निर्देश दिया गया है। अधिकारियों को सेलिब्रिटी क्रिकेट लीग के प्रतिनिधियों के साथ समन्वय करने की सलाह दी गई। अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाने का निर्देश दिया गया कि शीतल पेय और अन्य खाद्य पदार्थों की कीमतें मानदंडों के भीतर हों्। स्टेडियम के आसपास सीसीटीवी लगाने का सुझाव दिया गया है। दर्शकों को किसी भी असुविधा से बचने के लिए आवश्यक पार्किंग व्यवस्था का सुझाव दिया गया है। बताया गया है कि सभी की गतिविधियां सीसीटीवी कैमरे में रिकार्ड की जाएंगी। अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे आयोजकों को मीडिया प्रतिनिधियों और अन्य लोगों को पास जारी करने में उचित सावधानी बरतने का निर्देश दें। बैठक में एसबी डीसीपी जी. नरसिम्हा रेड्डी, एसओटी डीसीपी रमना रेड्डी, ट्रैफिक डीसीपी मल्लारेड्डी, हेड क्वार्टर डीसीपी श्याम, मल्काजगिरी एडिशनल डीसीपी वेंकटरमण, एडिशनल डीसीपी सीएसडब्ल्यू एसीपी श्रीनिवास राव, मल्काजगिरी एसीपी चक्र चक्रपाणि, सेलिब्रिटी क्रिकेट लीग के संस्थापक विष्णु वर्धन इंदुरी और टीम सदस्यों एवं अन्य अधिकारियों ने भाग लिया।

# महाप्रबंधक ने गुंटूर - पगिडिपल्ली सेक्शन का निरीक्षण किया



हैदराबाद, 12 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। दक्षिण मध्य रेलवे के महाप्रबंधक अरुण कुमार जैन ने बुधवार को गुंटूर डिवीजन पर गुंटूर- पगिडिपल्ली सेक्शन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उनके साथ एम. रामकृष्ण, डिवीजनल रेलवे मैनेजर, गुंटूर डिवीजन और मुख्यालय और डिवीजन दोनों के अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। श्री जैन ने गुंटूर रेलवे स्टेशन का विस्तृत निरीक्षण किया और यात्री सुविधाओं, सर्कुलेटिंग एरिया, फुट ओवर ब्रिज आदि की समीक्षा की। उन्होंने क्रू बुकिंग लॉबी, रनिंग रूम का निरीक्षण किया और कर्मचारियों को दिए जाने वाले भोजन की स्वच्छता की जांच की। महाप्रबंधक ने लोको पायलटों और गार्डों से रनिंग रूम में रहने के दौरान उन्हें प्रदान की जाने वाली सुविधाओं के बारे में बातचीत की। उन्होंने महिला रनिंग रूम का भी निरीक्षण किया और आपूर्ति किए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता, उपलब्ध सुविधाओं और सुरक्षा पहलुओं की जांच की। बाद में, महाप्रबंधक ने नल्लपाडु रेलवे स्टेशन का विस्तृत निरीक्षण किया और यात्री सुविधाओं, सर्कुलेटिंग एरिया, फुट ओवर ब्रिज, क्रू बुकिंग लॉबी और रनिंग रूम आदि की समीक्षा की।

महाप्रबंधक ने रनिंग रूम में ठहरने के दौरान दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में लोको पायलटों और गार्डों से बातचीत की। उन्होंने शिकायत रजिस्टर और दिए गए अनुपालन की भी जांच की। अरुण कुमार जैन ने नल्लपाडु-पिडुगुराला सेक्शन के बीच रियर विंडो निरीक्षण किया। उन्होंने कृष्णा नदी पर बने प्रमुख पुल का निरीक्षण किया और रखरखाव रिकॉर्ड की जांच की और अधिकारियों को निर्धारित समय के अनुसार नियमित रखरखाव करने की सलाह दी। बाद में उन्होंने विष्णुपुरम रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। बाद में, महाप्रबंधक ने मिर्यालगुडा रेलवे स्टेशन का विस्तृत निरीक्षण किया और यात्री सुविधाओं, सर्कुलेटिंग एरिया, फुट ओवर ब्रिज उन्होंने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत मिर्यालगुडा रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास कार्यों और विस्तार योजनाओं की भी समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को लक्ष्य के अनुसार कार्य पूरा करने की सलाह दी। बाद में, महाप्रबंधक ने लेवल क्रॉसिंग गेट नंबर 54 का विस्तृत निरीक्षण किया। उन्होंने गेटमैन को सुरक्षा पहलुओं पर उनके ज्ञान, सतर्कता और गंभीर परिस्थितियों में कर्तव्य के प्रति समर्पण के लिए बधाई दी। बाद में, महाप्रबंधक ने नलगोंडा रेलवे स्टेशन का विस्तृत निरीक्षण किया और यात्री सुविधाओं, सर्कुलेटिंग एरिया, फुट ओवर ब्रिज, स्टेशन प्रबंधक कक्ष की समीक्षा की। उन्होंने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत नलगोंडा रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास कार्यों और विस्तार योजनाओं की भी समीक्षा की। महाप्रबंधक ने पगिडिपल्ली जाने से पहले गुंटूर-पगिडिपल्ली सेक्शन में कई बड़े और छोटे पुलों का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई जनप्रतिनिधियों ने भी महाप्रबंधक से मुलाकात की और डिवीजन से संबंधित रेल विकास योजनाओं पर चर्चा की।

दक्षिण मध्य रेलवे

**निविदा सूचना सं. बी-ई-29-टीआरडी-टीएनडीआर-19-24-25 दि.7-2-2025**

अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न कार्यो हेतु आयआरइपीएस में, निविदाएं आमंत्रित हैं।

निविदा सं.-बी/इ.29-टीआरडी-टीएनडीआर-19-2024-25 कार्य विवरणः विजयवाडा डिवीजन-बीजेडए डिवीजन के जीडीआर-बीजेडए तथा बीजेडए-डीवीडी सेक्शनों पर ट्रैक नवीकरण या रिन्युएल कार्यों से संबध्द ट्रैक्शन मास्ट्स/स्ट्रक्चर्स के लिए मफ्फ्स को उठाना या मफ्फ्स की रेजिंग करना। अनुमानित मूल्यःरु. 62,15,300/- बोली सुरक्षा(पूधरा) रु.1,24,300/- पूरा करने की अवधिः 12 महिने बंद करने की तिथिः 3/3/2025 के 15.00 बजे

क्रम सं.1-निविदा प्रपत्र मूल्य(रु.)-शून्य

**वरिष्ठ विभागीय बिजली अभियंता, टीआऱडी, विजयवाडा**

**निविदा सूचना सं. जी/इ.29/टीआर./निविदा सूचना/20/2024-25**

कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से व के लिए, वरिष्ठ विभागीय बिजली अभियंता/ट्रैक्शन/गुन्टकल द्वारा निम्न कार्यों के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित हैं।

निविदा सं.- जीटीएल-टीआऱडी-29-ईटीएन-31-2024-25 कार्य विवरणः गुन्टकल डिवीजन-यादगिर स्टेशन पर कामन लूप सुविधाओं सहित प्रस्तावित शन्टिंग नेक कार्य-ओएचइ परिवर्तन या माडिफिकेशन कार्य। अनुमानित मूल्यः रु. 1,70,09,587.00 पूधराः रु. 2,35,100.00

**बंद करने की तिथि व समयः 5-3-2025 के 15.00 बजे**

**नोटः**

निविदादाता, निविदा दस्तावेज को निःशुल्क रुप में वेबसाइटः www.ireps.gov.in से डाउनलोड कर सकते हैं।

टेंडर बिड्डिंग या निविदा बोली तथा अन्य विवरण के लिए http:// www.ireps.gov.in पर लागिन करें्। शुध्दिपत्र, यदि कोई हो तो, उसे केवल आनलाईन पर ही जारी किया जायेगा।

**--वरिष्ठ विभागीय बिजली अभियंता, ट्रैक्शन, गुन्टकल**

**निविदा सूचना सं. 25-एमइसीएच-30एल-एसएस-टीपीटी-24-25, दि.11-02-2025**

कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से व के लिए,चीफ वर्कशाप मैनेजर, कैरेज रिपेयर शाप, तिरुपति, दक्षिण मध्य रेलवे द्वारा आयआरईपीएस के माध्यम में, निम्न कार्य के लिए, प्रतिष्ठित ठेकेदारों से खुली निविदा आमंत्रित है।

क्रम सं.01-निविदा सं.- निविदा सूचना सं.25-एमइसीएस-30एल-एसएस-टीपीटी-24-25 दि.11-2-2025 कार्य विवरणः

आयसीएफ एसी शयनयान या कोचेस में एलएचबी टाइप 30एल वाटर टैंक का रेट्रो -फिटमेन्ट कार्य तथा एलएचबी कोचेस में आरएमपीयुएस के लिए, एसएस टीआरओयुजीएच या ट्रौ फ्लूर का प्रावधान। अनुमानित मूल्यःरु. 47,89,870.00 (रु.सैंतालीस लाख उनहत्तर हजार आठ सौ सत्तर मात्र), बोली सुरक्षाःरु.95,800.00 (रु.पिच्यानवे हजार आठसौ मात्र) निविदा प्रपत्र मुल्यःरु शून्य (कृपया निम्न नोट-1 रिफर करें), पूरा करने की अवधिः कार्य शुरु करने से लेकर 12 महिने

**नोटः**

जीसीसी 2022 पैरा नं.3, पार्ट-। नुसार, सभी निविदादाताओं को ई-निविदा प्रपत्र निःशुल्क जारी किये जायेंगे। अतः निविदा दस्तावेज में निविदा दस्तावेज मूल्य विवरित नहीं किया गया है।

क्रम सं.1, विवरणः निविदा पेटी बंद करने का समय-11.00 बजे, तिथिः 04.03.2025

**उप मुख्य मेकानिकल अभियंता, सीआरएस, तिरुपति**

**निविदा सूचना सं.-ग्रीनको - सीआऱएस-टीपीटीवाय-2025-28 दि.11.02-2025**

कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से व के लिए,चीफ वर्कशाप मैनेजर, कैरेज रिपेयर शाप, तिरुपति, दक्षिण मध्य रेलवे द्वारा आयआरईपीएस के माध्यम में, निम्न कार्य के लिए, प्रतिष्ठित ठेकेदारों से खुली निविदा आमंत्रित है।

क्रम सं.-01, निविदा सं.- निविदा सूचना सं.ग्रीनको -सीआऱएस-टीपीटीवाय-2025-28 दि.11-2-2025 कार्य विवरणः कैरेज रिपेयर शाप, तिरुपति, दमरे के लिए, ग्रीन को रेटिंग के पुनर्मूल्यांकन का प्रमाणन (सर्टिफिकेशन आफ

रि-एस्सेसमेंट आफ ग्रीन को रेटिंग)्। अनुमानित मूल्यःरु. 8,26,826.00 (रु. आठ लाख छब्बीस हजार आठ सौ छब्बीस मात्र), बोली सुरक्षाःरु.16,500.00 (रु. सोलह हजार पांचसौ मात्र) निविदा प्रपत्र मुल्यःरु शून्य (कृपया निम्न नोट-1 रिफर करें), पूरा करने की अवधिः एलओए जारी करने की तिथि से लेकर 36 महिने

**नोटः**

जीसीसी 2022 पैरा नं.3, पार्ट-। नुसार, सभी निविदादाताओं को ई-निविदा प्रपत्र निःशुल्क जारी किये जायेंगे। अतः निविदा दस्तावेज में निविदा दस्तावेज मूल्य विवरित नहीं किया गया है।

क्रम सं.1, विवरणः निविदा पेटी बंद करने का समय-11.30 बजे, तिथिः 04.03.2025

**उप मुख्य मेकानिकल अभियंता, सीआऱएस, तिरुपति**

A0194

**निविदा शर्तें/ तत्संबंधित अधिक जानकारी तथा निविदा दस्तावेजों की डाउनलोडिंग हेतु कृपया वेबसाइट्सः https://www.ireps.gov.in या www.scr.indianrailways.gov.in देखें।**

**पूर्व तट रेलवे**

सूचना सं. eT-BR-WAT-01-2025
दिनांक: 05.02.2025

**कार्य का नाम :** सहायक मण्डल अभियन्ता/ब्रिज/वाल्टियर के अधिकार क्षेत्र के अधीन वाल्टियर मण्डल के बीयरिंग के निरीक्षण के लिए स्थायी व्यवस्था का प्रावधान एवं मिड स्पैन (Mid Span) पर स्थित कम्पोजिट/PSC गर्डर के लिए निरीक्षण प्लेटफॉर्म का प्रावधान, जिससे स्पैन के केन्द्र में कैम्बर / डिफ्लेकशन (Camber/Deflection) रीडिंग लेने में सुविधा हो सके।

**कार्य की अनुमानित लागत :** ₹ 3,51,09,196.81, EMD : ₹ 3,25,600/-, कार्य पूरा होने की अवधि : 12 (बारह) महीने।

**निविदा बंद होने की तिथि व समय :** दिनांक 28.02.2025 को 1500 बजे।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।
उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

दृष्टव्य : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन / शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की कम से कम 10 (दस) दिन पहले वेबसाइट का पुनः अवलोकन करें।

मण्डल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), वाल्टियर
PR-970/P/24-25

**पूर्व तट रेलवे**

(1) सूचना सं.: eT-East-WAT-06-2025
दिनांक: 06.02.2025

**कार्य का नाम :** वाल्टियर मण्डल के वरिष्ठ मण्डल अभियन्ता/पूर्व/अधिकार क्षेत्र में 36 महीने की समयावधि के लिए सहायक मण्डल अभियन्ता/विजयनगरम के अधीन सीनियर सेक्शन इंजीनियर/P/चिपुरुपल्लि, सीनियर सेक्शन इंजीनियर/P/विजयनगरम एवं सीनियर सेक्शन इंजीनियर/P/गजपतिनगरम और सहायक मण्डल अभियन्ता/श्रीकाकुलम रोड के अधीन सीनियर सेक्शन इंजीनियर/P/श्रीकाकुलम रोड, सीनियर सेक्शन इंजीनियर/P/नौपाड़ा एवं सीनियर सेक्शन इंजीनियर/P/पारलाखेमुंडी प्रत्येक के लिए 1 MT एवं 10 MT क्षमता वाले ट्रकों (Truck) की नियोजन।

**कार्य की अनुमानित लागत :** ₹ 1,45,63,436.58, EMD : ₹ 2,22,800/-

(2) सूचना सं.: eT-East-WAT-07-2025
दिनांक: 06.02.2025

**कार्य का नाम :** सहायक मण्डल अभियन्ता/श्रीकाकुलम रोड के अधिकार क्षेत्र अधीन ठेकेदारों के अपने स्व-चालित (Self Propelled) रेल-सह-सड़क मोबाइल फ्लैश बट वेल्डिंग प्लांट का उपयोग करके LWR अथवा लंबी वेल्डेड रेल बनाने के लिए 60KG रेलों की फ्लैश बट वेल्डिंग।

**कार्य की अनुमानित लागत :** ₹ 1,99,51,234.68, EMD : ₹ 2,49,800/-

कार्य पूरा होने की अवधि : 36 (छत्तीस) महीने (क्रम सं. 1 के लिए) एवं 12 (बारह) महीने (क्रम सं. 2 के लिए)।

**निविदा बंद होने की तिथि व समय :** दिनांक 28.02.2025 को 1500 बजे (निविदा सं. 1 के लिए) एवं दिनांक 03.03.2025 को 1500 बजे (निविदा सं. 2 के लिए)।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक / कूरियर / फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।
उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

दृष्टव्य : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन / शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की कम से कम 15 (पन्द्रह) दिन पहले वेबसाइट का पुनः अवलोकन करें।

मण्डल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), वाल्टियर
PR-973/P/24-25

**पूर्व तट रेलवे**

(1) सूचना सं.: eT-West-WAT-07-2025
दिनांक: 06.02.2025

**कार्य का नाम :** वाल्टियर मण्डल के KK-II लाइन में वरिष्ठ मण्डल अभियन्ता (पश्चिम)/वाल्टियर के अधिकार क्षेत्र के अधीन मालिगुड़ा-किरंडुल स्टेशन के बीच DN लाइन पर कि.मी. 293.162 से कि.मी. 400.302 (पैचों में) 11.354 कि.मी. के लिए थ्रू रेल नवीकरण (प्राथमिक) एवं विभिन्न यार्ड के लूप लाइन पर 5.557 कि.मी के लिए कंप्लीट ट्रैक नवीकरण (द्वितीयक)।

**विज्ञापित मूल्य :** ₹ 2,93,31,236.49, EMD : ₹ 2,96,700/-

(2) सूचना सं.: eT-West-WAT-08-2025
दिनांक: 06.02.2025

**कार्य का नाम :** वरिष्ठ मण्डल अभियन्ता/पश्चिम/वाल्टियर के अधिकार क्षेत्र के अधीन (1) एल्युमिनो थर्मिक प्रक्रिया से शॉर्ट वेल्डेड (Short Welded) पैनलों में अथवा अन्य रूप से RDSO अनुमोदित वेल्डिंग अंश एवं तकनीक द्वारा यातायात की स्थिति से मुक्त CESS / ट्रैक पर 60 KG/60 EIR260 ग्रेड रेल के फ्युजन वेल्डिंग के वेल्डिंग अंश की आपूर्ति एवं परिवहन, (2) एल्युमिनियम थर्मिक/SKV प्रक्रिया द्वारा 60 KG. 90 UTS रेल के लिए वेल्डिंग अंश की आपूर्ति एवं परिवहन।

**विज्ञापित मूल्य :** ₹ 68,27,477.15, EMD : ₹ 1,36,600/-

कार्य पूरा होने की अवधि : 12 (बारह) महीने (दोनों क्रम सं. के लिए)।

**निविदा बंद होने की तिथि व समय :** 04.03.2025 को 1500 बजे (दोनों निविदाओं के लिए)।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक / कूरियर / फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।
उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

दृष्टव्य : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन / शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की कम से कम 10 (दस) दिन पहले वेबसाइट का पुनः अवलोकन करें।

मण्डल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), वाल्टियर
PR-974/P/24-25

## पान मसाला सप्लायरों के प्रतिष्ठानों पर छापा

### अलग-अलग टीमों ने एक साथ की कार्रवाई

कानपुर, 12 फरवरी (एजेंसियां)। कानपुर में जीएसटी इंटेलीजेंस महानिदेशालय (डीजीजीआई) की अलग-अलग टीमों ने बुधवार को प्रतिष्ठित पान मसाला सप्लायरों के पांच से अधिक प्रतिष्ठानों पर छापा मारा है। किदवई नगर स्थित सुपाड़ी कारोबारी, स्वरूप नगर स्थित कत्था कारोबारी और एक सुगंध कारोबारी के प्रतिष्ठानों पर एक साथ कार्रवाई की गई है। बता दें कि जिस पान मसाला ब्रांड के ये प्रतिष्ठान सप्लायर्स हैं, करीब दो महीने पहले उसके यहां भी डीजीजीआई, लखनऊ व गुरुग्राम की टीमों ने कार्रवाई कर करोड़ों की कर चोरी पकड़ी थी।

## वैलेंटाइन डे से पहले पांच बच्चों की मां प्रेमी संग हुई फरार

मुजफ्फरनगर , 12 फरवरी (एजेंसियां)। वैलेंटाइन वीक चल रहा है। इस बीच कपल और प्रेम प्रसंग से जुड़े कई हैरान करने वाले मामले सामने आ रहे हैं। मुजफ्फरनगर के छपार का एक ऐसा मामला चर्चा में है, जहां पांच बच्चों की मां प्रेमी संग फरार हो गई। परजिनों ने पुलिस से शिकायत की है। पुलिस महिला की तलाश में लगी है। थाना क्षेत्र के गांव निवासी व्यक्ति ने घटना के संबंध में तहरीर दी है। शख्स ने बताया कि बड़े भाई की कुछ दिनों पहले बीमारी के चलते मौत हो गई थी। वह अपने पीछे तीन पुत्री, दो पुत्र को छोड़ गया। सोमवार को उसकी पत्नी गांव के ही युवक के साथ फरार हो गई। काफी तलाश करने के बावजूद भी उसका कोई सुराग नहीं मिला। महिला के बच्चों का भी रो-रो रोकर बुरा हाल है। पुलिस भी महिला की तलाश में लगी है।

## रेप की कीमत एक लाख 11 हजार रुपये

### रकम नहीं मिलने पर पुलिस के पास पहुंची पीड़िता की मां

सहरसा, 12 फरवरी (एजेंसियां)। सहरसा जिले के महिषी थाना क्षेत्र से चौंकाने वाला मामला सामने आया है। एक लड़की का दुष्कर्म किया गया। जब वह अपनी मां के साथ न्याय मांगने पंचायत पहुंची तो यहां पंचों ने अजीबोगरीब फरमान सुन दिया। पंचों ने पहले दोनों पक्षों दलीलें सुनी। इसके बाद दुष्कर्म की घटना सही पाई गई। आरोपी युवक का दोष भी सिद्ध हो गया। लेकिन, पंचों ने जो फैसला सुनाया वह हैरान करने वाला था। पंचों ने आरोपी पक्ष को एक लाख 11 हजार रुपये देकर मामले को रफा-दफा करने का फरमान जारी कर दिया। यानी रेप की कीमत एक लाख 11 हजार रुपये तय हुई। पीड़ित लड़की की मां और उसके परिवारवालों ने भी पंचों की बात मान ली। लेकिन, कुछ दिन बाद आरोपी द्वारा जुर्माना की राशि नहीं दी गई तो पीड़ित लड़की की मां न्याय की गुहार लगाने थाना पहुंच गई।

## मेरठ में गला काटकर किसान की हत्या

मेरठ, 12 फरवरी (एजेंसियां)। हस्तिनापुर थाना क्षेत्र के गांव लुकाधडी के जंगल में एक किसान की गला काटकर निर्मम हत्या कर दी गई। सूचना मिलते ही थाना पुलिस और ग्रामीण मौके पर पहुंचे और जांच में जुट गए। गांव इकवारा निवासी रवि (52) पुत्र त्रिलोकी गांव से करीब तीन किलोमीटर दूर गजपुरा के जंगल में अपने खेत पर खड़ी गेहूं की फसल को पानी लगाने के लिए सोमवार शाम को गया था। ग्रामीणों ने बताया कि अकसर वह अपने खेत पर लगी ट्यूबवेल पर रात में ही फसलों को पानी दिया करता था। सुबह लुकाधडी के जंगल में रवि का शव नग्न अवस्था में पड़ा मिला। उसकी गला काटकर हत्या की गई थी। कुछ लोगों ने थाना पुलिस को सूचना दी। थाना प्रभारी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। ग्राम प्रधान इकवारा और दर्जनों ग्रामीण भी घटनास्थल पर आ गए। ग्रामीणों ने शव की पहचान रवि के रूप में कराई। पुलिस का कहना था कि प्रथम दृष्टया लग रहा है कि कहीं और हत्या करके शव यहां फेंका गया है।

# अब रेंट एग्रीमेंट की भी होगी रजिस्ट्री

## रजिस्टर्ड एग्रीमेंट पर लिखी शर्तें ही होंगी कानूनी रूप से मान्य



लखनऊ, 12 फरवरी (एजेंसियां)। संपत्ति की सुरक्षा के लिए रेंट एग्रीमेंट की रजिस्ट्री को बढ़ावा दिया जाएगा। इसके लिए स्टाम्प शुल्क बेहद कम रखा जाएगा। एक वर्ष से ज्यादा के रेंट एग्रीमेंट पर न्यूनतम स्टाम्प शुल्क 500 रुपये से अधिकतम 20 हजार रुपये तक होगा। इसी के साथ रजिस्टर्ड एग्रीमेंट में लिखी शर्तें ही कानूनी रूप से मान्य होंगी, जिन पर कोर्ट में दावा किया जा सकेगा। इससे जुड़ा प्रस्ताव जल्द कैबिनेट में पेश किया जाएगा। स्टाम्प एवं पंजीयन मंत्री रवीन्द्र जायसवाल ने कहा कि इससे मकान मालिक और किरायेदारी से जुड़े विवादों में भी कमी आएगी। वर्तमान में किराये और अवधि के हिसाब से स्टाम्प शुल्क तय होता है। किरायेनामे को पंजीकृत कराने से मकान मालिक और किरायेदार दोनों का हित सुरक्षित रहेगा। पंजीकरण कराने के बाद एग्रीमेंट में लिखी शर्तों की ही कानूनी मान्यता होगी।

**रजिस्टर्ड एग्रीमेंट पर लिखी शर्तें ही होंगी कानूनी रूप से मान्य**

दरअसल, अभी रेंट एग्रीमेंट में स्टाम्प शुल्क ज्यादा होने के कारण बहुत कम लोग इसे कराते हैं। ज्यादातर लोग 100 रुपये के स्टाम्प पर किराया समझौता कर लेते हैं, जिसका कोई कानूनी दावा नहीं होता है। स्टाम्प व पंजीयन विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, प्रदेश में एक साल में महज 86 हजार रेंट एग्रीमेंट हुए हैं, जबकि घर से लेकर दुकान और आफिस किराये पर देने वालों की संख्या लाखों में होगी। स्टाम्प शुल्क के नियम सरल और कम करने के प्रस्ताव के साथ ही एक वर्ष तक के एग्रीमेंट वालों के लिए अलग से पोर्टल बनेगा। पोर्टल पर एक तय फार्मेट होगा, जिसे डाउनलोड कर प्रिंट निकाला जा सकेगा। इस फार्मेट को स्टाम्प पर चिपकाने से इसे कानूनी रूप मिल जाएगा। रेंट एग्रीमेंट की रजिस्ट्री न कराने पर मुकदमा भी नहीं लड़ पाएंगे। अपने अधिकार सिद्ध नहीं कर पाएंगे। एग्रीमेंट पर लिखी गई शर्तं ही मान्य होंगी। उन्हीं पर दावा चलेगा।

# सीएम के बेटे का पोस्टर,लिखा- राजा का बेटा राजा नहीं बनेगा

## कांग्रेस ने बीजेपी ऑफिस के बाहर लगाया बैनर, कहा- जनता जिसे चाहेगी राजा वही बनेगा



पटना, 12 फरवरी (एजेंसियां)। सीएम नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार की राजनीति में एंट्री की चर्चा के बीच विरोध भी शुरू हो गया है। कांग्रेस ने पटना में बीजेपी दफ्तर के बाहर पोस्टर लगवाया है। इसमें लिखा है कि- 'राजा के बेटा राजा नहीं बनेगा।' पोस्टर पर एक तरफ नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार की तस्वीर है। वहीं दूसरी तरफ पोस्टर लगवाने वाले रवि गोल्डन कुमार की फोटो है। निशांत की तस्वीर के नीचे तीर का निशाना है तो गोल्डन कुमार के नीचे कांग्रेस पार्टी का चिन्ह है। निशांत कुमार के जेडीयू में आने की चर्चा पिछले साल से ही हो रही है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, कुछ नेता भी चाह रहे हैं कि वे राजनीति में आएं। हालांकि, पार्टी के बड़े नेता लगातार इस तरह की संभावनाओं को खारिज करते रहे हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले भी निशांत की राजनीति में आने की चर्चा ने जोर पकड़ा था।

**हरनौत से पहली बार विधायक बने थे नीतीश कुमार**

सीएम नीतीश कुमार ने अपनी राजनीतिक जीवन की शुरुआत साल 1977 में नालंदा के हरनौत से किया था। उस समय विधानसभा का चुनाव हार गए थे। 1985 में पहली बार यहां से जीतकर विधानसभा पहुंचे थे। कयास यह भी लगाए जा रहे हैं कि निशांत हरनौत से चुनाव भी लड़ सकते हैं।

## 8 साल की मासूम की वैन वैन के टक्कर से मौत फिर 10किमी तक घसीटते हुए ले गया ड्राइवर



पटना, 12 फरवरी (एजेंसियां)। बिहार के पटना से दिल दहला देने वाली खबर सामने आई है। यहां 8 साल की मासूम जब सड़क पार कर रही थी तो सामने से आ रही तेज रफ्तार पिकअप वैन ने उसे टक्कर मार दी। इस कारण बच्ची टायरों के बीच फंस गई। ड्राइवर फिर भी नहीं रुका और वैन को चलाता गया। 10 किलोमीटर आगे जाकर जब वैन को रोका गया तो बच्ची चिथड़े में चिपकी मिली । घटना खुसरूपुर थाना क्षेत्र के हरदास बीघा की है। यहां एक बेलगाम पिकअप वैन के ड्राइवर ने 8 साल की बच्ची को कुचल दिया और उसे करीब 10 किलोमीटर तक घसीटता चला गया, जिससे बच्ची की दर्दनाक मौत हो गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस ने नाकाबंदी कर सालिमपुर थाना क्षेत्र से पिकअप वैन के ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया और वैन को भी जब्त कर लिया। पुलिस ने बच्ची के शव को पोस्टमार्टम के लिए नालंदा मेडिकल कॉलेज भेज दिया है।

# 'राहुल गांधी के सलाहकार गलत विचारधारा वाले'

## गोंडा में पूर्व सांसद बृजभूषण बोले- आज मनुस्मृति का कोई औचित्य नहीं



गोंडा, 12 फरवरी (एजेंसियां)। गोंडा की कैसरगंज लोकसभा सीट से भाजपा के पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के मनुस्मृति पर दिए बयान का जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि देश की परिस्थितियों के अनुसार स्मृतियां बनी हैं। जिस तरह आज संविधान है, उस समय स्मृतियां मौखिक रूप से याद की जाती थीं। बृजभूषण ने कहा कि मनु, चाणक्य और विदुर ने अपने समय की परिस्थितियों के अनुसार व्यवस्थाएं बनाईं। उन्होंने स्पष्ट किया कि वर्तमान में मनुस्मृति का कोई विशेष औचित्य नहीं है। उनका कहना था कि राहुल को पहले यह जानना चाहिए था कि मनु कब पैदा हुए और उस समय की भौगोलिक और सामाजिक स्थिति क्या थी। उस समय न कोई मजहब था और न ही हिंदू-मुस्लिम का भेद। पूर्व सांसद ने कहा कि राहुल गांधी को लगातार चोट पर चोट मिल रही है। उन्होंने दिल्ली चुनावों का उदाहरण देते हुए कहा कि कांग्रेस का वोट प्रतिशत भी नहीं बढ़ा। उनके अनुसार, राहुल गांधी की गलती नहीं है, बल्कि उनके सलाहकार गलत विचारधारा वाले हैं। राहुल वही कहते हैं जो उनके आसपास के लोग उन्हें समझाते हैं। बृजभूषण ने कहा कि राहुल के नेतृत्व में कांग्रेस को लगातार शून्य मिल रहा है।

## दिल्ली से महाकुंभ जाते समय दर्दनाक हादसा, श्रद्धालुओं से भरी बस डंपर में घुसी, 4 की मौत, 13 घायल

फतेहपुर, 12 फरवरी (एजेंसियां)। माघ पूर्णिमा पर संगम में आस्था की डुबकी लगाने के लिए श्रद्धालु देश भर के कोने-कोने से प्रयागराज पहुंच रहे हैं।

इस बीच फतेहपुर जिले के बिंदकी क्षेत्र में बुधवार सुबह एक बड़ा सड़क हादसा हुआ। दिल्ली के उत्तम नगर से कुंभ यात्रियों को लेकर प्रयागराज जा रही ट्रैवेल बस कानपुर प्रयागराज हाईवे पर कल्याणपुर थाना क्षेत्र के दूधी कगार मोड़ के पास गिट्टी भरे डंपर में पीछे से टकराई। इस हादसे में बस चालक समेत चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 13 अन्य यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हादसा इतना भयंकर था कि डंपर ने ट्रैवलर बस को करीब दो किलोमीटर तक घसीटते हुए चला गया। हादसे के तुरंत बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई। ट्रैवलर बस में सवार कुल 21 दर्शनार्थियों में बस चालक सहित चार की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं, 13 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को 108 एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भेजा गया जहां सभी घायलों का इलाज चल रहा है। बताया जा रहा है कि डंपर में फंसी बस को लापरवाही बरतते हुए डंपर चालक खींचकर लेता चला गया।

यह घटना दूधी कगार मोड़ के समीप बुधवार को लगभग सुबह 5:00 बजे हुई।

## उत्तर प्रदेश में फिर बदलेगा मौसमः पछुआ हवाओं से गिरेगा तापमान

# 15 फरवरी के बाद फिर चढ़ेगा पारा



लखनऊ, 12 फरवरी (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश में एक बार फिर मौसम करवट लेने वाला है। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो-तीन दिनों तक प्रदेश में तेज रफ्तार पछुआ हवाएं चलेंगी, जिससे दिन और रात दोनों के तापमान में गिरावट आएगी। इसके चलते लोगों को गर्मी से राहत मिलने की संभावना है। हालांकि 15 फरवरी के बाद पछुआ हवाओं की रफ्तार थमने से तापमान में फिर से बढ़ोतरी होगी। पिछले दो दिनों से प्रदेश भर में दिन के समय तेज धूप और रूखी हवा लोगों को गर्मी का अहसास करा रही है। कई जगहों पर दिन का तापमान सामान्य से अधिक दर्ज किया गया है।

मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ और उष्ण कटिबंधीय जेट धारा के प्रभाव से उत्तर प्रदेश समेत पूरे उत्तर भारत में 25 से 35 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से ठंडी पछुआ हवाएं चलेंगी। इन हवाओं की वजह से शुक्रवार तक दिन के तापमान में 3 से 4 डिग्री सेल्सियस और रात के तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट दर्ज की जा सकती है।

**गर्मी से मिलेगी राहत, लेकिन अस्थायी**

इन ठंडी पछुआ हवाओं के चलते प्रदेशवासियों को हल्की ठंडक का एहसास होगा और गर्मी से थोड़ी राहत मिलेगी। लेकिन, यह राहत ज्यादा दिनों तक नहीं टिकेगी। मौसम विभाग के अनुसार, 15 फरवरी के बाद पछुआ हवाओं की रफ्तार थमने लगेगी और तापमान फिर से बढ़ने लगेगा। इसके बाद दिन का पारा चढ़ेगा और गर्मी का प्रभाव बढ़ने लगेगा।

**किसानों के लिए महत्वपूर्ण जानकारी**

मौसम विभाग ने किसानों को सलाह दी है कि वे इस मौसम परिवर्तन को ध्यान में रखते हुए अपनी फसलों की देखभाल करें। तेज पछुआ हवाओं के कारण नमी की मात्रा घट सकती है, जिससे रबी फसलों पर असर पड़ सकता है।

ऐसे में सिंचाई का सही प्रबंधन करने की जरूरत होगी।

## किराएदार ने मकान मालिक की बेटी के साथ किया रेप

लखनऊ, 12 फरवरी (एजेंसियां)। लखनऊ के चिनहट इलाके में किशोर ने 15 साल की लड़की को शादी का झांसा देकर रेप किया। आरोपी पीड़िता के घर पर किराए से रहता था। मकान खाली करने पर पीड़िता ने घर में रखी दवाइयां खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। घटना की जानकारी होने पर पीड़िता की मां ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़िता की मां ने पुलिस को बताया कि आरोपी घर की दूसरी मंजिल पर अपनी मां के साथ किराए से रहता था। घर के लोग जब काम पर चले जाते तब बेटी को अपने जाल में फंसाने का प्रयास करता। इसके बाद शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने लगा। उसने आठ फरवरी को अचानक मकान खाली कर दिया।

## हिंदू युवक का जबरन धर्म परिवर्तन कर करा रहा था निकाह, मौलाना सहित पांच गिरफ्तार

बिजनौर, 12 फरवरी (एजेंसियां)। एक मुस्लिम युवती और हिंदू युवक के निकाह के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मौलाना कारी सहित पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया है, जिसमें मुस्लिम युवती, उसके माता-पिता और मौलाना कारी शामिल हैं। सभी मिलकर एक हिंदू युवक को जबरन धर्म परिवर्तन करा कर उसका निकाह कराने का प्रयास किया गया। लेकिन जब मामला सामने आया तो निकाह करने वालों में हड़कंप मच गया। पुलिस ने इस मामले में युवक के पिता की तहरीर पर युवती, उसकी मां, उसके पिता और मदरसे के मौलाना के खिलाफ नामजद तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने तहरीर मिलते ही कानूनी कार्रवाही शुरू कर दी है और युवती सहित कुल पांच लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बता दें कि कोतवाली क्षेत्र के गांव पुराना धामपुर हुसैनपुर निवासी जसवंत सिंह ने पुलिस में तहरीर देकर एक रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पिता ने रिपोर्ट में बताया कि उसका बेटा मुकुल धामपुर के एक मेडिकल स्टोर पर कई वर्षों से काम करता है। उसका प्रेम प्रसंग धामपुर के मोहल्ले नई सराय की मुस्लिम युवती सायमा के साथ काफी दिनों से चल रहा था। इस मामले में युवती और युवती की मां, पिता ने मुकुल का धर्म परिवर्तन कर बीते शनिवार को देर रात पुराना धामपुर के एक मदरसे में निकाह कराने का प्रयास किया। धर्म परिवर्तन कर जबरन निकाह के मामला उजागर होने पर युवक के परिजनों में हड़कंप मच गया।

## लोन रिकवर करने पहुंचे बैंक के कर्मचारी पर आया शादीशुदा महिला का दिल पति को छोड़कर रचाई शादी

जमुई, 12 फरवरी (एजेंसियां)। बिहार के जमुई से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां लोन रिकवर करने पहुंचे एक बैंक कर्मचारी पर एक शादीशुदा महिला का दिल आ गया और उसने अपने पति को छोड़कर बैंककर्मी से शादी रचा ली। इस घटना से इलाके में चर्चाओं का बाजार गरम है और लोग हैरानी जता रहे हैं। जमुई में लोन रिकवर करने पहुंचे एक बैंक कर्मी पर महिला का दिल आ गया और महिला ने पति को छोड़कर प्रेमी बैंक कर्मी के साथ भागकर शादी कर ली। दोपहर करीब 2 बजे त्रिपुरारी घाट स्थित भूतनाथ मंदिर में दोनों ने हिन्दू रीति-रिवाज व विधि विधान के साथ शादी की। इस शादी का वीडियो भी वायरल हो रहा है, जो लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। हालांकि इस शादी को देखने के लिए काफी लोग भी पहुंचे थे। दरअसल लछुआड़ थाना क्षेत्र के जाजल गांव निवासी उपेंद्र प्रसाद के पुत्र पवन कुमार चकाई स्थित एक बैंक में काम करता है। लोन की रिकवरी के लिए वह गांव- गांव घूमता था। इस दौरान कुछ माह पहले पवन कुमार की मुलाकात सोनो थाना क्षेत्र के कर्मा टांड़ गांव निवासी पिंटू शर्मा की पुत्री इंदिरा कुमारी से हुई। पवन कुमार हमेशा लोन रिकवरी के लिए जाया करता था। इसी बीच इंदिरा कुमारी का दिल पवन कुमार पर आ गया। फिर दोनों के बीच मोबाइल पर बातें होने लगी। दोनों का प्यार इतना परवान चढ़ा कि इंदिरा कुमारी ने पति को छोड़ा और घर से भागकर प्रेमी पवन कुमार से शादी रचा ली।

# पप्पू यादव ने राजस्थान के कैबिनेट मंत्री मीणा और हरियाणा बीजेपी अध्यक्ष को लेकर पार्टी पर खड़े किए सवाल



पूर्णिया, 12 फरवरी (एजेंसियां)। बिहार के पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने बीजेपी पर सवाल खड़े किए गए हैं। उन्होंने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि बीजेपी ने एक आदिवासी नेता किरोड़ीलाल मीणा को कारण बताओ नोटिस जारी किया पर, हरियाणा के बलात्कार के आरोपी प्रदेश अध्यक्ष से कोई सवाल नहीं पूछा। शायद राम रहीम की तरह बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष को बलात्कार के लिए सत्कार किया जाएगा, है न चाल, चेहरा और चरित्र का बेमिसाल मिसाल यही है बीजेपी।

**किरोड़ीलाल मीणा को क्यों मिला नोटिस?**

बता दें कि पप्पू यादव ने जिन आदिवासी नेता किरोड़ीलाल मीणा का जिक्र किया है वे राजस्थान से हैं। राजस्थान बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ की तरफ से कैबिनेट मंत्री किरोड़ी लाल मीणा को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। नोटिस में मीणा से पार्टी विरोध गतिविधियों और अनुशासनहीनता को लेकर दिन तक के अंदर जवाब मांगा गया है। दरअसल, पिछले दिनों किरोड़ी लाल मीणा ने एक कार्यक्रम के दौरान अपनी ही सरकार पर जासूसी कराने और फोन टैपिंग के आरोप लगाए थे। उन्होंने कहा कि मेरी जासूसी हो रही है फोन टैप किया जा रहा है। मीणा के आरोपों के बाद राजस्थान की राजनीति में भूचाल आया हुआ है। विधानसभा में विपक्ष ने भी इस मुद्दे को लेकर जमकर हंगामा किया।

**हरियाणा बीजेपी अध्यक्ष पर लगे रेप के आरोप?**

इसके अलावा पूर्णिया सांसद ने हरियाणा के बीजेपी अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली पर लगे रेप के आरोपों को लेकर भी बीजेपी को घेरा है। दरअसल, बीते साल दिसंबर में एक महिला ने शिकायत दर्ज कराई कि जुलाई 2023 में हिमाचल के कसौली के एक होटल में बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली और सिंगर रॉकी मित्तल ने उसके साथ रेप किया। हालांकि बीजेपी नेता बडौली ने मामले को साजिश बताते हुए इसे झूठा करार दिया। पप्पू यादव ने एक्स पोस्ट में राम रहीम का भी जिक्र किया है। दरअसल, साध्वियों से यौन शोषण के आरोपी राम रहीम को कई बार पैरोल दी जाती रही है जिसको लेकर सरकार पर भी सवाल खड़े होते रहे हैं।

## मुस्लिम से सनातनी बने वसीम रिजवी उर्फ जितेंद्र नारायण ने संगम में लगाई डुबकी, बोले- बहुत खुशी मिली



प्रयागराज, 12 फरवरी (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश शिया वक्फ बोर्ड के पूर्व चेयरमैन वसीम रिजवी मंगलवार को महाकुंभ पहुंचे। उन्होंने संगम में आस्था की डुबकी लगाई। कहा कि संगम स्नान करने के बाद बहुत खुशी मिल रही है। उन्होंने घोषणा की कि अपनी खुशी से इस्लाम धर्म छोड़कर सनातन धर्म अपनाने वालों का स्वागत है। वह एक संगठन तैयार कर रहे हैं। जिसमें सनातन धर्म में आने वाले लोगों की आर्थिक मदद की जाएगी। कारोबार शुरू करने में भी सहायता की जाएगी।

## मुकेश सहनी की पार्टी ने बुलाई बड़ी बैठक, बिहार में चुनाव से पहले किसी ठोस फैसले की तैयारी

पटना, 12 फरवरी (एजेंसियां)। बिहार में विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टियां रणनीति बनाने में जुट गई हैं। इसी साल के अंत में चुनाव होना है ऐसे में कोई कमी न रहे जाए इसलिए पार्टियों के नेता बैठक कर रहे हैं। विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) ने भी अपनी तैयारी शुरू कर दी। विकासशील इंसान पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष सहनी ने राष्ट्रीय एवं प्रदेश कार्यकारिणी की दो दिवसीय बैठक बुलाई है। आठ और नौ मार्च को वाल्मीकि सभागार, वाल्मीकि राष्ट्रीय उद्यान (वाल्मीकि नगर) में बैठक होगी। इसके लिए पार्टी से जुड़े राष्ट्रीय एवं प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्यों को सूचना भेज दी गई है। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता देव ज्योति ने बताया कि आठ मार्च (शनिवार- दोपहर 12.05 से शाम 5.00 बजे तक) को राष्ट्रीय कार्यकारिणी एवं जिला अध्यक्ष/जिला प्रभारी की बैठक आयोजित की गई है। वहीं नौ मार्च (रविवार- सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक) को राष्ट्रीय कार्यकारिणी एवं प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक होगी।

इस दौरान अमर शहीद जुब्बा सहनी शहादत दिवस समारोह और होली मिलन समारोह का भी आयोजन किया गया है।

# मेरठ में भ्रूण लिंग की जांच करते हुए रंगे हाथों पकड़ी गई महिला डॉक्टर, हरियाणा से आई टीम ने चार को किया गिरफ्तार

मेरठ, 12 फरवरी (एजेंसियां)। लाख सख्ती के बावजूद शहर में भ्रूण लिंग जांच का गंदा धंधा रुक नहीं पा रहा है। स्थानीय अफसर अनजान बने हुए हैं। एक बार फिर हरियाणा की टीम ने गढ़ रोड स्थित ग्लोबल डायग्नोस्टिक सेंटर में भ्रूण लिंग की जांच करते हुए डॉक्टर छवि बंसल को रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। साथ ही सेंटर के कर्मचारी और दलालों को भी दबोचा गया है। ये रैकेट पर्ची कटवाकर सामान्य अल्ट्रासाउंड कराता था। उसके बाद भ्रूण के लिंग की जांच की जाती थी। गर्भ में बेटा है या बेटी बताकर गर्भवती महिलाओं से मोटी रकम वसूली जाती थी। मेडिकल थाने के गढ़ रोड पर डॉक्टर छवि बंसल ग्लोबल डायग्नोस्टिक सेंटर संचालित करती हैं। छवि बंसल पर विभाग को तीन



माह पहले शक हुआ था। सुबह हरियाणा के रोहतक की टीम ने कलक्ट्रेट में भ्रूण लिंग जांच को लेकर एक प्रजेंटेशन दिया। इसके बाद सिटी मजिस्ट्रेट की अनुमति से रोहतक के डॉ। विश्वजीत सिंह ने टीम ने स्थानीय टीम को साथ लेकर ग्लोबल डायग्नोस्टिक सेंटर पर पहुंची।

**तीन महीने से एजेंट के संपर्क में था टीम का सदस्य**

टीम का सदस्य अनुज करीब तीन माह से एजेंट पवन के संपर्क में था। अनुज ने पवन से कहा था कि उसे पत्नी की भ्रूण लिंग जांच करानी है, जिसकी एवज में पवन ने 20 हजार रुपये मांगे। उसके बाद अनुज को पत्नी के संग पवन ने मंगलवार को टीम को बुलाया। टीम जब यहां पर पहुंची तो पवन ने हेमेंद्र कुमार और अनिल कुमार से मिलवाया। अनुज से हमेंद्र और अनिल ने रकम ले ली। अनुज की पत्नी बनकर आई महिला को पवन सेंटर के अंदर ले गया और टीम बाहर खड़ा होकर इंतजार करने लगी। कुछ देर के बाद पवन बाहर आया और उसने बताया कि उनकी रिपोर्ट पॉजिटिव है। इतना कहते ही टीम ने सेंटर के अंदर छापा मार दिया। छापे के दौरान वहां से टीम ने पवन, हेमेंद्र, अनिल कुमार और डायग्नोस्टिक सेंटर की मालिक डॉक्टर छवि बंसल को गिरफ्तार कर लिया। सभी को मेडिकल थाने में लाया गया। देर रात टीम के नोडल अधिकारी डॉ। विश्वजीत ने चारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। इंस्पेक्टर शीलेश यादव ने बताया कि हरियाणा की टीम द्वारा दी गई तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया। साथ ही महिला डाक्टर और उसके कर्मचारी एवं एजेंट को गिरफ्तार कर लिया।

# एचएएल पर भरोसा नहीं! एयरफोर्स चीफ के बयान के बाद एक्टिव हुई कंपनी

### बोली- जल्द शुरू होगी आपूर्ति



नई दिल्ली, 12 फरवरी (एजेंसियां)। हल्के लड़ाकू विमान 'तेजस' के निर्माता हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने आश्वासन दिया कि वह जल्द भारतीय वायुसेना को विमान की आपूर्ति शुरू कर देगा और तकनीकी दिक्कतें दूर हो गई हैं। इस संबंध में वायुसेना प्रमुख एपी सिंह द्वारा चिंता जताए जाने की खबरों के बीच यह जानकारी सामने आई है। एचएएल के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक डी के सुनील ने कहा, देरी केवल उद्योग में सुस्ती के कारण नहीं हुई है। उन्होंने एयरो इंडिया 2025 कार्यक्रम में पत्रकारों से कहा, कुछ तकनीकी दिक्कतें थीं, जिन्हें सुलझा लिया गया है। वायुसेना प्रमुख की चिंता जायज है। सुनील के अनुसार, विभिन्न स्तरों पर बैठकें हो चुकी हैं और केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रम एचएएल जल्द विमान की आपूर्ति करेगा। उनकी यह प्रतिक्रिया वायुसेना प्रमुख एयर मार्शल एपी सिंह द्वारा एक कथित वीडियो में भारतीय वायुसेना को तेजस की आपूर्ति में देरी पर चिंता जताने की खबरों के बीच आई है। भारतीय वायुसेना प्रमुख ने तेजस मार्क 1-ए को लेकर कुछ टिप्पणियां की थी, जो सोशल मीडिया पर वायरल हैं। वायुसेना प्रमुख ने कहा था फिलहाल, मुझे एचएएल पर भरोसा नहीं है। मुझे 11 विमानों का आश्वासन दिया गया था, लेकिन यहां हमारे पास केवल 4 हैं। यह तभी होगा जब यह हथियार दागेगा। असफलता कोई विकल्प नहीं है।

# गृह मंत्री अमित शाह से मिले सिकंदर कुमार

## हिमाचल बीजेपी अध्यक्ष की दौड़ में शामिल! चर्चाओं का बाज़ार गर्म



शिमला, 12 फरवरी (एजेंसियां)। जल्द ही हिमाचल प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी को नया अध्यक्ष मिलने वाला है। दिल्ली चुनाव के नतीजे घोषित होने के बाद अब कभी-भी नए अध्यक्ष की घोषणा की जा सकती है। नए अध्यक्ष की घोषणा के इंतज़ार के बीच दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से राज्यसभा सांसद डॉ. सिकंदर कुमार ने मुलाक़ात की है। डॉ। सिकंदर की इस मुलाकात के बाद हिमाचल प्रदेश में सियासी चर्चाओं का बाज़ार गर्म हो गया है।

**चर्चाओं ने फिर पकड़ा जोर**

भारतीय जनता पार्टी से राज्यसभा सांसद डॉ। सिकंदर कुमार मौजूदा वक़्त में हिमाचल भाजपा के महामंत्री हैं। राज्य में उनकी पहचान एक अर्थशास्त्री के तौर पर भी है। वे हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के कुलपति भी रह चुके हैं। कुलपति रहते हुए ही भारतीय जनता पार्टी ने उन्हें राज्यसभा सांसद बनाया था। इसके बाद उन्होंने कुलपति का पद छोड़ सांसद का पद ग्रहण किया। डॉ. सिकंदर कुमार का नाम लंबे वक्त से अध्यक्ष के तौर पर चर्चाओं में है। साल 2023 में डॉ। राजीव बिंदल को जब दोबारा पार्टी ने अध्यक्ष पद की कमान सौंपी, तब भी सिकंदर कुमार के अध्यक्ष बनने की चर्चा जोरों पर थी।

**अध्यक्ष पद के प्रबल दावेदार हैं सिकंदर कुमार**

अब जबकि भारतीय जनता पार्टी को नया अध्यक्ष मिलने वाला है, तब भी सिकंदर कुमार का नाम प्रबल दावेदारों की सूची में शामिल है। इस मुलाकात ने उन अन्य नेताओं की धुकधुकी बढ़ा दी है, जो इस दौड़ में शामिल हैं। एक और खास बात यह है कि सिकंदर कुमार हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के गृह विधानसभा क्षेत्र नादौन से संबंध रखते हैं।

**राजनीति में संकेतों का बड़ा महत्व!**

हालांकि राज्यसभा सांसद डॉ। सिकंदर कुमार ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात के बाद तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा की है। उन्होंने इस मुलाकात को विकास कार्यों के लिए धन मुहैया करवाने और दिल्ली चुनाव में भाजपा की जीत के लिए बधाई देने के लिए बताया है। राजनीति में संकेतों का बड़ा महत्व होता है। ऐसे में इस संकेत को भी बड़े संकेत के तौर पर ही देखा जा रहा है।

# यूपीएससी की तैयारी कर रही छात्रा की दर्दनाक मौत, जमीन गिरवी रखकर पढ़ा रहे थे पिता



इंदौर, 12 फरवरी (एजेंसियां)। इंदौर में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रही एक छात्रा की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। वह अपनी सहेली के साथ सड़क पार कर रही थी, तभी तेज रफ्तार से आई एक बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी। यह छात्रा मूल रूप से खरगोन जिले की रहने वाली थी, जिसे उसके पिता ने बड़े सपनों के साथ पढ़ाई के लिए इंदौर भेजा था। आजाद नगर पुलिस के मुताबिक, 3 फरवरी की रात पवनपुरी पालदा क्षेत्र में श्रुति चौहान अपनी सहेली रेनु के साथ सड़क पार कर रही थी, तभी अचानक एक तेज रफ्तार बाइक ने दोनों को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में श्रुति के सिर में गंभीर चोटें आईं, जबकि रेनु के हाथ-पैर में फ्रैक्चर हो गया। दोनों को पहले एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन श्रुति की हालत बिगड़ने पर उसे एमवाय अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

घटना के दिन दोनों छात्राएं मेडिकल स्टोर से दवाई लेने जा रही थीं, तभी यह हादसा हुआ। श्रुति पिछले दो सालों से इंदौर में आकार कोचिंग क्लास में यूपीएससी की तैयारी कर रही थी। उसने खरगोन के कॉलेज से बीई किया था और सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी के लिए इंदौर आई थी। परिवार ने अपनी जमीन गिरवी रखकर उसे पढ़ाई के लिए भेजा था, लेकिन यह हादसा उनके सपनों पर पानी फेर गया।

# 'अगर पीएम मार्सिले में सावरकर को याद करते हैं तो यह गर्व की बात', राउत ने पीएम मोदी को सराहा





मुंबई, 12 फरवरी (एजेंसियां)। शिवसेना (उद्धव बालासाहब ठाकरे) सांसद संजय राउत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ की है। दरअसल, पीएम मोदी इस वक्त फ्रांस में हैं। अपनी तीन दिवसीय यात्रा के दौरान पीएम मोदी मार्सिले शहर की यात्रा पर भी गए थे और यहां उन्होंने वीर सावरकर को याद किया था। इस पर संजय राउत ने कहा कि अगर प्रधानमंत्री वहां जाते हैं और उन्हें (वीर सावरकर) याद आते हैं तो इसमें कुछ गलत नहीं है। यह हमारे लिए गर्व की बात है। इससे पहले पीएम मोदी ने रात (स्थानीय समयानुसार) मार्सिले पहुंचने के बाद सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'मार्सिले पहुंचा हूं। भारत के स्वतंत्रता के संघर्ष में यह शहर विशेष महत्व रखता है। यहीं पर महान वीर सावरकर ने भाग निकलने का साहसिक प्रयास किया था।' उन्होंने कहा, 'मैं मार्सिले के लोगों और उस समय के फ्रांसीसी कार्यकर्ताओं को भी धन्यवाद देना चाहता हूं, जिन्होंने मांग की थी कि उन्हें ब्रिटिश हिरासत में नहीं सौंपा जाए। वीर सावरकर की बहादुरी पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी।' ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन के दौरान स्वतंत्रता सेनानी विनायक दामोदर सावरकर ने आठ जुलाई, 1910 को अंग्रेजों की कैद से भागने का प्रयास किया था, जब उन्हें मुकदमे के लिए ब्रिटिश जहाज मोरिया से भारत लाया जा रहा था।

ऐसा माना जाता है कि सावरकर ने जहाज के 'पोर्टहोल' से फिसलकर बाहर निकलने का प्रयास किया और तैर कर तट तक पहुंचने में कामयाब हो गए थे, लेकिन फ्रांसीसी अधिकारियों ने उन्हें पकड़ लिया और फिर उन्हें ब्रिटिश जहाज अधिकारियों की हिरासत में वापस सौंप दिया। इससे एक बड़ा कूटनीतिक विवाद खड़ा हो गया था। सावरकर को अंडमान-निकोबार द्वीप समूह की सेल्युलर जेल में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई।

# महाराष्ट्र में लाडली बहनों के खंगाले जा रहे आधार और पैन कार्ड

## मंत्री बोले योजना से बाहर हो जाएं ऐसी महिलाएं

नागपुर, 12 फरवरी (एजेंसियां)। पूरे महाराष्ट्र में लाडली बहनों के आधार कार्ड और पैन कार्ड खंगाले जा रहे हैं। नागपुर में लाडली बहनों की संख्या 15 लाख से ज्यादा है। तमाम शर्तों और मानकों के बावजूद अमीर महिलाएं इस योजना का लाभ ले रही हैं। कई धनी लाडली बहनों ने भी योजना का लाभ उठाया है। जिम के फॉर्म और रिजेक्ट किया जा रहे हैं। महाराष्ट्र सरकार ने इस योजना को लागू करते समय स्पष्ट किया था कि सरकार की किसी भी योजना का लाभ लेने वाली महिलाओं को इसका लाभ नहीं मिलेगा। नौकरीपेसा और पेंशन भोगी महिलाओं को भी इस योजना का लाभ नहीं मिलेगा। इनकम टैक्स भरने वाली और चार पहिया वाहन रखने वाली महिलाओं को भी इसका लाभ नहीं मिलेगा। लाडली बहनों के बंपर आंकड़े से प्रशासन चौक गया था। अब इस योजना की समीक्षा की जा रही है। महिला एवं बाल कल्याण विभाग द्वारा किए गए सत्यापन की प्रक्रिया शुरू की गई है। इसमें कुछ आंकड़े चौंकाने वाले आ रहे हैं। नागपुर में 1228 बहनों के पास चार पहिया वाहन है। आरटीओ ने इन महिलाओं का रिजेक्शन महिला बाल कल्याण विभाग को दिया है, जिसमें कहा गया है कि महिलाओं के पास चार पहिया वाहन है ,जो योजना का लाभ ले रही है। कुछ उन महिलाओं के भी नाम सामने आए जो किसान योजना का लाभ ले रही है। कुछ संजय गांधी निराधार योजना का भी लाभ ले रही हैं। इन सभी महिलाओं को मिलने वाला लाभ अब बंद कर दिया जाएगा।

# आप सरकार के जाते ही सीबीआई का बड़ा एक्शन, डीटीसी के छह अधिकारी गिरफ्तार




नई दिल्ली, 12 फरवरी (एजेंसियां)। दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार की विदाई के साथ ही सीबीआई ने बड़ा एक्शन लेते हुए दिल्ली परिवहन विभाग के छह अधिकारियों को भ्रष्टाचार और रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी के हाल में दिल्ली विधानसभा चुनाव हारने के बाद दिल्ली में यह पहली बड़ी कार्रवाई है। अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई को दिल्ली परिवहन विभाग में व्यापक भ्रष्टाचार के खिलाफ शिकायतें मिल रही थीं। उन्होंने बताया कि गिरफ्तारी से पहले शिकायतों की निगरानी और वेरिफाई करने का फैसला लिया गया। शिकायतों के वेरिफिकेशन के क्रम में प्रथम दृष्टया दिल्ली परिवहन निगम में विभिन्न स्तरों पर भ्रष्टाचार के संकेत मिले, नतीजतन ये गिरफ्तारियां की गईं।

**सरकार जाते ही मुश्किलें बढ़ीं**

बता दें कि दिल्ली की सत्ता से जाते ही आम आदमी पार्टी की मुश्किलें बढ़ती ही जा रही है। उधर पार्टी के विधायक अमनतुल्लाह खान की तलाश में पुलिस की टीमें दबिश दे रही है। दिल्ली पुलिस ने सोमवार को जामिया नगर में पुलिस टीम पर हमले का नेतृत्व करने के आरोप में ओखला विधायक अमानतुल्लाह खान के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। पुलिस के अनुसार, अमानतुल्लाह खान ने हत्या के प्रयास के मामले में भगोड़े आरोपी की हिरासत से भागने में मदद की। यह घटना जामिया नगर इलाके में उस समय हुई जब दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने हत्या के प्रयास के एक मामले में वांछित शाबाज खान को गिरफ्तार करने का प्रयास किया। आप विधायक अमानतुल्लाह खान के समर्थकों के पुलिस टीम के साथ कथित तौर पर भिड़ने के कारण शाबाज मौके से भाग गया।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, हमले के समय अमानतुल्लाह खान घटनास्थल पर मौजूद थे, जिससे आरोपी भागने में सफल रहा। हाल में हुए दिल्ली विधानसभा चुनाव में ओखला विधानसभा सीट पर अमानतुल्लाह खान ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के मनीष चौधरी को 23,639 वोट से हराया। इस चुनाव में खान को 88,392 वोट मिले जबकि भाजपा के चौधरी ने 65,304 वोट प्राप्त किए। खान ने ओखला से लगातार तीसरी बार चुनाव जीता है।

# पंजाब में पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप

### सीएम भगवंत मान ने गरीब छात्रों के लिए 55.45 करोड़ किये जारी

चंडीगढ, 12 फरवरी (एजेंसियां)। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान सरकार ने पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना अनुसूचित जाति (एससी) को लेकर बड़ा ऐलान किया है। पंजाब सरकार ने अनुसूचित जाति (एससी) के छात्रों के लिए योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए राज्य की हिस्सेदारी के रूप में 55.45 करोड़ रिलीज़ किया है। इस पहल से स्वीकृत बजट से 86,583 छात्रों को लाभ होगा। सीएम भगवंत सिंह मान का कहना है कि हमारी सरकार का मिशन है कि राज्य में युवाओं को रोजगार मिले, आमजनों को इलाज की अच्छी सुविधा मिले, किसानों को खेती किसानी में आसानी हो- पंजाब सरकार लगातार इन मुद्दों के साथ काम कर रही है। पंजाब सरकार का उद्देश्य है कि आर्थिक अभाव में किसी बच्चे की पढ़ाई ना छूटे। पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप योजना के तहत गरीब छात्रों के साथ शिक्षा पूरी करने में कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं छात्रों की आर्थिक मदद की जाती है।मान सरकार का मानना कि पढ़े-लिखे युवा ही पंजाब का भविष्य और वर्तमान बेहतर बनाएंगे। इसलिए मान सरकार ऐसे हर जरूरी कदम उठा रही है, जिससे पंजाब के स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों और युवाओं को लाभ मिले पंजाब विकास की उड़ान भर रहा है। मान सरकार द्वारा किए जा रहे कामों से आने वाले समय में पंजाब में बड़ा बदलाव दिखेगा। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान का कहना है कि रंगला पंजाब के हर वादे को पूरा करने के लिए पूरी तत्परता से काम हो रहा है। शिक्षा व्यवस्था में सुधारों पर मान सरकार विशेष ध्यान दे रही है। पंजाब में मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देश पर सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले गरीब छात्रों को बड़ी मदद मिली है।

# बाघों के शिकार को लेकर डब्ल्यूसीसीबी का बड़ा अलर्ट, कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में बढ़ी चौकसी



बांधवगढ़, 12 फरवरी (एजेंसियां)। देशभर में बाघों की सुरक्षा को लेकर वाइल्ड लाइफ क्राइम कंट्रोल ब्यूरो (डब्ल्यूसीसीबी) ने बड़ा अलर्ट जारी किया है। मध्य प्रदेश के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में हाल ही में हुए बाघ के शिकार के बाद उत्तराखंड के कॉर्बेट टाइगर रिजर्व को भी अलर्ट पर रखा गया है। डब्ल्यूसीसीबी ने चेतावनी दी है कि शिकारियों के कई बड़े गिरोह सक्रिय हैं, जो बाघों का शिकार करने की ताक में हैं। इसके बाद से कॉर्बेट प्रशासन ने सुरक्षा के इंतजाम बढ़ा दिए हैं। कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में वनकर्मियों की पैदल गश्त तेज कर दी गई है, ड्रोन कैमरों से निगरानी की जा रही है और साथ ही हाथियों और सैटेलाइट तकनीक की मदद से जंगल के हर हिस्से पर नजर रखी जा रही है। कुछ दिनों पहले मध्य प्रदेश के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में एक व्यस्क बाघ का शिकार किया गया था। यह घटना सामने आने के बाद डब्ल्यूसीसीबी ने पूरे देश में बाघों की सुरक्षा को लेकर अलर्ट जारी किया है।

**भारत सरकार को बाघों के शिकार को लेकर मिली जानकारी**

डब्ल्यूसीसीबी के मुताबिक, मध्य भारत के टाइगर रिजर्व सबसे ज्यादा खतरे में हैं। खासतौर पर मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ में बाघों के शिकार की आशंका जताई गई है। यहां शिकारियों के संगठित गिरोह सक्रिय हैं, जो बेहद शातिर तरीके से बाघों का शिकार करते हैं और उनके अंगों की तस्करी करते हैं। कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के डायरेक्टर डॉ। साकेत बडोला ने बताया कि टाइगर पोचिंग (बाघों के अवैध शिकार) से जुड़ी कुछ अहम जानकारियां भारत सरकार द्वारा साझा की गई हैं। इनमें शिकारियों की मूवमेंट और संभावित शिकार के इलाकों के बारे में जानकारी दी गई है। चूंकि कॉर्बेट टाइगर रिजर्व भारत के प्रमुख टाइगर रिजर्व में से एक है और यहां करीब 250 से ज्यादा बाघ हैं, इसलिए इसे भी अलर्ट पर रखा गया है।

**सेटेलाइट तकनीक से गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है**

कॉर्बेट प्रशासन ने शिकारियों की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने के लिए गश्त बढ़ा दी है। ड्रोन कैमरों से जंगल के संवेदनशील इलाकों की निगरानी की जा रही है। हाथियों के जरिए दूर-दराज के इलाकों में पेट्रोलिंग बढ़ा दी गई है। सैटेलाइट तकनीक की मदद से भी गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है।

# भारत-म्यांमा सीमा पर 173.73 करोड़ रुपये मूल्य की 'मेथामफेटामाइन' गोलियां जब्त

आइजोल, 12 फरवरी (एजेंसियां)। मिजोरम के चंफाई जिले में भारत-म्यांमा सीमा पर 173.73 करोड़ रुपये मूल्य की 'मेथामफेटामाइन' की गोलियां जब्त की गई हैं। असम राइफल्स ने बुधवार को एक बयान में यह जानकारी दी। बयान में कहा गया है कि गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए असम राइफल्स और मिजोरम पुलिस ने संयुक्त रूप से नौ फरवरी को जोखावथर में एक सीमा चौकी पर 57.9 किलोग्राम 'मेथामफेटामाइन' जब्ती की। बयान में कहा गया है कि संयुक्त टीम ने अवैध खेप ले जा रहे संदिग्ध व्यक्तियों को देखा और उन्हें रोक लिया। हालांकि, संदिग्ध सामान छोड़कर वहां से फरार हो गए। बयान में कहा गया है कि पुलिस ने 173.73 करोड़ रुपये मूल्य की खेप जब्त कर ली है और मामले की जांच की जा रही है। 'मेथामफेटामाइन' को 'आइस' या 'क्रिस्टल मेथ' के नाम से भी जाना जाता है जिसका इस्तेमाल नशे के लिए किया जाता है।

यह स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक हो सकता है। वहीं, आपको बता दें कि 5 दिन पहले मिजोरम में पुलिस के दो अलग-अलग अभियानों में प्रतिबंधित मेथमफेटामाइन टैबलेट और हेरोइन की तस्करी के आरोप में म्यांमा के तीन नागरिकों और असम के एक निवासी को गिरफ्तार किया था। आबकारी विभाग के प्रवक्ता पीटर जोहमिंगथांगा ने कहा कि म्यांमा की सीमा से सटे चम्फाई जिले के जोटे तियाऊ गांव में आबकारी अधिकारियों और असम राइफाल्स के जवानों ने एक संयुक्त अभियान में 2.2 किलोग्राम वजनी मेथमफेटामाइन की 20,200 टैबलेट जब्त कीं थी।

# एकनाथ शिंदे के सम्मान पर शरद पवार से नाराज हुए उद्धव ठाकरे! महाविकास अघाड़ी में बढ़ी तकरार



मुंबई, 12 फरवरी (एजेंसियां)। महाराष्ट्र की राजनीति दिलचस्प होती जा रही है। सूत्रों के मुताबिक शरद पवार के हाथों एकनाथ शिंदे को मिले सम्मान से उद्धव ठाकरे नाराज हैं। बताया जा रहा है कि उद्धव ठाकरे की इस नाराजगी का असर महाविकास अघाड़ी पर पड़ सकता है। दरअसल, कल दिल्ली में शरद पवार के हाथों एकनाथ शिंदे को महादजी शिंदे राष्ट्रीय गौरव पुरस्कार दिया गया। ठाकरे सेना सूत्रों के मुताबिक उद्धव ठाकरे ने शरद पवार के हाथों पर एकनाथ शिंदे को सम्मानित किए जाने पर नाराजगी जताई है। सूत्रों के मुताबिक शिवसेना (यूबीटी) का कहना है कि कि शिवसेना तोड़ने वाले एकनाथ शिंदे का सम्मान शरद पवार को नहीं करना चाहिए। शरद पवार को ठाकरे परिवार की भावनाओं का सम्मान करना चाहिए था। उधर, शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने कहा, क्या आप जानते हैं कि यह पुरस्कार किसने दिया? राजनीतिक नेताओं को दिए जाने वाले ऐसे पुरस्कार या तो खरीदे जाते हैं या बेचे जाते हैं। बता दें कि एकनाथ शिंदे को दिल्ली में होने वाले 98वें अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन के उपलक्ष्य में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की मौजूदगी में पवार द्वारा महादजी शिंदे राष्ट्र गौरव पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस मौके पर एकनाथ शिंदे ने इस मौके पर शरद पवार की तारीफ भी की। शिंदे ने कहा कि यह उनसे सीखने वाली बात है कि राजनीतिक क्षेत्र से परे जाकर अच्छे संबंध कैसे बनाकर रखे जा सकते हैं। एकनाथ शिंदे ने कहा, ''पवार गुगली गेंदें भी फेंकते हैं, जिन्हें समझना मुश्किल होता है। मेरे पवार के साथ अच्छे संबंध हैं, लेकिन उन्होंने मुझे कभी 'गुगली' नहीं फेंकी। मुझे पूरा भरोसा है कि वह भविष्य में भी मुझे गुगली नहीं फेंकेंगे।'' शिंदे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह महाराष्ट्र के साथ चट्टान की तरह खड़े हैं, जिससे ढाई साल की कम अवधि में राज्य में विकास कार्य सुनिश्चित हुए। एकनाथ शिंदे ने कहा कि शरद पवार महाराष्ट्र में इतने कम समय में हुए विकास कार्यों के भी गवाह रहे हैं। शिंदे ने आगे कहा, ''वह (पवार) मुझे अक्सर फोन करते हैं। किसी को पवार से सीखना होगा कि राजनीतिक सीमाओं से परे जाकर रिश्ते कैसे बनाकर रखे जाते हैं।'' बता दें कि दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में 98वां अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन 21 से 23 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा।

# चोरी के आरोपी के सीने और पेट में उठा तेज दर्द, जम्मू के अस्पताल में हुई मौत



जम्मू, 12 फरवरी (एजेंसियां)। जम्मू में एक हफ्ते पहले चोरी के एक मामले में गिरफ्तार किए गए व्यक्ति की सीने और पेट में तेज दर्द की शिकायत के बाद यहां एक अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने मंगलवार देर रात जारी कर बयान में कहा कि वर्तमान में जम्मू के त्रिकुटा नगर में रह रहे मध्य प्रदेश के मूल निवासी सुरेश अनुरागी को, 4 फरवरी को बहू फोर्ट पुलिस थाने में दर्ज चोरी के एक मामले में दो अन्य सहयोगियों के साथ गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने कहा कि आरोपी द्वारा सीने और पेट में तेज दर्द की शिकायत करने पर उसे तुरंत जिला पुलिस अस्पताल जम्मू ले जाया गया और उसके परिवार को भी सूचित किया गया। उन्होंने कहा कि आरोपी को बाद में इलाज के लिए शाम करीब 4 बजे सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया। लेकिन रात करीब साढे 9 बजे उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने कहा, अनुरागी का परिवार इलाज के दौरान अस्पताल में उसके साथ मौजूद था।

**नशे का आदी था आरोपी**

उन्होंने कहा कि मजिस्ट्रेट जांच के लिए अनुरोध किया गया है और कानून के प्रावधान के अनुसार घटना के बारे में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) को भी सूचना भेजी गई है। पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम के लिए अनुरोध किया गया है जो बुधवार को अस्पताल में किया जाएगा। पुलिस ने मृतक की मां के हवाले से बताया कि आरोपी की उम्र 20 वर्ष थी और वह नशे का आदी था और उसे पहले भी नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती कराया गया था।

# दिल्ली पुलिस को मिली बड़ी सफलता, शातिर चोर गिरफ्तार, लाखों रुपये कैश भी बरामद

नई दिल्ली, 12 फरवरी (एजेंसियां)। दिल्ली के शाहदरा में पुलिस ने एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर उसके पास से 2.5 लाख रुपये की चोरी की गई नकदी बरामद की है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मोहम्मद ताज़ीम पुत्र अली मुराद, निवासी न्यू गोविंदपुरा, जगतपुरी, शाहदरा, दिल्ली के रूप में हुई है। डीसीपी शाहदरा ने बताया कि 31 जनवरी को सुबह 6 बजे थाना फरश बाजार में गली नंबर 6ए, विश्वास नगर, शाहदरा, दिल्ली में चोरी की सूचना प्राप्त हुई। इस संबंध में पुलिस कंट्रोल रूम (पीसीआर) से कॉल मिलने पर यह मामला सब-इंस्पेक्टर टिंकू को सौंपा गया। डीसीपी ने बताया कि वह हेड कांस्टेबल कृष्णवीर के साथ मौके पर पहुंचे और शिकायतकर्ता आशीष वर्मा पुत्र सुरेंद्र वर्मा का बयान दर्ज किया। जिसके बाद मौके पर क्राइम टीम को भी बुलाया गया। जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए,

# ये देखो टीचर होकर छात्राओं से पैर दबवा रही है

### क्लास के कैमरे में कैद हो गई मैडम जी की पूरी हरकत



भोपाल, 12 फरवरी (एजेंसियां)। हर मां-बाप यह चाहते हैं कि उनके बच्चे अच्छी पढ़ाई करके अपने भविष्य में अच्छे पदों पर नियुक्त हो जाएं ताकि उनका जीवन सुधर जाए। इसके लिए सभी लोग अपनी क्षमता के मुताबिक अच्छे से अच्छे स्कूल में उनका दाखिला करवाते हैं और उन्हें वहां पढ़ने के लिए भेजते हैं। लोग उस स्कूल की टीचर्स पर पूरा भरोसा करते हैं कि वो उनके बच्चों को अच्छे से पढ़ाएंगे मगर सोचिए क्या हो अगर उन्हीं में से कोई टीचर आपके बच्चे को पढ़ाने की जगह अपने पैर दबवाने लगे। हैरान हो गए मगर ऐसा एक मामला मध्य प्रदेश के सिवनी से सामने आया है। इसका एक वीडियो भी सामने आया है जिसमें वो छात्राओं से अपने पैर दबवाती नजर आ रही है। आइए आपको पहले यह बताते हैं कि वीडियो में क्या नजर आया और फिर बताते हैं कि पोल खुलने के बाद महिला टीचर का क्या कहना है। अभी सोशल मीडिया पर जो वीडियो वायरल हो रहा है वो कुल तीन अलग-अलग वीडियो हैं। दो वीडियो में वो बच्चों से अपने पैर दबवाती नजर आ रही हैं। पहले वीडियो में नजर आता है कि महिला टीचर एक बेंच पर बैठी हुई हैं और कुछ नन्ही छात्राएं नीचे बैठकर उस महिला टीचर के पैर दबा रही हैं। दूसरे वीडियो में नजर आ रहा है कि टीचर जमीन पर एक दरी पर बैठी हुई है। उनके पैरों पर एक किताब रखा हुआ है और सामने बैठी छात्राएं उनके पैर को दबा रही हैं। मैडम जी की यह पूरी हरकत क्लास में लगे कैमरे में रिकॉर्ड हो गई और अब वायरल हो रहा है।

स्वतंत्र वार्ता

गुरुवार, 13 फरवरी - 2025

# आप का क्या होगा जनाबेआली

दिल्ली विधानसभा चुनावों में भाजपा की जीत के उतने चर्चे नहीं हैं जितने कि आप के हार के। ऊपर से हार का तडका कांग्रेस पर जिस तरह से लग रहा है वह भी कम दिलचस्प नहीं है। आप और इंडिया गठबंधन के साथी आप के हार का ठीकरा कांग्रेस पर ही फोड रहे हैं। यहां तक कि पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी ने अभी से एकला चलो रे की घोषणा कर दी है। इससे गठबंधन के अन्य सहयोगी भी कांग्रेस से किनारा करने की बात करने लगे हैं। यहां तक कि कांग्रेस के भीतर भी कांग्रेस के रुख को लेकर विरोध के स्वर उभरने लगे हैं। केजरीवाल की पार्टी ने इस बार 43.57% वोट हासिल कर 22 सीटें हासिल कीं। इसके बावजूद उसके सामने पार्टी बिखराव का खतरा मंडरा रहा है। दिल्ली विधानसभा में जहां बीजेपी के लिए खुशियों का कमल खिला है, वहीं शून्य का हैट्रिक लगाने के बावजूद कांग्रेस को इस बात का संतोष है कि आप को निपटा दिया है। लेकिन जो बात इस नतीजे को ऐतिहासिक बनाती है, वह है आंदोलन से निकली पार्टी आप का हश्र। उसकी इस हार के विपक्षी ब्लॉक इंडिया पर पड़ने वाले गंभीर असर से भी इनकार नहीं किया जा सकता। देखा जाए तो लोकतंत्र में किसी पार्टी के लिए, चुनाव हारकर सत्ता से बाहर होना कोई नई बात नहीं है। फिर यह भी है कि लगातार दो चुनावों में विपक्ष का लगभग सफाया कर देने वाली आम आदमी पार्टी भले ही सत्ता से बाहर हो गई हो, लेकिन 43.57% वोट उसे इस बार भी मिले हैं। 22 विधायक भी निर्वाचित हुए हैं उसके। यानी मजबूत विपक्ष की भूमिका का विकल्प उसी के पास है। फिर भी इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि इन नतीजों के बाद पार्टी अब तक के अपने सबसे मुश्किल दौर में आ गई है। आंदोलन से निकले इस पार्टी की ताकत इतनी ज्यादा थी कि इसने वैकल्पिक राजनीति के सपनों को पंख लगा दिए थे। इसके सबसे बड़े नेता अरविंद केजरीवाल ईमानदारी और सादगी के पोस्टर बॉय बनकर पूरे देश में छा गए थे। लेकिन जब से वे और उनके नेता जेल गए तब से न केवल केजरीवाल की उस साख पर बट्टा लगा है बल्कि वैकल्पिक राजनीति का दावा भी कमजोर पड़ा है। पार्टी के केंद्र में हमेशा से केजरीवाल ही रहे। पूरी पार्टी को एकजुट रखने के लिए वे अपने कंधे को मजबूत करते रहे। अब न केवल दिल्ली की सत्ता उनके हाथ से चली गई है बल्कि वह खुद अपना चुनाव भी हार गए। उन पर कई मुकदमे अलग से चल रहे हैं। ऐसे में पार्टी के बिखराव दिखना स्वभाविक है। वे भी इस खतरे को भांप रहे हैं, इसीलिए आनन-फानन में पंजाब के विधायकों की मीटिंग बुला कर सबको एकजुट रहने का संकल्प दिलाया है। फिर भी सवाल अपनी जगह बना हुआ है कि क्या वे संभावित खतरे से उबर सकते हैं। दिल्ली के इन चुनावों में जिस तरह से आप और कांग्रेस आमने-सामने दिखी और विपक्षी गठबंधन के कई प्रमुख घटक दल आप का स्पष्ट रूप से पक्ष लेते दिखे, उसके बाद इस विवाद का बढ़ना लगभग तय है। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री के उस ट्वीट से यह और स्पष्ट हो गया जिसमें उन्होंने दोनों पार्टियों पर तंज कसते हुए कहा था- और लड़ो आपस में। देखना होगा कि विपक्षी खेमे का यह विवाद कहां तक आगे बढ़ता है और गठबंधन इससे कैसे निपटता है। बिहार में भी चुनाव निकट है वहां भी गठबंधन को लेकर कांग्रेस और राजद में अजमंजस की स्थिति देखने के संकेत मिलने लगे हैं।

# बीजेपी को उम्मीदों पर खरा उतरना होगा!




मनोज अग्रवाल

हाल ही में दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को मिली जीत कई मायने में ऐतिहासिक है, क्योंकि इसका प्रभाव सिर्फ दिल्ली तक सीमित नहीं रहकर देश की राजनीतिक पर भी व्यापक प्रभाव पड़ेगा। इस चुनाव परिणाम का राजनीतिक असर भी दूरगामी होंगे, क्योंकि एक तरफ जहां भाजपा की जीत से केंद्र में सत्तारूढ़ 'एनडीए' की एकजुटता मजबूत होगी, वहीं देश की प्रमुख विपक्षी पार्टी कांग्रेस के नेतृत्व वाले इंडिया गठबंधन में बिखराव को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही दिल्ली की सत्ता हासिल करने से भाजपा को राष्ट्रीय स्तर पर एक मनोवैज्ञानिक बढ़त मिल सकती है वहीं आम आदमी पार्टी के पतन की पटकथा बन सकती है। आप जानते हैं कि दिल्ली के चुनावों में जहां इस बार 'आप' तीसरी बार अपनी सरकार बनाने के लिए प्रयत्नशील थी, वहीं भाजपा ने ये चुनाव जीतने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा रखा था और इसमें प्रचंड बहुमत से सफलता प्राप्त करके लगभग 27 वर्ष बाद देश की राजधानी पर शासन करने जा रही है।

'आप' ने अपने पहले कार्यकाल में मध्यम तथा निम्न मध्यम वर्ग के लिए कई काम किए, जिनका उन्हें लाभ भी मिला पर दूसरे कार्यकाल में उसकी वह रफ्तार न रही और पार्टी के नेता अनेक आरोपों में घिरे और जेल गए।

वहीं महाराष्ट्र और हरियाणा की हालिया जीत के बाद पार्टी का आत्मविश्वास और बढ़ गया है। 27 साल बाद मिली यह जीत भाजपा के लिए एक अहम मोड़ साबित हो सकता है। इससे पहले 1993 से 1998 तक सत्ता में रही भाजपा ने लगभग तीन दशकों की हार का सिलसिला तोड़ दिया है। इस जीत का श्रेय पार्टी पीएम मोदी के नेतृत्व को पार्टी की योजनाओं को दे रही है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि दिल्ली में चुनाव में प्रधानमंत्री मोदी की अहम भूमिका है। भाजपा ने 2014 के बाद हर चुनाव पीएम मोदी के चेहरे पर लड़ा है। दिल्ली में भी आम आदमी पार्टी ने सीएम कैंडिडेट घोषित किया था, लेकिन भाजपा ने मोदी के फेस पर चुनाव लड़ा। नतीजे बता रहे हैं कि मोदी का जादू कायम है। भाजपा की जीत में पीएम की लोकप्रियता और चुनावी कैंपेन की सबसे बड़ी भूमिका रही है। पीएम मोदी की साफ सुथरी छवि, विकास और राष्ट्रीय सुरक्षा को लेकर स्पष्ट दृष्टिकोण लोगों को पसंद आया। 11 साल के उनके कार्यकाल को दिल्ली के लोगों ने नजदीक से जाना समझा है और यही वजह है कि दिल्ली में जनता का मूड बदल दिया। इसमें कोई दोमत नहीं है कि इस चुनावी नतीजे ने भाजपा को नया संजीवनी दे दिया है। दिल्ली की सत्ता हासिल करने से भाजपा को राष्ट्रीय स्तर पर एक मनोवैज्ञानिक बढ़त मिल गई है। वहीं महाराष्ट्र और हरियाणा की हालिया जीत के बाद पार्टी का आत्मविश्वास और बढ़ गया है। तीसरी बार दिल्ली के मुख्यमंत्री बनने का सपना देख रहे अरविंद केजरीवाल को इस चुनाव में करारा झटका लगा। आम आदमी पार्टी (आप) की मुख्य चुनावी घोषणाओं मुफ्त बिजली और महिलाओं को 2,100 रुपये का भत्ता देने से जुड़ी थीं, लेकिन जनता ने भाजपा को मौका दिया। आप कभी ईमानदार राजनीति और जनहितैषी योजनाओं के दम पर सत्ता में आई थी, लेकिन भ्रष्टाचार के आरोपों ने इसकी छवि को बुरी तरह प्रभावित किया। कथित शराब घोटाले में केजरीवाल और उनके दो मंत्री जेल में हैं, जिस पर विपक्ष ने जमकर हमला बोला।

# महाराष्ट्र में गुलियन-बैरी सिंड्रोम की संख्या बढ़ी



अशोक भाटिया

मुंबई शहर में गुइलेन-बैरे सिंड्रोम (GBS) के कारण पहली मृत्यु की सूचना मिली है। इससे इस बीमारी से मरने वालों की संख्या आठ हो गई है। वडाला निवासी 53 वर्षीय मृतक की पहचान बी.एन। देसाई अस्पताल में वार्ड बॉय था। उन्हें नायर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उन्हें वेंटिलेटर पर रखा गया, लेकिन रिपोर्टों के अनुसार अंततः उनकी बीमारी से मृत्यु हो गई।कुछ दिन पहले यह खबर सामने आई थी कि मुंबई में एक 64 वर्षीय महिला इस बीमारी से संक्रमित हो गई है। यह मृत्यु इस सिंड्रोम से पीड़ित पहले रोगी के पता चलने के कुछ ही दिनों बाद हुई। इस महिला को दस्त और बुखार था। इसके बाद पक्षाघात हुआ, जो इस रोग का एक प्रमुख लक्षण है। एक रिपोर्ट के अनुसार, अकेले पुणे में गिलियन-बैरे सिंड्रोम के संदिग्ध और पुष्ट मामलों की संख्या 197 तक पहुंच गई है। यह जानकारी पांच और मरीज पाए जाने के बाद सामने आई। महाराष्ट्र में कुल मौतों की संख्या आठ हो गई है। महाराष्ट्र में गुलियन-बैरी सिंड्रोम इसके ज्यादातर मामले पुणे और इसके आस-पास के इलाकों में देखने को मिल रहे हैं। असम में भी इसके कुछ मामले सामने आएं हैं। बता दें कि पहले राज्य के पुणे से ही गुइलेन-बैरे सिंड्रोम के मामले सामने आ रहे थे। हालांकि, पुणे के बाद अब नागपुर में भी इस बीमारी के मरीज बढ़ रहे हैं। जानकारी के मुताबिक, दो मरीजों को वेंटिलेटर पर रखा गया है। गुइलेन-बैरे सिंड्रोम के मामले के सामने आने के बाद नागपुर सहित विदर्भ के सरकारी अस्पताल अलर्ट मोड पर आ गए हैं। लोगों को डॉक्टर की सलाह बिना दवाई ना लेने की सलाह दी गई है।

इससे होने वाली मौतों की वजह से लोगों में इसे लेकर डर का माहौल हैं। AIMS के पीडियाट्रिक न्यूरोलॉजिस्ट डॉक्टर विजय शर्मा बताते हैं कि गुलियन -बैरी सिंड्रोम जिसे शॉर्ट में जीबीएस कहते हैं एक रेयर न्यूरोलॉजिकल डिसऑर्डर है, जिसके मामले आमतौर पर हर एक लाख लोगों में से एक या दो में देखने को मिलते हैं। इस बीमारी में हमारा इम्यून सिस्टम ही हमारी पेरिफेरल नर्व्स पर हमला कर देता है।

दरअसल हमारा शरीर किसी इंफेक्शन से लड़ने के लिए जो एंटीबॉडीज बनाता है वो नसों के ऊपर की कवरिंग जिसे मायलिन शीथ कहते हैं उस पर हमला करने लगते हैं। जिसकी वजह से मांसपेशिया कमजोर हो जाती हैं और हमारे हाथ-पैर ठीक से काम करना बंद कर देते हैं। इस बीमारी को जीबीएस कहते हैं जो एक बहुत रेयर बीमारी है। जीबीएस बीमारी संक्रामक नहीं है लेकिन यह बीमारी जिस कारण से हो रही है वो अगर बढ़ जाए तो जीबीएस के मरीजों की संख्या भी बढ़ने लगेगी। इसलिए यह आउटब्रेक ज्यादातर वॉटर बर्न इंफेक्शन, या गंदे हाथ का इस्तेमाल करने से या गंदे खाने से होता है। अगर इन वजह से आपको कोई इंफेक्शन होता है तो आपकी बॉडी उससे लड़ने के लिए एंटीबॉडी बनाती है। एंटीबॉडी उस इंफेक्शन का तो काम तमाम कर देती है, लेकिन फिर ये एंटीबॉडी हमारे शरीर में जो नर्व्स हैं उनको फॉरेन बॉडी समझ के उनपर भी अटैक करने लगती है। इस बीमारी को जीबीएस कहते हैं।

आमतौर पर इस बीमारी में ब्रेन इंवॉल्वमेंट नहीं होता है। यह शुरू होता है पैरों की कमजोरी से और धीरे-धीरे फिर यह ऊपर की ओर बढ़ता है, जिससे हमें हाथों में भी कमजोरी महसूस होने लगती है फिर हमारे सांस लेने के रेस्पिरेटरी मसल्स को भी यह अफेक्ट करने लगता है, जिसकी वजह से मरीज को सांस लेने में दिक्कत होने लगती है, शरीर के दूसरे अंगों पर भी इसका असर पड़ सकता है।

मान लीजिए आपको कैम्पिलोबैक्टर इन्फेक्शन (Campylobacter infection ) या पेट इंटेस्टाइनल इंफेक्शन हुआ और आप उससे ठीक भी होने लगते हैं लेकिन उसके बाद जब एंटीबॉडी आपकी नर्व्स पर हमला करने लगती है, इसकी वजह से सबसे पहले जो जीबीएस के लक्षण नजर आते हैं वो हैं पैरों में कमजोरी, दर्द, खड़े होने में दिक्कत महसूस होना, चलने में दिक्कत होना।डॉ. ने बताया कि इन्फेक्शन होने के हफ्ते दो हफ्ते बाद ही नर्वस सिस्टम के कमजोर होने पर इसके लक्षण नजर आने लगते हैं, क्योंकि सर्दी, खांसी, पेट खराब जैसी बीमारियां तो आमतौर पर होती रहती हैं और ठीक भी हो जाती है। लेकिन जब मरीज को कमजोरी या दर्द होने लगे पैर में और यह कमजोरी हर दिन बढ़ रही हो तो उसे तुरंत डॉक्टर के पास जाना चाहिए। ये कमजोरी नीचे से ऊपर की ओर बढ़ती है। आम तौर पर इसकी शुरुआत पैरों से होती है फिर जांघों में उसके बाद कमर में फिर हाथों में महसूस होने लगती है। धीरे-धीरे सांस लेने में भी मरीज को तकलीफ महसूस होने लगती है क्योंकि इसका असर रेस्पिरेटरी मसल्स पर भी पड़ने लगता है। इस वजह से मरीज को वेंटिलेटर पर रखना पड़ता है।

जब मरीज हमसे पैरों में दर्द या झुनझुनी की शिकायत करता है, तो हम देखते हैं कि उसके मसल्स का पावर कैसा है। अगर मसल्स में जितना जोर होना चाहिए वो उतना नहीं है तो हम ये पता करने के लिए कि इस बीमारी में क्या नर्व इवॉल्वड हैं, कुछ टेस्ट करते है जिससे पता चल सके की GBS है या नहीं।हम मरीज के ब्रेन का MRI स्कैन करते है वो नॉर्मल आता है, क्योंकि GBS ब्रेन को अफेक्ट नहीं करता है यह हमारे पेरिफेरल नर्व्स जो हाथ पैर में जा रहे हैं उस पर हमला करता है। इसके बाद फिर स्पाइन का स्कैन किया जाता है। अगर GBS है को नर्व में हमें सूजन या इन्फ्लेमेशन के फीचर्स दिखने लगते हैं जिससे पता चल जाता है।

एक और इंपॉर्टेंट इन्वेस्टिगेशन है वो है नर्व कंडक्शन स्टडी (Nerve Conduction Study)। इसमें हम देखते हैं कि मस्तिष्क से जो इलेक्ट्रिकल एक्टिविटी आ रही है वो कितनी तेजी से हाथों और पैर के निचले हिस्सों में पहुंचती है। अगर उसकी स्पीड कम हो जाती और उसकी वोल्टेज भी कम होता है तो जीबीएस हो सकता है। इसके अलावा हम रीड की हड्डी में जो पानी होता है उसको निकाल भी जांच करते हैं कि जीबीएस है कि नहीं।

जैसा कि आपको बताया कि एंटीबॉडीज पेरिफेरल नर्व्स के ऊपर जो कवरिंग होती है उसे अटैक करने लगते हैं, तो वहां अगर हम इन एंटीबॉडीज को टिकने नहीं दे तो यह इसका एक इलाज है। इसके लिए हम लोग इंट्रावीनस इम्यूनोग्लोबुलिन देते हैं, ये नर्व के ऊपर जो कवरिंग के रिसेप्टर्स है उससे ये बना बनाया एंटीबॉडी अटैच हो जाता है, जिससे जो जीबीएस वाली एंटीबॉडी है वो वहां अटैच नहीं हो पाते हैं। इस तरह बीमारी को बढ़ने से रोक लिया जाता है।लेकिन जरूरी है कि ये इलाज जल्दी शुरू किया जाए ताकि ज्यादा फायदा हो सके और इससे हम लोग इस बीमारी की गंभीरता को भी कम कर सकते हैं। यह एक सबसे इंपॉर्टेंट शुरुआती इलाज है इसके अलावा और भी कई इलाज है।

एक इलाज है प्लाज्मा फेरेसिस इसमें हम मरीज के खून को निकाल के स्पेशल फिल्टर से गुजारने के बाद फिर पंप बैक कर देते हैं। इस तरह जीबीएस वाले एंटीबॉडीज को हटा लिया जाता है।इसके अलावा इलाज के लिए हम कभी-कभी स्टेरॉयड (Steroids) का भी इस्तेमाल करते हैं। स्टेरॉइड इंफ्लेमेशन को कम करता है जिससे जीबीएस वाले एंटीबॉडी की संख्या कम होने लगती है। जीबीएस के यह तीन मुख्य इलाज हैं जिससे हम बीमारी की गंभीरता को कम कर सकते हैं।

इस बीमारी से ठीक होने में हफ्तों से महीने लग सकते हैं।ये डिपेंड करता है कि पेशेंट की बॉडी कितनी जल्दी रिकवर हो रही है या जो माइलिन की परत डैमेज हो चुकी है वह कितने जल्दी ठीक हो रही है। जीबीएस की कोई वैक्सीनेशन नहीं है लेकिन हमारा शरीर इंफेक्शन से लड़ने के लिए जो एंटीबॉडीज बनाता है जो बाद में माइलिन शीथ को डैमेज करने लगती है उन एंटीबॉडीज की संख्या या क्वांटिटी कम करने के लिए हम लोग इम्यूनोग्लोबुलिन का इस्तेमाल करते हैं जो काफी महंगा होता है। लेकिन यह जीबीएस की वैक्सीन नहीं है।

गुइलेन-बैरे सिंड्रोम (जीबीएस) से बचने के उपाय के बारे में डॉक्टर बताते है कि लोगों को घर का बना खाना खाएं बाहर खाने से बचें।उबाल कर या फिल्टर करके पानी पिएं । हाथों को अच्छी तरह धोने के बाद ही खाना खाएं।

# एआई चैटबॉट युग में भी जीवन को रोशन कर रहा है रेडियो



सुनील महला

आज का युग सूचना क्रांति का युग है, एडवांस एआई तकनीक का युग है। विज्ञान ने आज इतनी अधिक तरक्की कर ली है कि सूचना क्रांति और एआई तकनीक के इस आधुनिक युग में आज हमारे पास मनोरंजन के अनेक साधन उपलब्ध हैं।प्राचीन काल में मनोरंजन के साधन आखेट, कथा-कहानी, आपबीती, तैराकी, घुड़सवारी, पर्यटन, चौसर, खेल-तमाशे, कुश्ती, कबड्डी,ताश, शतरंज ,कला, प्रदर्शन, नृत्य, संगीत, बाजे,नाटक, मेले, सामाजिक सभाएं(चौपाल),ढ़ोलक, हारमोनियम पर गाना आदि हुआ करते थे और मनुष्य इन साधनों के द्वारा मनोरंजन किया करता था। पहले के जमाने में आज की तरह न इंटरनेट की उपलब्धता ही थी और न ही स्मार्ट फ़ोन,लैपटॉप, टीवी ही हुआ करता था। कहना ग़लत नहीं होगा कि पहले के जमाने में मनोरंजन के सीमित संसाधन थे। वैसे पुराने जमाने में मनोरंजन का एक बड़ा साधन जो रहा है, वह 'रेडियो' है। कहना ग़लत नहीं होगा कि रेडियो जानकारी प्रदान करने, लोगों को शिक्षित करने, संस्कृतियों के बीच अभिव्यक्ति की अनुमति देने और निश्चित रूप से, हमारे सभी पसंदीदा संगीत बजाने का एक शानदार और सशक्त मंच है।

चाहे तकनीक कितनी भी उन्नत क्यों न हो जाए, रेडियो एक अपूरणीय माध्यम है, खासकर प्राकृतिक या मानव निर्मित आपदाओं के दौरान। सच तो यह है कि रेडियो आज प्रसारण का वह माध्यम है जो मनोरंजन, स्थानीय समाचार, खेल अपडेट, चर्चाएँ, बढ़िया संगीत प्रदान करता है, और मार्केटिंग का भी एक प्रभावी तरीका है। आज सोशल नेटवर्किंग साइट्स के इस आधुनिक युग में भी रेडियो की प्रासंगिकता समय के साथ बिल्कुल भी कम नहीं हुई है और आज 13 फरवरी है- 'विश्व रेडियो दिवस।' पाठकों को बताता चलूं कि पहला रेडियो प्रसारण 1895 में गुग्लिल्मो मार्कोनी द्वारा किया गया था और संगीत और बातचीत का रेडियो प्रसारण, जिसका उद्देश्य व्यापक दर्शकों के लिए था, प्रयोगात्मक रूप से, कभी-कभी 1905-1906 के आसपास अस्तित्व में आया।

यह भी उल्लेखनीय है कि जेम्स क्लर्क मैक्सवेल ने सबसे पहले रेडियो की संभावना का प्रस्ताव रखा था।साल 1920 के दशक की शुरुआत में रेडियो व्यावसायिक रूप से अस्तित्व में आया और लगभग तीन दशक बाद रेडियो स्टेशन अस्तित्व में आए और 1950 के दशक तक रेडियो और प्रसारण प्रणाली दुनिया भर में एक आम वस्तु बन गई। वास्तव में विश्व रेडियो दिवस का उद्देश्य रेडियो के महत्व के बारे में जनता और मीडिया के बीच अधिक जागरूकता बढ़ाना है। इस दिन का उद्देश्य रेडियो स्टेशनों को अपने माध्यम से सूचना तक पहुंच प्रदान करने और प्रसारकों के बीच नेटवर्किंग और अंतरराष्ट्रीय सहयोग बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करना भी है। बहरहाल,भले ही आज के युग के बारे में कोई ये समझे कि आज का मल्टीप्लेक्स सिनेमा का युग है या सोशल नेटवर्किंग साइट्स का युग है। लेकिन रेडियो का महत्व आज भी कम नहीं हुआ है। शहरों में सिटी बसें दौड़ रहीं हों या आटो-टैक्सियां आपको इनमें रेडियो बजता हुआ सुन जाएगा। आज स्थान स्थान पर बहुत से कम्युनिटी रेडियो सेंटर्स खुल गये हैं अथवा एफ.एम. की बहार है। सिटी बसेज में तो एफ.एम. का अपना अलग ही आनंद है। आप दिल्ली चले जाइए, जयपुर घूम आइए या किसी अन्य बड़े शहर की सैर कर आइए, आपको रेडियो मिर्ची, समाचार जरूर ट्यून होते मिलेंगे। चाय की थड़ियों में, दुकानों में अखबार पढ़ने के साथ ही आपको रेडियो सुनने का आनंद लेते लोग मिल जाएंगे।

आज भागमभाग भरी व दौड़-धूप भरी इस जिंदगी में भी रेडियो की एक अपनी अलग ही महत्ता व खूबी है। गांवों में आज भी बहुत से लोग बड़े चाव से रेडियो सुनते हैं, क्योंकि रेडियो अनपढ़ और पढ़े-लिखे दोनों ही लोगों का परम मित्र है।

रेडियो वह शक्तिशाली माध्यम है जो लोकतान्त्रिक विमर्श के लिए एक शानदार मंच का निर्माण करता है। रेडियो संचार का सबसे अच्छा व बेहतरीन माध्यम है। वास्तव में रेडियो एक ऐसी सेवा है जो दुनियाभर में सूचनाओं का आदान प्रदान करती है। यह बात सत्य है कि आज के समय में अधिकतर लोगों के लिए रेडियो पुराने जमाने की बात हो गई है, परंतु रेडियो बुजुर्गों के लिए आज भी मनोरंजन का एक अत्यंत सशक्त साधन व शानदार माध्यम है। मोबाइल फोन के अधिक प्रयोग से अन्य वर्गों का इससे रुझान पहले से काफी कम हुआ है। लेकिन आज भी रेडियो पर हम सभी समाचार सुनतें हैं, कृषि संबंधी विभिन्न जानकारियां सुनते हैं, सरकार की योजनाओं के बारे में सुनते हैं, रेडियो फोन- इन -प्रोग्राम सुनते हैं, यहाँ तक कि नाटक,कहानी,वार्ता व विज्ञापन तक सुनते हैं। महानगरों में सिटी बसों में रेडियो ही बजता सुनाई देता है और इससे सवारियों का अच्छा खासा मनोरंजन होता है। वास्तव में सूचनाओं को आदान प्रदान करने में रेडियो की जो भूमिका है, वह किसी अन्य साधन की अब तक नहीं है, क्योंकि रेडियो सूचनाओं का प्रसार करने का सबसे शक्तिशाली और सस्ता माध्यम है।

वैसे विश्व रेडियो दिवस की शुरुआत वर्ष 2011 में की गई थी।साल 2010 में स्पेन रेडियो अकादमी ने 13 फरवरी को विश्व रेडियो दिवस मनाने के लिए पहली बार प्रस्ताव दिया था। साल 2011 में यूनेस्को के सदस्य देशों ने इस प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया और 13 फरवरी को विश्व रेडियो दिवस मनाने की घोषणा की। बाद में साल 2012 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने भी इसे अपना लिया। फिर उसी साल 13 फरवरी को पहली बार यूनेस्को ने विश्व रेडियो दिवस मनाया। गौरतलब है कि इटली के पीसा विश्वविद्यालय में प्रथम विश्व रेडियो दिवस के लिए एक कार्यक्रम आयोजित किया गया था।

पहली बार 13 फरवरी, 2012 को विश्व रेडियो दिवस आयोजन में विश्व की प्रमुख प्रसारक कंपनियों को बुलाया गया था जिसमें 44 भाषाओं में कार्यक्रम प्रसारित करने वाली दुनिया की सबसे बड़ी एवं पुरानी कंपनी रेडियो रूस भी शामिल हुई थी।

भारत में 1936 में 'इंपीरियल रेडियो ऑफ इंडिया' की शुरुआत हुई थी जो आजादी के बाद 'ऑल इंडिया रेडियो' के नाम से विख्यात हुआ। वर्ष 1957 में ऑल इंडिया रेडियो का नाम बदलकर 'आकाशवाणी' कर दिया गया। 'बहुजन हिताय, बहुजन सुखाय' के अपने ध्येय वाक्य के साथ आकाशवाणी 27 भाषाओं में शैक्षिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक, सामाजिक, खेलकूद, युवा, बाल एवं महिला तथा कृषि एवं पर्यावरण संबंधी प्रस्तुतियों से संपूर्ण देश को एकता के सूत्र में पिरोते हुए सुवासित परिवेश निर्मित कर रही है। साथ ही शेष विश्व को भारतीय संस्कृति और साहित्य से परिचित भी करा रही है। 2 अक्टूबर, 1957 को स्थापित 'विविध भारती' ने 1967 से व्यावसायिक रेडियो प्रसारण शुरू कर नए युग में प्रवेश किया।

# वो झूठ भी बोलेगा और लाजवाब कर देगा



डॉ टी महादेव राव

मैं सच ही कहूंगा पर
कोई यकीं नहीं करेगा
वो झूठ भी बोलेगा और
लाजवाब कर देगा

आजकल कमोबेश यही बात हो रही है हमारे आसपास, राज्यों और राष्ट्र में भी। सारे के सारे लोग झूठ की नींव पर अपने आलीशान सत्ता, अधिकार, पद और पैसा बना रखा है। सच बोलने में घबराते हैं और झूठ के शहंशाह बन जाते हैं। मुंह खोले तो बस झूठी बातें और वादे।

क्षेत्र के बड़े भैया से मिलने गया एक काम से। सोफे में वे बड़े मगन होकर पुराने गाने सुन रहे थे दिल सच्चा और चेहरा झूठा दिल को देखो चेहरा न देखो।

उनके कहने पर पास के सोफे में बैठा। मैंने अपने आने का मकसद बताया। वे बोले अरे आधे घंटे पहले बताते। काम हो जाता, अब तो मुमकिन नहीं है।

मैं जानता था यह सच नहीं है। इतने में उनका पी ए आया और एक कागज़ पर उनका दस्तखत लिया। उसी काम का कागज़ जिसके लिए मैं आया था लेकिन किसी और का।

वे बेझिझक बोले यह कल से पड़ा रिक्वेस्ट था। पी ए चला गया। गाना भी बदल गया झूठ बोले कव्वा काटे। वे खिसियाने से मुझे मुस्कुराते देखते रहे।

खैर कोई बात नहीं। भैया आप बापू को मानते हैं? राजा हरिश्चंद्र को जानते हैं?

हां मैंने दोनों के बारे में जानता हूं लेकिन मैं उन्हें नहीं मानता, क्योंकि वे सच्चाई के लिए मर मिटे और बताओ क्या हासिल किया? गांधी जी गोलियों से भून दिए गए और सारा जीवन कष्ट उठाकर राजा कभी डोम कभी दास का जीवन बिताते रहे। मैं थोड़ा अलग सोचता हूं। इसलिए आप सच्चाई से दूर भागते हैं। सिर्फ झूठ बोलते हैं, झूठ के सिवा कुछ भी नहीं। है न? तुम शायद गुस्से में हो। खैर। सच बोलकर कौन सा खजाना मिल जाएगा जो झूठ बोलकर नहीं मिलेगा? आज की दुनियां झूठ फरेब और धोखे पर टिकी है। झूठ बोलकर वोट ले लिए कि कल्याण करेंगे पर कल्याण अपना करते हैं। सब्जबाग दिखाकर उन्हें सपनों की दुनियां में सैर कराने के धोखे दिए जाते हैं।

सही है लेकिन कब तक यह सब चलेगा? कभी न कभी तो जनचेतना जागृत होगी तब? तुम्हें क्या लगता है वह दिन आएगा। मुझे नहीं लगता।

लोग बस एक भीड़ हैं और भीड़ की चाहे लोगों की हो या भेड़ों की मानसिकता एक सी होती है। आपका ज्ञान तो महान है।

पच्चीस सालों से राजनीति में हूं। इतना तो जानता हूं। गाना बज रहा था सजन रे झूठ मत बोलो खुदा के पास जाना है। मैं चला आया झूठों के सरदार से बिदा लेकर।

# केजरीवाल की पार्टी पहली बार विपक्ष में बैठेगी

शिवानंद मिश्रा

आइडियोलॉजिकली वामपंथी पार्टियां विपक्ष में बैठने के लिए बहुत उपयुक्त होती हैं। ये विपक्ष में ही सर्वाइव करती हैं, अपना कमिटेड कैडर बेस बनाती है। विपक्ष में रहते हुए उसके सदस्य और कार्यकर्ता अपनी कुर्बानियाँ देते हैं, अपनी पार्टी और विचारधारा से उस भावनात्मक स्तर पर जुड़ते हैं जहाँ तर्क उनको नहीं हिला पाते। विपक्ष में रहते हुए उनके हीरो तैयार होते हैं जिनकी स्मृति उन्हें पार्टी से जोड़े रखती है।

लेकिन आप पार्टी इस मामले में अपवाद है।

यह पहले दिन से ही सत्ता में है। सत्ता में रहते हुए उनका एक अलग सस्टेनेबल मॉडल होता है। वे अपना एक लाभार्थी वर्ग खड़ा करते हैं।

वे लोगों को लाभ के पदों पर बिठाते हैं, उन्हें छोटे छोटे रोजगार देते हैं। किसी को मोहल्ला क्लिनिक में बिठा दिया,किसी को होमगार्ड बना कर घुसा दिया। उसके निठल्ले बैठे कैडर का पंद्रह बीस हजार का इंतजाम कर दिया। वे पंद्रह बीस हजार राजधानी में चुटकी बजाकर कमाए जा सकते हैं पर मुफ्त में मिले पैसों का स्वाद ही कुछ और है।

आप के साथ समस्या यह है कि इसके पास एक लाभार्थी कैडर तो है लेकिन आइडियोलॉजिकल समर्पित कैडर नहीं है और लाभार्थी कैडर अच्छे दिनों में तो साथ रहते हैं लेकिन सत्ता की संभावना के छंटते ही छिटक कर दूसरी जगह स्कोप खोजने निकल जाते हैं।

अगर सरकार केजरीवाल के भ्रष्टाचार के मामलों की ठीक से जांच करके उसे अपने तार्किक निष्कर्ष तक या उसके आस पास भी पहुंचाने में सफल होती है तो यह आप का अन्त हो सकता है।

केजरीवाल खुद जितना शातिर और चालाक है, उतना ही लगभग उसके कैडर में शामिल लोग भी हैं। पार्टी का हर कार्यकर्ता एक पोटेंशियल केजरीवाल है जो केजरीवाल के गिरते ही गिद्धों की तरह उसका मांस नोचने पहुंच जायेगा । उसकी राजनीतिक अंत्येष्टि की प्रतीक्षा भी नहीं करेगा। ये चुनाव जनरेशन गैप का एक उत्कृष्ट उदाहरण सिद्ध हुआ। पुराना जमाना गया ज़ब कोई नायक की तरह आता था।

आपातकाल के दौरान भारतीय राजनीति मे कई नए नेता पैदा हुए,लालू और मुलायम बेहतरीन उदाहरण थे। दशकों तक लगभग दो पीढ़ियों को मूर्ख बनाकर अपने अपने राज्यों को अपंग बनाया और खुद जातियों के आधार पर नेता बने रहे।

कुछ इसी तरह अरविन्द केजरीवाल दिल्ली की राजनीति मे घुसे। क्रांति, लोकपाल और आम आदमी जैसे की वर्ड्स के साथ केजरीवाल ने खुद को बेचा और लोगो ने खरीद भी लिया।

वह शीला दीक्षित के खिलाफ जहर उगलता था, शीला दीक्षित को सबसे बेकार मुख्यमंत्री घोषित किया लेकिन पिछले 10 वर्षो मे उसने एक ही बात सिद्ध की कि शीला दीक्षित उसके मुकाबले तो बेहतरीन मुख्यमंत्री थी।

अरविन्द केजरीवाल ने जनता को भावनात्मक मुद्दों मे उलझाने की पूरी कोशिश की लेकिन यहाँ जनरेशन गैप अब इतना हो चुका है कि दिल्ली के वोटर ने मन बना लिया था कि इस बार मूर्ख नहीं बनना है।

देश का युवा थोड़ा स्वाभिमानी भी है. जब केजरीवाल कामचोरी करते हुए LG और केंद्र के एक्सक्यूज़ देता है तो युवा महसूस कर लेता है कि केजरीवाल जनता को नासमझ और मूर्ख बोल रहा है।

एक सहयोग आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं का भी दिखा, अरविन्द केजरीवाल से खुद आपिये भी दुखी थे. कैमरे के सामने तो मान नहीं सकते लेकिन स्वाति मालिवाल के साथ जो हुआ, वो सबके दिमाग़ मे था। केजरीवाल का गुस्सैल स्वभाव, विधायकों से गाली देकर बात करना और फाइले फेकना, जाहिर है अंदर के कुछ लोग रहे होंगे जिन्होंने अपनी ही गाडी को पंचर भी किया होगा। पिछले दो चुनाव मे जो पार्टी एकजुट दिखती थी, वो इस बार केजरीवाल के चेहरे तक सीमित थी। केजरीवाल इस समय कुछ नहीं बचा.ये अच्छा मौका है ज़ब आम आदमी पार्टी के पढ़े लिखें लोगो को बीजेपी और कांग्रेस का ही दामन थाम लेना चाहिए या फिर अपने अपने व्यवसाय मे लौट जाना चाहिए।

आप तो क्रांति करने ही आये थे. आपका नेता मतलबी सिद्ध हुआ। ऐसे मतलबी और शातिर को त्यागने मे किसी प्रकार का संकोच नहीं होना चाहिए। सुषमा स्वराज के साथ साथ शीला दीक्षित के लिये भी दुख है। राजनीति के रावण का दहन देखने के लिये दोनों ही जीवित नहीं है। शीला दीक्षित के लिये थोड़ा अधिक है क्योंकि उन्होंने कभी जवाब नहीं दिया। उनके जीवित रहते ही उनकी पार्टी ने केजरीवाल से हाथ मिलाकर उन्हें 2013 मे ही ठेंगा दिखा दिया था। कांग्रेस के जो कार्यकर्ता बड़े सपने देख रहे है, उन्हें शीला दीक्षित का पतन अवश्य ध्यान मे रखना चाहिए।

बीजेपी को चाहिए कि अच्छा समय है आम आदमी पार्टी को खत्म कर दें। सुल्तान समाप्तप्राय है. उसकी सल्तनत भी त्रस्त है।

कपिल मिश्रा जैसे कद्दावर नेताओं को अपने पाले में ले आए।

# एक ही गोत्र में शादी करने से क्या दांपत्य जीवन में परेशानी आती है?



हिंदू धर्म में शादी से पहले कुंडली मिलाने का विशेष महत्व है। कुंडली मिलाते वक्त गोत्र, गुण, नाड़ी दोष जैसी सभी बातों का ध्यान रखा जाता है ताकि वर-वधू के जीवन में कोई समस्या न आएं। हिंदू धर्म में एक ही गोत्र में लड़का-लड़की करने का रिवाज नहीं है। ऐसा करना वर्जित माना गया है। इसके पीछे कई धार्मिक मान्यताएं हैं और वैज्ञानिक कारण भी हैं। जो लोगों को पता होने चाहिए, ताकि दांपत्य जीवन खुशहाल रहे।

**सगोत्र या एक ही गोत्र होने का अर्थ?**

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, लड़का-लड़की का एक ही गोत्र होने का मतलब है कि उनके पूर्वज एक ही थे।

इस कारण लड़का-लड़की आपस में भाई-बहन लगते हैं। ज्योतिष मान्यता के अनुसार सात पीढ़ियों के बाद गोत्र बदल जाता है। ऐसे में एक ही गोत्र में शादी की जा सकती है। हालांकि इस धारणा को लेकर भी कई मतभेद है।

मतभेद कुछ इस प्रकार हैं कि कुछ लोग सगोत्रीय विवाह करना सही मानते हैं तो कुछ गलत मानते हैं।

**किन गोत्रों में नहीं करनी चाहिए शादी:**

हिंदू धर्म में कुछ गोत्रों में शादी करना मना है। शादी के समय तीन गोत्र छोड़े जाते हैं अर्थात आप उन गोत्रों में शादी नहीं कर सकते। पहला है माता का गोत्र। दूसरा, पिता के गोत्र को छोड़ा जाता है। तीसरा, दादी का गोत्र, बाकी किसी भी गोत्र में विवाह किया जा सकता है।

**सगोत्र विवाह में क्या समस्याएं आती हैं:**

सगोत्री विवाह करने से आपके दापंत्य जीवन में कई मुश्किलें आती हैं। आपको संतान प्राप्ति में समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। अगर आपकी संतान होती है तो वह मानसिक रुप से उस प्रकार विकसित नहीं होती है। क्योंकि माता-पिता का सामान्य गोत्र होने के कारण बौद्धिक विकास भी सामान्य रुप से होता है। जानकार मानते हैं कि इसके पीछे वैज्ञानिक आधार है, जो डीएनए से भी जुड़ा है। आने वाली पीढियों के सर्वांगीण विकास में अहम भूमिका निभाता है, हिंदू धर्म के कई संत भी इस पर अपनी राय देते रहते हैं।

**सगोत्रीय विवाह क्यों न करें, जानें वैज्ञानिक कारण:**

एक ही गोत्र के लोगों में जीन समान हो सकते हैं, जिससे कुछ आनुवंशिक समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं।

आनुवंशिक बेमेल और संकर डीएनए संयोजनों के कारण रक्त संबंधियों के बीच विवाह करने से संतान पैदा करने में समस्याएं हो सकती हैं। वैज्ञानिकों के मुताबिक, अलग-अलग जीन वाले व्यक्तियों के बीच विवाह से जेनेटिक विविधता बढ़ती है और संतान के स्वास्थ्य पर सकारात्मक असर पड़ता है।

**क्या इतनी जोखिमों के बाद भी सगोत्री विवाह होना संभव है या नहीं:**

आज कल के युग में प्रेम विवाह का चलन बढ़ गया है। कुछ लोगों ने जाति धर्म के विपरीत जाकर विवाह करने के चलन को अपना लिया है। पर ऐसा करना उनके लिए कई मुश्किलें बढ़ाता है। पर अगर फिर भी आप एक ही गोत्र में विवाह करना चाहते हैं या शिष्ट-संजोक ही ऐसा बन गया है कि आपको सगोत्रीय विवाह करना पड़ रहा है। इसके लिए कुछ विशेष उपाय किए जा सकते हैं, जो उचित मार्गदर्शन और परामर्श के साथ ही करने चाहिए।

लड़की का कन्यादान उसके माता-पिता की जगह घर के किसी और सदस्य से करा देना चाहिए। ऐसे में आप सगोत्रीय विवाह कर सकते हैं

आर्य समाज के मंदिर में शादी की जा सकती है किसी ब्राह्मण से धार्मिक अनुष्ठान करवाकर, उसी ब्राह्मण को दान देकर, उसका गोत्र अपनाया जा सकता।

# रिश्ते में बढ़ रही हैं दूरियां तो वैलेंटाइन डे पर मूलांक के हिसाब से करें ये उपाय



फरवरी को प्यार का महीना भी कहते हैं क्योंकि इस माह वैलेंटाइन डे आता है। जिसका इंतजार हर कोई बहुत ही बेसब्री से करता है। वैलेंटाइन के मौके पर लोग अपने प्यार का इजहार करते हैं और जीवनभर एक-दूसरे का साथ निभाने का वादा करते हैं। वहीं वैलेंटाइन डे पर लोग अपने रिश्ते को और भी मजबूत करने का प्रयास करते हैं। यह दिन प्रेमी जोड़ों के साथ ही शादीशुदा जोड़ों के लिए भी बहुत खास है। वैलेंटाइन वीक प्यार करने वालों के लिए किसी जश्न से कम नहीं होता। लेकिन अगर आप अपने प्यार को गहरा और मजबूत करना चाहते हैं तो कुछ एस्ट्रोलॉजी टिप्स जरूर अपनाएं। यहां हम मूलांक के अनुसार कुछ ऐसे टिप्स बताने जा रहे हैं जो कि आपके निजी जीवन में प्यार को बढ़ाएंगे।

**मूलांक 1**

जिन लोगों का मूलांक 1 है वह अपने पार्टनर के साथ डेट पर जाने से पहले कुत्ते को रोटी या कुछ मीठा जरूर खिलाएं। इसके साथ ही आप अपने पार्टनर को रेड, ऑरेंज या ग्रीन कलर का ग्रीटिंग कार्ड देकर अपने दिल की बात कह सकते हैं।

**मूलांक 2**

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार 2 मूलांक वाले लोग डेट पर जाने से पहले मंदिर जरूर होकर आएं। इसके साथ ही आप वैलेंटाइन डे पर अपने पार्टनर को सफेद या कोई भी मिक्स कलर का ग्रीटिंग कार्ड गिफ्ट करें। इस पूरे हफ्ते में पार्टनर से ऊंची आवाज में बात ना करें।

**मूलांक 3**

इस मूलांक वाले लोग डेट पर जाने से पहले खुद को शीशे में जरूर देखें। डेट पर अपने पार्टनर से दिल खोलकर बात करें। 3 मूलांक के लोग अपने पार्टनर को ग्रीन, येलो या पिंक कलर का ग्रीटिंग कार्ड और फूल दें।

**मूलांक 4**

वैलेंटाइन डे के दिन डेट पर जाने का प्लान कर रहे हैं तो जाने से पहले लाल रंग का रूमाल अपने साथ रखें। इसके साथ ही पार्टनर को व्हाइट, क्रीम या रेड कलर का ग्रीटिंग और फूल दें।

**मूलांक 5**

ज्योतिष शास्त्र के मुताबिक मूलांक 5 के लिए गाय को हरी मूंग दाल खिलाना शुभ होता है। इसलिए वैलेंटाइन डे के दिन डेट पर जाने से पहले गाय को हरी मूंग की दाल खिलाएं। साथ ही पार्टनर से ज्यादा सवाल ना करें। आप अपने पार्टनर को लाल, पिंक या ग्रीन कलर का ग्रीटिंग और फूल दें।

**मूलांक 6**

इन लोगों को डेट पर जाने से पहले लाल मसूर की दाल दान करनी चाहिए। पार्टनर को व्हाइट, ग्रीन या पैरट कलर का ग्रीटिंग और फूल दें।

**मूलांक 7**

इस मूलांक के लोगों को पार्टनर से बात करते समय माहौल देखना चाहिए और उसी के अनुसार बात करनी चाहिए। किसी भी चीज की जल्दबाजी ना करें। आप ऑरेंज, रेड या येलो रंग का ग्रीटिंग और फूल दें।

**मूलांक 8**

वैलेंटाइन डे पर डेट पर जाने से पहले मूंग दाल का हलवा खाएं। इसके अलावा पार्टनर को पीले, गुलाबी या क्रीम कलर का ग्रीटिंग और फूल दें। इससे रिश्ता मजबूत होगा।

**मूलांक 9**

डेट पर जाने से पहले घर से निकलते वक्त सीधा पैर पहले बाहर निकालें। इसके अलावा पार्टनर को पर्पल, ग्रीन, व्हाइट रंग का ग्रीटिंग और फूल दें।

# गंगा स्नान को लेकर संत रविदासजी ने कहा था मन चंगा तो कठौती में गंगा



संत रविदासजी की भक्ति भावना इतनी पवित्र और शुद्ध थी कि जिस गंगा मैय्या की एक डुबकी लगाकर श्रद्धालु पाप मुक्ति की कामना करते हैं वह गंगा मैय्या स्वयं इस महान भक्त की कठौती में रखे हुए जल में प्रकट हो गई थी। जल भी कैसा था तो, जिसमें संत रविदास जी चमड़े को धोकर जूते तैयार करते थे उसी जल में गंगा मैय्या प्रकट हो गई थीं। और उस समय ही रविदासजी ने यह दोहा रचा था, मन चंगा तो कठौती में गंगा।

इस दोहे के साथ कठौती में गंगा मैया के प्रकट होने की भी अपनी एक रोचक कथा है। एक बार रैदासजी के गांव से एक राहगीर गंगा स्नान करने जा रहे थे। जाते समय वह रविदासजी के पास अपना जूता ठीक करवाने आए और जूता ठीक करने के बदले उनको कुछ पैसे देने लगे। रविदासजी को बातों बातों में पता चला कि राहगीर गंगा स्नान के लिए जा रहे हैं तो उन्होंने कहा कि यह मुझे मत दीजिए आप गंगा स्नान के बाद मेरी ओर से गंगा मैया को भेंट कर दीजिएगा।

राहगीर ने ऐसा ही किया, गंगा स्नान के बाद उन्होंने कहा कि, हे गंगा मैया रैयदास की तरफ से यह मुद्रा आप स्वीकार करें। तभी एक हाथ गंगा में बाहर आया और वह मुद्रा लेकर एक सोने का कंगन राहगीर को दे दिया। लौटते समय राहगीर के मन में लालच आ गया और उसने धन के लोभ में वह कंगन राजा को दे दिया। राजा ने इस कंगन को अपनी रानी को दिया तो रानी ने कंगन का दूसरा जोड़ा भी मांगा। अब राजा ने उस राहगीर से कहा कि जैसा यह कंगन है वैसा ही दूसरा कंगन नहीं मिला तो तुम्हें दंड मिलेगा।

घबराया राहगीर संत रविदासजी के पास आया और सारी बातें विस्तार से कहकर संत रविदास से संकट से निकालने की प्रार्थना करने लगा। संत रविदासजी ने कहा कोई बात नहीं तुमने मुझे बताए बिना यह सब किया, लेकिन घबराओ मत तुम्हारे लिए अभी दूसरे कंगन की व्यवस्था करता हूं। संत रविदासजी ने वहीं गंगा माता का ध्यान किया तो जिस कठौती में वह चमड़ा गलाते थे उसी कठौती में कंगन को दूसरा जोड़ा प्रकट हो गया।

इसके बाद से ही यह दोहा प्रसिद्ध है कि, मन चंगा तो कठौती में गंगा। यानी जिसका मन शुद्ध है जो अंदर से निर्मल है उसके लिए हर जल में गंगा माता का आशीर्वाद है और जो उस राहगीर की तरह गंगा नहाकर भी अंदर से मैला है उसके लिए तो गंगा नहाने पर भी मुक्ति का द्वार बंद है। इसलिए संत रविदासजी का संदेश है कि गंगा नहाएं तो बाहर के मैल ही नहीं अंदर के मैल को भी धोकर आत्मा से शुद्ध बनें।

# घर की इस दिशा में किचन होने से बार-बार बीमार पड़ते हैं लोग



## किचन से जुड़े ये वास्तु नियम

कभी-कभी ऐसा होता है कि अच्छी डाइट लेने के बाद भी लोग बीमार पड़ जाते हैं या फिर अपने ही घर का खाना लोगों को अच्छा नहीं लगता। वास्तु शास्त्र के अनुसार घर के खाने के साथ भी एक ऊर्जा जुड़ी होती है। इस ऊर्जा का हमारे तन-मन पर प्रभाव पड़ता है। जैसे, वास्तु शास्त्र के अनुसार अगर आपके घर विशेषकर किचन में नकारात्मक ऊर्जा है, तो इसका प्रभाव आपके खाने पर भी पड़ता है। किचन में वास्तु दोष होने से लोग बीमार पड़ने लगते हैं या फिर खाना खाने के बाद उनकी मनोस्थिति सही नहीं रहती। ऐसे में आपको किचन से जुड़े वास्तु नियम जरूर जान लेने चाहिए। आइए, विस्तार से जानते हैं कि आपका किचन किस दिशा में होना चाहिए।

**वास्तु शास्त्र के अनुसार किस दिशा में होना चाहिए किचन**

वास्तु शास्त्र के अनुसार आग्नेय कोण को रसोईघर के लिए सबसे शुभ माना जाता है। घर की पूर्व और दक्षिण दिशा के बीच के क्षेत्र को आग्नेय कोण कहते हैं। यह दिशा अग्नि तत्व से जुड़ी हुई है। आग्नेय कोण को अग्नि कोण भी कहा जाता है। अग्नि कोण के स्वामी शुक्र ग्रह हैं। इस दिशा में रसोईघर होने से घर में सुख-समृद्धि तो बनी ही रहती है। साथ ही घर के लोग भी सेहतमंद रहते हैं।

**वास्तु शास्त्र के अनुसार किस-किस दिशा में नहीं होना चाहिए किचन**

वास्तु शास्त्र के अनुसार कुछ दिशाओं को किचन बनाने के लिए उपयुक्त नहीं माना जाता। जैसे, उत्तर या ईशान कोण में बना किचन गंभीर रोग का कारण बन सकता है, इसलिए अपने घर में रसोईघर को भूलकर भी दक्षिण-पश्चिम दिशा में न बनाएं। इसके अलावा पश्चिम दिशा को भी किचन बनाने के लिए सही नहीं माना जाता है। वास्तु शास्त्र के अनुसार अगर आप घर की पश्चिम दिशा में किचन बनाते हैं, तो इससे गृह क्लेश की संभावना बढ़ जाती है।

**शुक्र ग्रह के लिए करें ये विशेष उपाय**

आपके रसोईघर अगर गलत दिशा में बन गया है, तो तोड़-फोड़ करने से अच्छा है कि आप किचन में कुछ ऐसे उपाय करें, जिससे कि किचन की ऊर्जा सकारात्मक बनी रह सके। इसके लिए सबसे पहले किचन में सुबह और शाम लोबान का धुआं फैलाएं। इसके अलावा किचन में उत्तर-पूर्व दिशा में सिंदूरी गणेश जी की तस्वीर लगाएं।

**शुक्र ग्रह के लिए करें ये विशेष उपाय**

शुक्र को अग्नि तत्व से जोड़कर देखा जाता है इसलिए शुक्र के लिए आपको शुक्रवार के दिन चावल, खीर या नारियल के लड्डु बनाने चाहिए।

शुक्र के लिए रसोईघर में अग्नि तत्व से जुड़ी कोई फोटो भी लगाई जा सकती है।

# पशु-पक्षियों को खिलाएं दाना-पानी, कुंडली में कमजोर सूर्य होगा मजबूत, पितरों का भी मिलेगा अशीर्वाद!

हमारे जीवन में ग्रहों का प्रभाव हमेशा रहता है और हमारे दिन-प्रतिदिन के कामों पर इनका गहरा असर पड़ता है। शास्त्रों के अनुसार, अगर हम जानवरों को आहार या पानी प्रदान करते हैं, तो इससे हमारे ग्रहों के अशुभ प्रभाव कम हो सकते हैं। यह काम हमें सिर्फ खुद के लाभ के लिए नहीं करना चाहिए, बल्कि यह ईश्वर की कृपा प्राप्त करने का एक मार्ग है। जब हम ईश्वर के कार्य में हाथ बंटाते हैं, तो हमें न सिर्फ मानसिक शांति मिलती है, बल्कि जीवन के तमाम कष्ट भी दूर होते हैं।

**जीवों को आहार देने के लाभ**

पशु-पक्षियों को नियमित रूप से दाना-पानी देने से कई प्रकार के लाभ होते हैं। जैसे कि अगर आप चींटियों, चिड़ियों, गिलहरी, कबूतर, तोता, कौआ, मछलियां, गाय, कुत्ते आदि को आहार देते हैं, तो इससे मानसिक शांति, समृद्धि और स्वास्थ्य में सुधार होता है। अगर आपके घर में किसी की हेल्थ बिगड़ रही है, तो यह उपाय अत्यंत लाभकारी साबित हो सकता है। इसके साथ ही अगर घर में धन की कमी हो, तो यह उपाय आर्थिक पक्ष को मजबूत कर सकता है।

**सूर्य के दोष को दूर करने के लिए**


अगर सूर्य के दोष से बचना है तो यह जरूरी है कि हम सूर्य को प्रसन्न करने वाले उपाय करें। किसी जरूरतमंद को गेहूं, घी या पका हुआ भोजन देने से सूर्य की पीड़ा कम होती है और पितृदोष भी शांत होते हैं। इसके अलावा, रविवार के दिन गाय को गेहूं की रोटियां देना और बंदरों को गुड़-चना खिलाना विशेष रूप से शुभ माना जाता है। ऐसा करने से सूर्य देवता प्रसन्न होते हैं और उनके आशीर्वाद से जीवन में सुधार आता है।

**सूर्य के अशुभ होने के संकेत और फल**

अगर जन्मकुंडली में सूर्य अशुभ फल दे रहा हो, तो इसके सक्रिय होने से पूर्व कुछ संकेत मिल सकते हैं। जैसे, घर में रोशनी देने वाली वस्तुएं नष्ट होना, जलते हुए बल्ब का फ्यूज होना या सूर्य के प्रकाश से जुड़े किसी स्रोत का बंद होना।

इस समय तकलीफें बढ़ सकती हैं, जैसे कि शरीर के जोड़ में दर्द होना, फसल का नष्ट होना, या न्यायालय में परेशानी का सामना करना आदि।

# वैलेंटाइन डे पर राशि के अनुसार पहनें इस रंग के कपड़े



जो प्रेम संबंध में रहते हैं उनके लिए वैलेंटाइन डे का दिन एक पर्व त्यौहार की तरह रहता है। वैलेंटाइन डे के दिन पार्टनर एक दूसरे को प्रपोज करते हैं। अपने पार्टनर को स्पेशल फील कराता हैं। वैलेंटाइन डे दिन एक पर्व त्यौहार के रूप मे भारत में नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में मनाई जाती है। वहीं साल 2025 के वैलेंटाइन डे के दिन सभी लोगों के लिए, शुभ रहे इसके लिए कौन से रंग के कपड़े पहन कर अपने पार्टनर को प्रपोज़ करें, 14 फरवरी को वैलेंटाइन डे मनाया जाएगा। इस दिन जातक अपनी अपनी भावनाओ को अलग-अलग तरिके से एक्सप्रेस करेंगे। वहीं वैलेंटाइन डे के दिन किसी खास रंग के कपड़े पहनने से आपके रिश्तों में मिठास और मधुरता जरूर आएगी। साथ ही प्रेम संबंध मामलों में भी सफलता हासिल हो सकती है।

**मेष राशि** वाले को वैलेंटाइन डे के दिन केसरिया रंग के कपड़े पहनना चाहिए।

**वृषभ राशि** वाले को वैलेंटाइन डे के दिन हरे रंग का कपड़ा पहनना चाहिए।

**मिथुन राशि** वाले को वैलेंटाइन डे के दिन पीला रंग का कपड़ा पहनना चाहिए।

**कर्क राशि** वाले को वैलेंटाइन डे के दिन लाल रंग के कपड़े पहनना चाहिए।

**सिंह राशि** वाले को वैलेंटाइन डे के दिन पीले रंग के कपड़े पहनना चाहिए।

**कन्या राशि** वाले को वैलेंटाइन डे के दिन ब्लू रंग के कपड़े पहनना चाहिए।

**तुला राशि** वाले को वैलेंटाइन डे के दिन लाल रंग के कपड़े पहनना चाहिए।

**वृश्चिक राशि** वाले को वैलेंटाइन डे के दिन केसरिया रंग के कपड़े पहनना चाहिए।

**धनु राशि** वाले को वैलेंटाइन डे के दिन लाल रंग के कपड़े पहनना चाहिए।

**मकर राशि** वाले को वैलेंटाइन डे के दिन क्रीम कलर के कपड़े पहनना चाहिए।

**कुंभ राशि** वाले को वैलेंटाइन डे के दिन ग्रीन रंग के कपड़े पहनना चाहिए।

**मीन राशि** वाले को वैलेंटाइन डे के दिन सफेद रंग के कपड़े पहनना चाहिए।

## 'डर लगता है कि कहीं दोबारा लड़की न हो जाए' पोते की चाहत में चिरंजीवी ने दिया विवादित बयान



एक्टर और राजनेता चिरंजीवी ने हाल ही में एक ऐसा बयान दिया है, जिससे विवाद पैदा हो गया है। उन्होंने कहा है कि वह चाहते हैं कि उनके बेटे राम चरण का बेटा ही पैदा हो, ताकि वह उनकी विरासत को आगे बढ़ा सके। उन्होंने अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए कहा कि ऐसा लगता है जैसे रामचरण को बेटी होगी पर मैं चाहता हूं कि बेटा हो। अब इस मामले पर विवाद बढ़ गया है।

**डर है कहीं बेटी न हो**

चिरंजीवी ने फिल्म 'ब्रम्हा आनंदम' की रिलीज से पहले एक कार्यक्रम में कहा कि जब मैं घर पर होता हूं, तो मुझे नहीं लगता है कि मैं पोतियों से घिरा हुआ हूं। मुझे लगात है कि मैं तो हॉस्टल वार्डन हूं, जो कई सारी औरतों से घिरा हुआ हूं। मैं रामचरण से कहता हूं कि कुछ नहीं कम से कम एक बेटा हो जो हमारी विरासत को आगे बढ़ाए।

**बयान से निराश हुए फैंस**

चिरंजीवी ने अपनी बात को जारी रखते हुए कहा कि रामचरण की बेटी मेरी आंखों का तारा है। लेकिन कभी-कभी डर लगता है कि कहीं दोबारा लड़की न हो जाए। चिरंजीवी अपने बयान के बाद विवादों में घिरते नजर आ रहे हैं। चिरंजीवी के बयान से उनके फैंस काफी निराश हैं। वहीं कुछ लोग सोशल मीडिया पर उन्हें ट्रोल कर रहे हैं।

**यूजर ने किए कमेंट**

सोशल मीडिया पर एक यूजर ने लिखा- इतने बड़े स्टार होकर बेटा-बेटी में फर्क करते हैं। बहुत ही दुखद बात है चिरंजीवी गारु ने ये कहा। अरे लड़की है तो काहे का डर। बेटियां भी विरासत को आगे बढ़ाती हैं, वो भी अच्छे से। वहीं दूसरे यूजर ने कमेंट किया- चिरंजीवी को डर है कि उनके बेटे राम चरण को बेटी न हो जाए। 2025 में भी लड़का होने की ख्वाहिश है। यह निराश करने वाला है, लेकिन हैरतअंगेज नहीं है।

**चिरंजीवी के घर में हैं कई बेटियां**

आपको बता दें कि चिरंजीवी की दो बेटियां हैं, श्रीजा कोनिडेला और सुष्मिता कोनिडेला। उनकी चार पोतियां भी हैं, नविष्का, निवराती, समारा और समित। उनके बेटे राम चरण की एक बेटी है क्लिन कारा जिसका जन्म 20 जून 2023 में हुआ था।

## महेश बाबू के लिए बोलीं शिल्पा शिरोडकर, 'दो बार वर्कआउट करते हैं, उन्हें पार्टी करना पसंद नहीं'



भारतीय तेलुगु फिल्म अभिनेता महेश बाबू को उनकी शानदार फिल्मों और एक्शन सीन को लेकर चर्चा होती रहती है। महेश बाबू का शिल्पा शिरोडकर से भी रिश्ता है। शिल्पा की बहन नम्रता शिरोडकर महेश बाबू की पत्नी हैं। शिल्पा ने अब महेश बाबू को लेकर कुछ बातें कही हैं।

**बहुत हार्ड वर्क करते हैं**

शिल्पा शिरोडकर ने भारती सिंह के पॉडकास्ट में कहा, वाकई उसकी उम्र कम हो रही है। इतना ही नहीं, सच में महेश सबसे अच्छे एक्टर हैं। वह बहुत ज्यादा हार्ड वर्क करते हैं। सभी अभिनेता हार्ड वर्क करते हैं, लेकिन मैं महेश का काम देखती हूं इसलिए कह सकती हूं।

**वो दिन में दो बार वर्कआउट करते हैं**

शिल्पा ने कहा, महेश को वे बहुत करीब से जानती हैं इसलिए कह सकती हैं कि वह दिन में दो बार वर्क आउट करते हैं। वे घर का साधारण सा खाना ही पसंद करते हैं। ये जो भी है, सब अपने माइंड और हार्ट का खेल है। शिल्पा ने बताया कि महेश बाबू को पार्टी करना भी पसंद नहीं है।

**मुफासा को भी दी आवाज**

महेश बाबू ने 'मुफासाः द लायन किंग' को भी आवाज दी। फिल्म के तमिल वर्जन को दी आवाज के कारण यह फिल्म काफी चर्चा में रही। फिल्म में अब महेश बाबू ने मुफासा को आवाज दी। इस फिल्म को लेकर महेश बाबू ने कहा, मुफासा हर पीढ़ी का पसंदीदा किरदार है। फिल्म को परिवारों के साथ देखने का अनुभव बेहद संतोषजनक होगा। मेरे लिए यह एक बहुत बड़ा सम्मान है।

**इस फिल्म में नजर आएंगे अभिनेता**

काम की बात करें तो निम्रता ने महेश से शादी के बाद अभिनय छोड़ दिया। वहीं महेश फिल्म SSMB29 के लिए अपनी कमर कस रहे हैं। इस फिल्म में महेश बाबू मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। SSMB29, 14 अप्रैल 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है।

## रणवीर इलाहाबादिया पर फूटा राजपाल यादव का गुस्सा, बोले- 'कला को इतना घिनौना मत बनाइए'

हाल ही में एक शो 'इंडिया गॉट लेटेंट' पर यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया ने एक विवादित और अश्लील टिप्पणी की। यह मुद्दा चर्चा में है। हाल ही में कई कॉमेडियन ने इस मुद्दे पर अपनी राय रखी। इसी बीच एक्टर राजपाल यादव ने भी रणवीर इलाहाबादिया की टिप्पणी पर गुस्सा जाहिर किया है।



**गुस्साए नजर आए राजपाल यादव**

रणवीर इलाहाबादिया की विवादित और अश्लील टिप्पणी पर राजपाल यादव कहते हैं, ' ऐसे वीडियो देखने में भी शर्म आती है। हम ऐसे देश में रहते हैं, जहां माता-पिता को सम्मान दिया जाता है। लेकिन सस्ती लोकप्रियता के चक्कर में हमारी युवा पीढ़ी को ये क्या हो गया है? ये कैसे लोग हैं, जो अपने मां-बाप को भी नहीं छोड़ते हैं। इनको काउंसलिंग की जरूरत है।'

**कला को खराब कर रहे हैं**

राजपाल यादव आगे कहते हैं, 'कला को इतना घिनौना मत बनाइए कि आप जैसे कुछ लोगों की वजह से ऑडियंस कला से ही नफरत करने लग जाए। संभालो अपने आपको, अपने माता-पिता का सम्मान करो। समाज की इज्जत करो। शर्म आती है, उन लोगों पर भी, जो इस तरह का कंटेंट देखते हैं और बनाते हैं।'

**क्या है पूरा मामला**

स्टैंडअप कॉमेडियन समय रैना 'इंडियाज गॉट लेंटेट' नाम का एक शो चलाते हैं। इस शो में अलग-अलग फील्ड के जज बुलाए जाते हैं, वो प्रतियोगियों को जज करते हैं। उन पर टिप्पणी पर भी करते हैं।

हाल ही में समय रैना के इस शो पर बतौर जज आए यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया ने एक विवादित और अश्लील टिप्पणी की। इसके बाद से सोशल मीडिया पर उनके खिलाफ बातें होने लगी। साथ ही पुलिस में शिकायत भी दर्ज हो चुकी है। कई शहरों में इनके खिलाफ शिकायत दर्ज की गई है। मंगलवार को रणवीर इलाहाबादिया के घर पर मुंबई पुलिस की एक टीम भी पहुंची है। आगे उन पर कार्यवाही की मांग की जा रही है।

## नागार्जुन ने बहूरानी को दिया नागा चैतन्या की मूवी 'तंडेल' की सफलता का श्रेय

नागा चैतन्य की फिल्म 'तंडेल' को दर्शकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। इससे उनके पिता नागार्जुन बेहद खुश हैं। फिल्म को मिल रही जबर्दस्त प्रतिक्रिया पर उन्होंने बेटे की पीठ थपथपाई है। साथ ही इसका श्रेय बहुरानी शोभिता धुलिपाला को भी दिया है। नागार्जुन का कहना है कि यह इसलिए संभव हुआ क्योंकि नागा ने शोभिता से शादी की।

**शोभिता को दिया सफलता का श्रेय**

फिल्म 'तंडेल' 07 फरवरी को रिलीज हुई। इसे काफी पसंद किया जा रहा है। हाल ही में फिल्म की सफलता का जश्न मनाते हुए एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें नागा चैतन्य के अलावा उनकी पत्नी शोभिता धुलिपाला और पिता नागार्जुन भी उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि फिल्म के लिए नागा चैतन्य ने जमकर मेहनत की। साथ ही कहा कि इसके पीछे शोभिता का भी हाथ रहा है।



'शोभिता हमेशा से खास हैं'

नागार्जुन बेटे की फिल्म की सफलता की खुशी पर बात करते हुए भावुक हो गए। उन्होंने शोभिता को शुक्रिया कहा। साथ ही बताया कि बेटे को मिल रही इस अपार सफलता के पीछे की एक अहम वजह शोभिता हैं। नागार्जुन ने नागा चैतन्य से कहा, 'यह सफलता शोभिता से आपकी शादी होने की वजह से है। शोभिता हमेशा खास हैं! आगे उन्होंने शोभिता से कहा, 'आपने चैतन्य के लिए जो किया है, वह शानदार है। आपने उनके अंदर के अभिनेता को बाहर निकाला है'।

**बोले- चैतन्य ने मुझे मेरे पिता की याद दिला दी**

इसके अलावा नागार्जुन ने दर्शकों और फैंस का भी शुक्रिया अदा किया, जिनकी वजह से यह सफलता हासिल हो सकी। उन्होंने फिल्म निर्माता चंदू मोंडेती, निर्माता बनी व्यास, संगीतकार देवी श्री प्रसाद और नागा चैतन्य के साथ नजर आईं साई पल्लवी सभी का शुक्रिया अदा किया। नागार्जुन ने कहा, 'मैं चैतन्य के लिए बहुत खुश हूं। उनके चेहरे पर मुस्कान देखकर बहुत सुकून मिला। पूरी फिल्म में उन्होंने अपने किरदार को बनाए रखा और कई सीन ऐसे थे जहां उन्होंने बेहतरीन अभिनय किया। मैंने अपने पिता को कई फिल्मों में ऐसे अभिनय करते देखा। उन्होंने मुझे मेरे पिता की याद दिला दी'।

## रश्मिका मंदाना ने की विक्की कौशल की तारीफ बोलीं- रणबीर को नॉनसेंस बिल्कुल पसंद नहीं

रश्मिका मंदाना इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'छावा' के प्रमोशन में बिजी हैं। फिल्म में उनके साथ विक्की कौशल भी नजर आने वाले हैं। फिल्म प्रमोशन के दौरान ही रश्मिका के पैर में फ्रैक्चर हो गया, इसके बाद भी वे फिल्म प्रमोशन में दिखाई दे रही हैं। रश्मिका ने रणबीर कपूर, अल्लू अर्जुन और विक्की कौशल को लेकर अपनी राय दी है।

**अल्लू अर्जुन को लेकर बोलीं रश्मिका**

गल्फ इंडिया से बातचीत के दौरान रश्मिका ने कहा, उन्होंने कई सारे शानदार सितारों के साथ काम किया है। तीनों ही अभिनेता बेहद शानदार अभिनय करते हैं, साथ ही बहुत अच्छे इंसान भी हैं। रश्मिका ने अल्लू अर्जुन को लेकर कहा कि उनके साथ वाइब भी मैच होती है। वे बहुत एनर्जी के साथ काम करते हैं।

**रणबीर को नहीं पसंद नॉनसेंस चीजें**

रश्मिका ने कहा, रणबीर के साथ काम अच्छा होता है। हम दोनों को ही नॉनसेंस चीजें नहीं पसंद हैं। हम अपने कैरेक्टर पर ध्यान देते हैं। हम इसके अलावा किसी और चीज पर बात नहीं करते हैं।

**विक्की कौशल के लिए बोलीं रश्मिका**

विक्की कौशल के लिए रश्मिका ने कहा कि वे बहुत अच्छे हैं। सेट पर हर दिन मजेदार होता है। मुझे नहीं लगता कि उनके जैसा इंसान कहीं और मिलेगा। वे बहुत शानदार हैं और मैं उनके साथ काम करके बहुत ही खुश हूं।



**एनिमल और छावा के अंतर पर की बात**

रश्मिका मंदाना ने फिल्म 'एनिमल' और 'छावा' के अंतर पर बात की है। उन्होंने कहा कि दोनों फिल्मों की कहानी बहुत अलग है। रश्मिका ने कहा कि वे दोनों ही फिल्मों का हिस्सा बनकर बेहद खुश हैं।


**इस दिन रिलीज होगी फिल्म**

'छावा' बॉक्स ऑफिस पर 14 फरवरी को रिलीज होने वाली है। इस फिल्म में विक्की कौशल, अक्षय खन्ना, डायना पेंटी, दिव्या दत्ता जैसे कई सितारे नजर आने वाले हैं। फिल्म का निर्देशन लक्ष्मण उटेकर ने किया है।

## आर माधवन ने कोरोना काल में खरीदी बोट, कैप्टन का लाइसेंस भी लिया; बोले- 'ये बहुत मुश्किल नहीं'

अभिनेता आर माधवन महामारी के दौरान अपने बेटे की स्विमिंग ट्रेनिंग में उसकी मदद के लिए दुबई चले गए थे। उन्होंने कहा कि वह उस शहर से बहुत प्रभावित हैं। उन्होंने इस दौरान पैसों से जुड़ी असुरक्षा के बारे में बात की और खुद खरीदी बोट और उसके लाइसेंस के बारे में भी बात की है।

**बैंक बैलेंस के बारे में नहीं है जानकारी**



रणविजय सिंह द्वारा होस्ट की गई मैशेबल की दुबई जर्नी सीरीज में माधवन ने कहा कि जब वह छोटे थे, तो वह अपनी पासबुक देखकर अपने बैंक बैलेंस पर नजर रख सकते थे लेकिन इन दिनों प्रक्रियाएं अधिक बोझिल हो गई हैं। माधवन ने कहा, "मैं अपने बैंक खाते को लेकर सच में असुरक्षित हूं। मैं नहीं जानता कि मेरे पास कितने रुपये हैं और मैं इसकी कितनी जांच कर सकता हूं, क्योंकि मुझे नहीं पता कि इससे क्या होगा।

**परिवार के लिए खरीदी बोट**

माधवन ने कहा कि उन्होंने एक बोट भी खरीदी, साथ ही उसका कैप्टन लाइसेंस भी लिया। लोगों को लगता है कि मैं बड़ी याच खरीदी लेकिन ये सच नहीं है। माधवन ने कहा, मेरे पास सिंपल और छोटी सी बोट है। ये मेरे परिवार के लिए भी बहुत है। माधवन ने कहा, हां! ये सच है कि मुझे हमेशा से कैप्टन का लाइसेंस चाहिए था। मैं हर नए साल को कुछ नया सीख कर उसे और खास बनाना चाहता हूं।

**माधवन ने सीखा बोट चलाना सीखा**

माधवन ने कहा कि कोरोना काल के दौरान मैंने बोट के कैप्टन का लाइसेंस लिया। साथ ही बोट भी चलाना सीखा। ये उतना मुश्किल नहीं है। आप 10-15 दिन अगर ऐसा करना सीखते हैं तो एग्जाम देकर और प्रैक्टिस करके आप बहुत आसानी से इसका लाइसेंस पा लेंगे।

**फाइनेंशियल स्टेटस के लिए बोले माधवन**

इससे पहले जस्ट टू फिल्मी को दिए इंटरव्यू में आर माधवन ने अपनी फाइनेंशियल लाइफ को लेकर बात की। उन्होंने कहा, मेरी पत्नी को लगता है कि मैं पैसे के मामले में बहुत ज्यादा मूर्ख हूं। उन्हें लगता है कि मैं अपने पैसे को संभाल के नहीं रख सकता हूं। अगर कोई मुझसे फाइनेंशियल हेल्प मांगता है तो मैं तुरंत दे देता हूं। हालांकि, ऐसा नहीं है, मेरे पास जो है, मैं उसे खर्च करता हूं।

## महाकुंभ में माला बेचकर भी इतनी मोटी रकम नहीं कमा पातीं मोनालिसा, डेब्यू फिल्म की फीस 21 लाख रुपये

प्रयागराज महाकुंभ में माला बेचने वाली एक लड़की का वीडियो इंटरनेट पर इस कदर वायरल हुआ कि उसकी किस्मत ही चमक उठी. हम बात कर रहे हैं मध्य प्रदेश के इंदौर के पास के गांव महेश्वर की रहने वाली मोनालिसा की, जो अपने परिवार के साथ महाकुंभ में माला बेचने आई थी.

मोनालिसा को क्या पता था कि माला बेचते-बेचते वह बॉलीवुड फिल्म की हीरोइन बन जाएगी, लेकिन जब मोनालिसा का वीडियो वायरल हुआ तब फिल्म निर्देशक सनोज मिश्रा की नजर उन पर पड़ी. दरअसल, सनोज को अपनी अपकमिंग फिल्म 'डायरी ऑफ मणिपुर' के लिए जिस चेहरे की तलाश थी, वो उन्हें मोनालिसा के रूप में मिला.

सनोज ने मोनालिसा से मिले और उन्हें अपनी फिल्म का ऑफर दिया. मोनालिसा ने भी ऑफर स्वीकार कर लिया. वहीं, फिल्म इंडस्ट्री के जानेमाने पीआरओ संजय भूषण पटियाला ने बताया है कि फिल्म 'डायरी ऑफ मणिपुर' के लिए मोनालिसा को कितनी फीस दी जा रही है.

संजय भूषण के अनुसार, मोनालिसा को फिल्म के लिए 21 लाख रुपये फीस के तौर पर दिए जा रहे हैं. उन्होंने ये भी खुलासा किया कि मोनालिसा को 1 लाख रुपये एडवांस के तौर पर दिया जा चुका है.

उन्होंने ये भी बता कि मोनालिसा को निर्देशक सनोज मिश्रा मुंबई बुला चुके हैं, चूंकि मोनालिसा पढ़ी लिखी नहीं हैं इसलिए सनोज अपनी तरफ से उन्हें एक्टिंग के साथ-साथ पढ़ाई भी करवा रहे हैं.

बता दें, इस वक्त सनोज मिश्रा का एक वीडियो भी इंटरनेट पर पर वायरल हो रहा है, जिसमें वह मोनालिसा को क ख ग पढ़ा रहे हैं. फिल्म 'डायरी ऑफ मणिपुर' की पूरी पब्लिसिटी संजय भूषण पटियाला ने ही डिजाइन की है. इस फिल्म को चर्चा में लाने का श्रेय संजय भूषण पटियाला को ही जाता है. इससे पहले वह सनोज मिश्रा की बहुचर्चित फिल्म 'द डायरी ऑफ वेस्ट बंगाल' की पब्लिसिटी से खूब सुर्खियों में आए थे.



सनोज मिश्रा ऐसे डायरेक्टर हैं, जो समाज के ज्वलंत मुद्दे पर फिल्म बनाते हैं. चाहें उनकी फिल्म 'काशी टू कश्मीर' हो या फिर 'द डायरी ऑफ वेस्ट बंगाल'. उनकी इस फिल्म का काफी विरोध हुआ था. यहां, तक की जान से मारने की धमकियां भी मिली थी. फिल्म के प्रचारक संजय भूषण पटियाला ने न सिर्फ फिल्म की पब्लिसिटी की, बल्कि सनोज मिश्रा के साथ साए की तरह उनके मुश्किल व्यक्त में खड़े रहे.

सनोज मिश्रा फिल्म्स के बैनर तले बनने जा रही इस फिल्म 'डायरी ऑफ मणिपुर' के लेखक, निर्माता और निर्देशक खुद सनोज मिश्रा हैं. फिल्म के को-प्रोड्यूसर संजय भूषण पटियाला और जावेद देवरियावाले हैं. इस फिल्म के जरिए बॉलीवुड स्टार राजकुमार राव के बड़े भाई अमित राव बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रहे हैं.

## तृषा कृष्णन का एक्स अकाउंट हुआ हैक, अभिनेत्री ने संदिग्ध पोस्ट के बारे में फैंस को दी चेतावनी

अभिनेत्री तृषा कृष्णन का एक्स अकाउंट हैक हो गया है। अपनी नई फिल्म 'विदामुयार्ची' को लेकर सुर्खियां बटोर रहीं अभिनेत्री ने आज, ने मंगलवार को बताया कि उनका एक्स अकाउंट हैक हो गया है। इसकी जानकारी अभिनेत्री ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर फैंस के साथ साझा की। साथ ही उन्होंने इस समस्या के समाधान होने तक किसी भी पोस्ट पर यकीन न करने का आग्रह किया है।

तृषा ने फैंस को दिया अपडेट

तृषा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपडेट पोस्ट करते हुए लिखा, 'मेरा ट्विटर हैक हो गया है दोस्तों। जब तक इसे ठीक नहीं किया जाता, तब तक जो भी पोस्ट किया गया है, वह मेरी ओर से नहीं है। धन्यवाद।₹ यह बयान उनके एक्स अकाउंट पर अब डिलीट हो चुके एक पोस्ट के बाद आया है, जिसमें क्रिप्टोकरेंसी घोटाले को बढ़ावा दिया गया था, जिससे उनके फॉलोअर्स के बीच चिंता बढ़ गई थी।



तृषा का क्रिप्टिक पोस्ट वायरल

सोशल मीडिया पर क्रिप्टिक पोस्ट के स्क्रीनशॉट वायरल हो रहे हैं। एक पोस्ट में तृषा की तस्वीर थी, जिसके साथ कैप्शन था, 'मैं पहली बार ऐसा कुछ करने के लिए उत्साहित हूं। मैंने अपनी खुद की क्रिप्टोकरेंसी बनाई और अब यह लाइव है। मैं आप सभी से प्यार करती हूं।' हालांकि, इसे बाद में उसके अकाउंट से हटा दिया गया।

पहले भी हैक हो चुका है अभिनेत्री का अकाउंट

दिलचस्प बात यह है कि यह पहली बार नहीं है, जब तृषा के सोशल मीडिया अकाउंट हैक हुए हैं। 2017 में जल्लीकट्टू विवाद के दौरान पेटा के लिए उनके कथित समर्थन के बाद उनके अकाउंट को कथित तौर पर हैक कर लिया गया था। कई कार्यकर्ताओं ने तृषा को उनके रुख के लिए निशाना बनाया था, लेकिन बाद में उनकी मां ने स्पष्ट किया था, 'किसी ने उनका अकाउंट हैक कर लिया और इसे पोस्ट कर दिया।' तृषा ने तुरंत अपना अकाउंट डीएक्टिवेट कर दिया था।






# वैलेंटाइन डे पर इन रेड ड्रेस के साथ दिखें स्टाइलिश



वैलेंटाइन डे का दिन हर प्रेमी जोड़े के लिए खास होता है। 14 फरवरी को यह दिन प्यार और स्नेह का प्रतीक बनकर आता है। इस दिन, लोग अपने पार्टनर के लिए कुछ स्पेशल करते हैं, जैसे गुलाब के फूल, चॉकलेट देना, डिनर डेट पर जाना या फिर साथ में कि सी खूबसूरत जगह घूमने का प्लान बनाना। अगर आप भी इस दिन अपने बॉयफ्रेंड या पति को एक खास सरप्राइज देना चाहती हैं, तो रेड कलर की शॉर्ट ड्रेस पहनकर जाएं।

रेड कलर को प्यार का प्रतीक माना जाता है और वैलेंटाइन डे के दिन इस रंग की ड्रेस पहनना एक बेहतरीन विकल्प होता है। इस आर्टिकल में हम आपको कुछ स्टाइलिश और अट्रैक्टिव रेड शॉर्ट ड्रेस के बारे में बताएंगे, जिन्हें पहनकर आप अपने पार्टनर को दीवाना बना सकती हैं। ये ड्रेस आपको ग्लैमरस और आकर्षक लुक देंगी।

## रेड फ्लोरल प्रिंट ड्रेस

यदि आप कुछ क्यूट और ट्रेंडी पहनना चाहती हैं, तो रेड फ्लोरल प्रिंट ड्रेस आपके लिए बेस्ट ऑप्शन हो सकती है। यह ड्रेस न केवल आपको क्यूट लुक देगी, बल्कि आपके वेलेंटाइन डे के मूड को भी बयां करेगी। आप इस ड्रेस के साथ मिनिमल मेकअप रखें, हल्की सी पिंक लिपस्टिक और स्माइल के साथ आप बहुत आकर्षक लगेंगी। इस लुक को पूरा करने के लिए आप स्ट्रैपी सैंडल या फ्लैट्स पहन सकती हैं।

## रेड प्लेज़र ड्रेस

अगर आप वेलेंटाइन डे पर ज्यादा आरामदायक और कैजुअल लुक चाहती हैं, तो आप रेड प्लेज़र ड्रेस ट्राई कर सकती हैं। यह ड्रेस आपको स्मार्ट और ट्रेंडी लुक देती है। इसके साथ हल्का मेकअप और चंकी ज्वेलरी पहनकर आप सिम्पल yet स्टाइलिश लुक पा सकती हैं। आप इसे कैजुअल इवेंट्स, दोस्तों के साथ डेट्स, या छोटी पार्टियों में पहन सकती हैं।

## रेड साटन ऑफ-शोल्डर ड्रेस

वैलेंटाइन डे पर रेड साटन ऑफ-शोल्डर ड्रेस एक शानदार और स्टाइलिश विकल्प है। इस ड्रेस को पहनकर आप परफेक्ट लुक हासिल कर सकती हैं। इसके साथ ग्लॉसी मेकअप और बोल्ड लिपस्टिक शेड चुने, जो आपके लुक को और भी आकर्षक बनाएंगे। साथ में स्टोन वर्क चोकर नेकपीस और स्टड इयररिंग्स आपके लुक को और भी बेहतरीन बना देंगे। हेयर स्टाइल के लिए आप सीधे बाल रख सकती हैं। इस ड्रेस के साथ सिल्वर हील्स पहनकर आप पार्टी परफेक्ट लुक पा सकती हैं।



## पफ स्लीव्स ड्रेस

अगर आप डिनर डेट के लिए जा रही हैं, तो पफ स्लीव्स ड्रेस भी एक शानदार विकल्प है। यह ड्रेस स्लिम और चबी दोनों ही तरह की बॉडी टाइप्स पर शानदार लगती है। इसके साथ आप मिनिमल मेकअप करें और हूप्स इयररिंग्स के साथ कर्ली ओपन हेयर रख सकती हैं। यह लुक आपको क्लासी और स्टाइलिश दिखेगा। इस ड्रेस के साथ मैचिंग रेड वेलवेट हील्स पहन सकती हैं, जो आपके लुक को परफेक्ट बनाएंगी।



## सिक्विन वर्क वेलवेट ड्रेस

अगर वैलेंटाइन डे पर हल्की सर्दी हो, तो आप सिक्विन वर्क वाली वेलवेट ड्रेस भी पहन सकती हैं। यह ड्रेस खासकर रात के समय पर शानदार लगेगी। आप इस ड्रेस के स्क्वेयर या वी नेक पर सिल्वर चेन पहन सकती हैं, जो आपके लुक को स्टाइलिश और आकर्षक बना देगी। वेलवेट इयररिंग्स इस ड्रेस के साथ बहुत अच्छे लगेंगे। हेयर स्टाइल के लिए आप पोनी टेल रखें, जिसमें फ्रंट फ्लिक्स भी हों। इस ड्रेस के साथ सिक्विन वर्क वाली हील्स पहनकर आप अपने लुक को और भी शानदार बना सकती हैं।

## रेड बडीकॉन ड्रेस

अगर आप अपनी बॉडी को फ्लॉन्ट करना चाहती हैं तो रेड बडीकॉन ड्रेस परफेक्ट चॉइस हो सकती है। यह ड्रेस आपके लुक को बोल्ड और सेक्सी बनाती है। इसे पहनकर आप बेहद कॉन्फिडेंट और ग्लैमरस नजर आएंगी। इस ड्रेस के साथ आप स्ट्रेट हेयर या वेवी बाल रख सकती हैं। मेकअप में आपको न्यूड शेड की लिपस्टिक औ र स्मो की आ ई ज़ ट्राई करनी चाहिए, जो आ प के लुक को और भी आकर्षक बनाएंगे।



फुटवियर के लिए आप हाई हील्स पहन सकती हैं, जो आपके लुक को और भी एलीगेंट बना देंगी।

रेड

## रेड शिफ्ट ड्रेस

रेड शिफ्ट ड्रेस उन लड़कियों के लिए एक बेहतरीन विकल्प है, जो आरामदायक और स्टाइलिश लुक चाहती हैं। इस ड्रेस में आप आराम से बैठ सकती हैं और मूव कर सकती हैं, साथ ही यह किसी भी मौके पर परफेक्ट दिखती है। इसे पहनकर आप किसी भी पार्टी या डिनर डेट पर जा सकती हैं। साथ में आप गोल्डन या सिल्वर ज्वेलरी पहन सकती हैं, जो आपकी ड्रेस के साथ पूरी तरह से मैच करेगी। ओपन हेयर और मिनिमल मेकअप के साथ यह लुक बिल्कुल परफेक्ट होगा।

## वेस्टर्न ड्रेस

वैलेंटाइन डे पर यदि आप वेस्टर्न लुक अपनाना चाहती हैं, तो रेड वेस्टर्न ड्रेस भी एक शानदार ऑप्शन है। इस ड्रेस में आपको मॉडर्न और क्लासी लुक दोनों मिलेंगे। यह ड्रेस आपको ट्रेंडी और स्टाइलिश दिखाती है, खासकर यदि आप इसे सही तरीके से एक्सेसराइज़ करें। इसके साथ आप स्मोकी आईज़, बोल्ड लिपस्टिक और मेटैलिक ज्वेलरी पहन सकती हैं, जो आपके लुक को और भी चमकदार बना देगा।

वैलेंटाइन डे के इस खास दिन पर आप इन रेड शॉर्ट ड्रेसेस को स्टाइल करके अपनी तारीफें बटोर सकती हैं। चाहे आप डिनर डेट पर जा रही हों या किसी इवेंट में शामिल हो रही हों, ये ड्रेस आपके लुक को और भी आकर्षक बनाएंगी। इन्हें पहनकर आप अपने पार्टनर को एक खास सरप्राइज दे सकती हैं और इस खास दिन को यादगार बना सकती हैं।

# रोज़ सुबह पी लो ये जूस, बीमारियां रहेंगी दूर और चेहरे पर आएगा निखार



सर्दियों के मौसम में गाजर और चुकंदर का सेवन बहुत लाभदायक माना जाता है। अधिकतर लोग इसे सलाद, सूप या सब्जी के रूप में खाते हैं, लेकिन गाजर और चुकंदर का जूस पीना भी सेहत के लिए बेहद फायदेमंद होता है। यह जूस पोषक तत्वों से भरपूर होता है और कई बीमारियों से बचाव करने में सहायक होता है। लेकिन इसका सेवन सही समय और सही तरीके से करना जरूरी है। आइए जानते हैं कि इसे कब और कैसे पीना चाहिए और इसके क्या-क्या फायदे हैं।

### गाजर और चुकंदर का जूस पीने के फायदे

**इम्यूनिटी को बढ़ाए**

गाजर और चुकंदर के जूस में विटामिन-सी और एंटीऑक्सीडेंट प्रचुर मात्रा में होते हैं, जो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाने में मदद करते हैं। इसका नियमित सेवन सर्दी-खांसी और अन्य संक्रमण से बचाने में सहायक हो सकता है।

**पाचन तंत्र को करे मजबूत**

इस जूस में भरपूर मात्रा में फाइबर मौजूद होता है, जो पाचन तंत्र को दुरुस्त रखने में मदद करता है। यह कब्ज, गैस और अपच जैसी समस्याओं को कम करने में सहायक हो सकता है।

**वजन घटाने में मददगार**

अगर आप वजन घटाना चाहते हैं तो गाजर और चुकंदर का जूस आपके लिए फायदेमंद हो सकता है। इसमें फाइबर की मात्रा अधिक होती है, जिससे पेट अधिक समय तक भरा रहता है और भूख कम लगती है।

**हृदय को रखे स्वस्थ**

यह जूस दिल की सेहत के लिए भी लाभदायक है। इसमें मौजूद नाइट्रेट्स ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करने में मदद करते हैं और हृदय संबंधी बीमारियों के खतरे को कम कर सकते हैं।

**शरीर को करे डिटॉक्स**

गाजर और चुकंदर का जूस शरीर को डिटॉक्स करने में मदद करता है। यह विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालकर लिवर की कार्यक्षमता को बेहतर बनाता है।

गाजर और चुकंदर का जूस पीने का सही समय

वैसे तो इस जूस को दिन के किसी भी समय पिया जा सकता है, लेकिन सुबह खाली पेट इसका सेवन करने से अधिक लाभ मिलता है। सुबह इसका सेवन करने से शरीर को तुरंत पोषण मिलता है और यह दिनभर ऊर्जा बनाए रखने में सहायक होता है।

**गाजर और चुकंदर का जूस कितने दिन तक पीना चाहिए?**

अगर आप पूरी तरह स्वस्थ हैं तो इस जूस का सेवन रोजाना किया जा सकता है। लेकिन यदि आपको डायबिटीज, किडनी की समस्या या कोई अन्य स्वास्थ्य संबंधी परेशानी है, तो डॉक्टर से सलाह लेने के बाद ही इसका सेवन करें। अधिक मात्रा में इसका सेवन करने से कुछ लोगों को नुकसान भी हो सकता है।

गाजर और चुकंदर का जूस बनाने का तरीका

गाजर और चुकंदर का जूस बनाने के लिए आप निम्नलिखित विधि अपना सकते हैं:

**सामग्री**

1 मध्यम आकार की गाजर
1 छोटा चुकंदर
आधा कप पानी (वैकल्पिक)
नींबू का रस (स्वाद अनुसार)
काला नमक (स्वाद अनुसार)

**बनाने की विधि**

गाजर और चुकंदर को अच्छी तरह धोकर छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लें। इन्हें मिक्सी में डालकर अच्छी तरह ब्लेंड कर लें। जरूरत के अनुसार थोड़ा पानी मिलाकर फिर से ब्लेंड करें। इस जूस को छानकर एक गिलास में निकाल लें। इसमें थोड़ा नींबू का रस और काला नमक मिलाएं। ताजा जूस तुरंत पिएं, जिससे इसके पोषक तत्व नष्ट न हों।

# भूलकर भी दूध के साथ न खाएं ये चीजें नहीं तो हो सकती हैं ये गंभीर बीमारी

दूध हमारे शरीर के लिए बहुत फायदेमंद होता है। इसमें कैल्शियम, प्रोटीन, फाइबर, आयरन जैसे महत्वपूर्ण पोषक तत्व होते हैं, जो हड्डियों को मजबूत बनाने और पाचन तंत्र को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं। दूध पीने से शरीर को ऊर्जा भी मिलती है और यह विकास में सहायक होता है। लेकिन आयुर्वेद के अनुसार, कुछ चीजें हैं जिन्हें दूध के साथ नहीं खाना चाहिए, क्योंकि इनका सेवन करने से कई स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं।



**मछली**

दूध और मछली का एक साथ सेवन करना सेहत के लिए हानिकारक हो सकता है। दूध और मछली दोनों में प्रोटीन की अधिक मात्रा होती है, जो पाचन तंत्र पर अतिरिक्त दबाव डाल सकती है। इस संयोजन से शरीर में पाचन क्रिया असंतुलित हो सकती है, जिससे पेट दर्द, उल्टी, और अन्य पाचन संबंधित समस्याएं जैसे गैस, अपच और पेट में भारीपन हो सकता है। इसके अलावा, इन दोनों के मिलाने से शरीर में विषाक्त तत्व उत्पन्न हो सकते हैं, जो स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

**खट्टे फल**

नींबू, संतरा, मौसंबी जैसे खट्टे फल और दूध का सेवन एक साथ नहीं करना चाहिए। खट्टे फल में एसिड की अधिकता होती है, जो दूध के साथ मिलकर द्रव का खट्टापन बढ़ा सकती है और पाचन तंत्र को प्रभावित कर सकती है। इससे पेट में जलन, एसिडिटी, और अपच की समस्या हो सकती है। विशेष रूप से यदि आप खट्टे फल खाते हैं और फिर तुरंत दूध पीते हैं, तो यह दूध के प्रोटीन के साथ रिएक्ट कर सकता है, जिससे पाचन तंत्र में असंतुलन हो सकता है। इसके परिणामस्वरूप पेट में गैस, जलन और ताजगी की कमी महसूस हो सकती है।

**नमक वाली चीजें**

दूध के साथ नमक वाली चीजें जैसे चिप्स, नमकीन, या खारे पकवान खाना भी हानिकारक हो सकता है। नमक और दूध का मिश्रण शरीर में सोडियम और लैक्टोज के बीच असंतुलन उत्पन्न कर सकता है। यह रक्तचाप को बढ़ा सकता है और दिल की बीमारियों के खतरे को बढ़ा सकता है। साथ ही, शरीर में पानी का असंतुलन हो सकता है, जिससे त्वचा की समस्याएं, जैसे सूजन और खुजली, और बालों का झड़ना भी हो सकता है। इसके अलावा, यह पाचन तंत्र की समस्याओं को भी जन्म दे सकता है, जैसे गैस, एसिडिटी और पेट में भारीपन।

**शहद**

आयुर्वेद के अनुसार, दूध और शहद का एक साथ सेवन शरीर में गर्मी बढ़ा सकता है। यह संयोजन पाचन तंत्र पर असर डाल सकता है और त्वचा पर मुंहासे, रैशेज और जलन जैसी समस्याओं को बढ़ा सकता है। शहद में प्राकृतिक शर्करा और दूध के प्रोटीन का मिलन शरीर में विषाक्त पदार्थों का निर्माण कर सकता है, जिससे शरीर की आंतरिक उर्जा असंतुलित हो सकती है। इसके अलावा, यह गैस्ट्रिक समस्याओं को भी उत्पन्न कर सकता है, जैसे कि अपच, पेट में भारीपन और ताजगी की कमी।

**आलू**

दूध के साथ आलू का सेवन भी नुकसानकारी हो सकता है। आलू में स्टार्च की अधिकता होती है, जो दूध के प्रोटीन के साथ रिएक्ट करके शरीर में गैस और पेट की समस्याएं उत्पन्न कर सकती है। यह संयोजन अपच, पेट दर्द और पेट में सूजन जैसी समस्याएं उत्पन्न कर सकता है। आलू में मौजूद कार्बोहाइड्रेट और दूध के प्रोटीन मिलकर पाचन तंत्र को धीमा कर सकते हैं, जिससे पेट में भारीपन और असुविधा महसूस हो सकती है।

**मिठाइयां**

दूध के साथ मिठाइयां जैसे मिठा पनीर, गुलाब जामुन, रसगुल्ला आदि खाना सेहत के लिए हानिकारक हो सकता है। दूध और मिठा दोनों का संयोजन रक्त शर्करा के स्तर को बढ़ा सकता है, जिससे शरीर में ऊर्जा की कमी और सुस्ती महसूस हो सकती है। साथ ही, यह शर्करा के अधिक सेवन के कारण मधुमेह के खतरे को बढ़ा सकता है। इस संयोजन से शरीर में गड़बड़ हो सकती है, जिससे थकान, वजन बढ़ना और अन्य शारीरिक समस्याएं हो सकती हैं।

**चाय या कॉफी**

चाय या कॉफी के साथ दूध का सेवन कई बार पाचन तंत्र को प्रभावित कर सकता है। इन दोनों में मौजूद कैफीन और दूध के प्रोटीन का मिश्रण शरीर में पाचन प्रक्रिया को धीमा कर सकता है। इससे ऊर्जा का प्रवाह सही तरीके से नहीं हो पाता और नींद में खलल पड़ सकता है। अगर आप चाय या कॉफी पीते हैं, तो दूध का सेवन बाद में करना बेहतर है। साथ ही, यह संयोजन पाचन तंत्र में गैस और अपच जैसी समस्याएं भी उत्पन्न कर सकता है।

**खजूर**

दूध के साथ खजूर का सेवन भी सावधानी से करना चाहिए। खजूर में उच्च मात्रा में शुगर होती है, और जब इसे दूध के साथ मिलाया जाता है, तो यह शरीर में पित्त का असंतुलन उत्पन्न कर सकता है। पित्त बढ़ने से त्वचा पर रैशेज, मुंहासे और जलन जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इस संयोजन से शरीर में गर्मी का प्रभाव बढ़ सकता है, जो त्वचा की समस्याओं और गैस्ट्रिक समस्याओं का कारण बन सकता है।

# मेंटल हेल्थ सुधारने के लिए जीवन में करें ये बदलाव



आजकल की भागदौड़ भरी ज़िन्दगी में मानसिक तनाव और चिंता एक आम समस्या बन गई है। हम अक्सर अपनी दिनचर्या, काम और जिम्मेदारियों के बीच अपने मानसिक स्वास्थ्य को नजरअंदाज कर देते हैं। लेकिन मेंटल हेल्थ का सही होना उतना ही जरूरी है जितना शारीरिक स्वास्थ्य। अगर हम कुछ आसान और प्रभावी बदलाव अपने जीवन में लाते हैं, तो हम मानसिक शांति और खुशहाली पा सकते हैं। इस लेख में हम जानेंगे 4 ऐसे बदलाव, जो आपके मेंटल हेल्थ को बेहतर बना सकते हैं।

**सही नींद लें**

नींद हमारे शरीर और दिमाग दोनों के लिए बहुत जरूरी है। जब हम पूरी नींद नहीं लेते, तो इससे मानसिक स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है। सही नींद से आपका दिमाग तरोताजा रहता है, जिससे आप दिनभर अच्छा महसूस करते हैं और किसी भी काम से निपटने के लिए तैयार रहते हैं। रोज़ 7-8 घंटे की नींद लेने की कोशिश करें। सोने से पहले अपने मोबाइल और लैपटॉप से दूर रहें। सोने का समय और समय पर उठने की आदत डालें। सोने से पहले हल्का वर्कआउट या मेडिटेशन करें।

**हेल्दी लाइफस्टाइल**

हेल्दी लाइफस्टाइल का मतलब है, दिनचर्या में ऐसी आदतें डालना जो शारीरिक और मानसिक दोनों स्वास्थ्य को बढ़ावा दें। इससे न सिर्फ आपका शरीर स्वस्थ रहेगा, बल्कि मानसिक स्थिति भी बेहतर होगी। रोज़ कम से कम 30 मिनट की फिजिकल एक्टिविटी जैसे- दौड़ना, योग करना, या वॉकिंग आपके मूड को बेहतर कर सकती है। इससे शरीर में एंडोर्फिन (जो खुश रखने वाला हार्मोन है) बढ़ता है।

**अच्छी डाइट लें**

हमारा आहार हमारी मेंटल हेल्थ पर गहरा असर डालता है। यदि हम पोषक तत्वों से भरपूर और संतुलित आहार लेते हैं, तो इससे हमारी मानसिक स्थिति में भी सुधार आता है। ताजे फल और हरी सब्जियां मानसिक स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद हैं। ये शरीर को विटामिन, खनिज, और एंटीऑक्सीडेंट्स प्रदान करते हैं जो दिमागी स्थिति को बेहतर रखते हैं। मछली, अखरोट, और चिया सीड्स जैसे खाद्य पदार्थ मानसिक स्थिति को बेहतर रखने में मदद करते हैं। दाल, अंडा, मांस, और दही जैसी प्रोटीन युक्त चीजें दिमागी विकास में मदद करती हैं।

**सोशल इंगेजमेंट करें**

सोशल इंगेजमेंट मानसिक स्वास्थ्य के लिए बहुत जरुरी है। जब हम दोस्तों, परिवार के साथ समय बिताते हैं, तो हम अपने विचार और भावनाएँ शेयर कर पाते हैं, जिससे तनाव कम होता है और खुश रहना आसान होता है। समाज में सक्रिय रहने से आत्मविश्वास बढ़ता है, अकेलापन दूर होता है, और हम मानसिक रूप से मजबूत महसूस करते हैं। इसलिए, सामाजिक गतिविधियों में भाग लें, दूसरों से जुड़ें और सकारात्मक रिश्ते बनाएं, ये आपके मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाएंगे।



# अब टैक्स में राहत के लिए नहीं करना होगा बजट का इंतजार!

नई दिल्ली, 12 फरवरी (एजेंसियां)। 64 साल पुराना इनकम टैक्स कानून बदलने जा रहा है। सरकार नया इनकम टैक्स बिल लेकर आ रही है। माना जा रहा है कि इसे कल यानी गुरुवार को संसद में पेश किया जा सकता है। इस बीच इसका मसौदा सामने आया है जो 600 से ज्यादा पन्नों का है। इस नए कानून को इनकम टैक्स एक्ट 2025 कहा जाएगा और इसे अप्रैल 2026 से लागू किया जा सकता है। प्रस्तावित कानून में फाइनेंशियल ईयर के पूरे 12 महीने को टैक्स ईयर कहा जाएगा जबकि एसेसमेंट ईयर शब्द का यूज नहीं होगा। सूत्रों का कहना है कि टैक्सपेयर्स और एक्सपर्ट्स से मिलने वाली प्रतिक्रिया के आधार पर इस बिल में संशोधन किया जा सकता है। कैबिनेट ने पिछले हफ्ते इस बिल को मंजूरी दी थी।

इस बिल में इनकम टैक्स से जुड़े प्रावधानों को सरल बनाने, अनावश्यक प्रावधानों को हटाने और भाषा को आम आदमी के लिए अधिक अनुकूल बनाने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। पुराने कानून से हजारों प्रावधानों को नए कानून में हटा दिया गया है। 1961 में बने पुराने कानून में कई ऐसी धाराएं हैं जिन्हें पिछले कुछ वर्षों में आयकर अधिनियम से हटा दिए जाने के कारण अनावश्यक बना दिया गया है। हालांकि इसमें कई ऐसे मुद्दों को शामिल नहीं किया गया है जिनकी भाषा में बदलाव मुकदमेबाजी का कारण बन सकता है। इसकी वजह यह है कि टैक्सपेयर्स कई मामलों में नई व्याख्या चाहेंगे। बूटा शाह एंड कंपनी के पार्टनर हर्ष बूटा ने कहा कि नया आईटी बिल कोई नया टैक्स नहीं लाएगा। यह टैक्स अनुपालन को आसान बनाएगा।


## विकसित भारत लक्ष्य के लिए जुटाने होंगे 347 लाख करोड़

नई दिल्ली, 12 फरवरी (एजेंसियां)। भारत को 2047 तक विकसित अर्थव्यवस्था का लक्ष्य हासिल करने के लिए घरेलू बैंकिंग क्षेत्र को अगले दो दशक में 347.3 लाख करोड़ रुपये (4 ट्रिलियन डॉलर) की पूंजी जुटाने की आवश्यकता होगी। एचएसबीसी म्यूचुअल फंड की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत को अपने महत्वाकांक्षी लक्ष्य को पाने के लिए वित्तीय और बैंकिंग परिसंपत्तियों को जीडीपी की तुलना में बहुत तेज रफ्तार से बढ़ना होगा। भारतीय जीडीपी के 2023 के 3.4 लाख करोड़ डॉलर की तुलना में करीब 9 गुना बढ़कर 2047 तक 30 लाख करोड़ डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। इस आर्थिक विस्तार को समर्थन देने के लिए बैंकिंग परिसंपत्तियों को 2047 तक 14.5 गुना बढ़कर 45 लाख करोड़ डॉलर तक पहुंचना होगा, जिनका मूल्य वर्तमान में 3.1 लाख करोड़ डॉलर है।

# नया आयकर विधेयक आज संसद में हो सकता है पेश

नई दिल्ली, 12 फरवरी (एजेंसियां)। नया आयकर बिल गुरुवार को देश की संसद में पेश किया जा सकता है। आयकर कानूनों को सरल बनाने के मकसद से वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एक फरवरी 2025 के अपने बजट भाषण में नया आयकर विधेयक पेश करने का एलान किया था। इस विधेयक को केंद्रीय कैबिनेट की भी मंजूरी मिल चुकी है। जानकारी के अनुसार, लोकसभा में 536 धाराओं और 23 अध्यायों में तैयार 622 पन्नों वाला आयकर विधेयक 2025 अधिक व्यवस्थित और वर्तमान कानून की तुलना में सरल होगा।

एक बार कानून बनने के बाद यह विधेयक छह दशक पुराने आयकर अधिनियम 1961 की जगह लेगा। पहले का कानून समय के साथ और विभिन्न संशोधनों के बाद काफि जटिल हो गया है। सरकार की ओर से प्रस्तावित नए कानून में, आयकर अधिनियम, 1961 में उल्लिखित 'पिछले वर्ष' (एफवाई) शब्द को बदलकर 'कर वर्ष' कर दिया गया है। इसके साथ ही, मूल्यांकन वर्ष (एवाई) की अवधारणा को समाप्त कर दिया गया है।




| | पहले | अब |
|---|---|---|
| धारा | 298 | 536 |
| अनुसूची | 14 | 16 |
| अध्याय | 23 | 23 |
| पन्ने | 880 | 622 |

### नए कानून में कर निर्धारण वर्ष की अवधारणा होगी समाप्त

वर्तमान में, पिछले वर्ष (2023-24) में अर्जित आय के लिए, कर का भुगतान निर्धारण वर्ष (2024-25) में किया जाता है। इस नये विधेयक में पिछले वर्ष और निर्धारण वर्ष की अवधारणा को हटा दिया गया है और सरलीकृत विधेयक में केवल कर वर्ष की बात कही गई है। आयकर विधेयक, 2025 में 536 धाराएं शामिल हैं, जो वर्तमान आयकर अधिनियम, 1961 के 298 धाराओं से अधिक हैं। मौजूदा कानून में 14 अनुसूचियां हैं जो नए कानून में बढ़कर 16 हो जाएंगी। हालांकि, नए आयकर विधेयक में भी अध्यायों की संख्या 23 ही रखी गई है। जबकि पृष्ठों की संख्या काफी कम होकर 622 हो गई है, जो वर्तमान के भारी-भरकम अधिनियम का लगभग आधा है, जिसमें पिछले छह दशकों में किए गए संशोधन शामिल हैं। जब आयकर अधिनियम, 1961 लाया गया था, तो इसमें 880 पृष्ठ थे।

### नए कानून 16 अनुसूची और 23 अध्याय होंगे

एएमआरजी एंड एसोसिएट्स के वरिष्ठ भागीदार रजत मोहन ने कहा, ''धाराओं में यह वृद्धि कर प्रशासन के लिए एक अधिक व्यवस्थित दृष्टिकोण को दर्शाती है, जिसमें आधुनिक अनुपालन तंत्र, डिजिटल शासन और व्यवसायों एवं व्यक्तियों के लिए सुव्यवस्थित प्रावधान शामिल हैं। नए कानून 16 अनुसूची और 23 अध्याय हैं।''

उन्होंने कहा, ''आयकर अधिनियम, 1961 से एक महत्वपूर्ण बदलाव यह है कि इससे पहले, आयकर विभाग को विभिन्न प्रक्रियात्मक मामलों, कर योजनाओं और अनुपालन ढांचे के लिए संसद का दरवाजा खटखटाना पड़ता था। अब सीबीडीटी को स्वतंत्र रूप से ऐसी योजनाएं पेश करने, नौकरशाही में देरी कम करने और कर प्रशासन को अधिक गतिशील बनाने का अधिकार दिया गया है।'' प्रस्तावित कानून के अनुसार, सीबीडीटी अब कर प्रशासन नियमों को लागू कर सकता है, अनुपालन उपायों को पेश कर सकता है और खंड 533 के अनुसार लगातार विधायी संशोधनों की आवश्यकता के बिना डिजिटल कर निगरानी प्रणाली को लागू कर सकता है।

## आज सोने में गिरावट, चांदी महंगी हुई



नई दिल्ली, 12 फरवरी (एजेंसियां)। सोने के दाम में आज यानी 12 फरवरी को गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 388 रुपए गिरकर 85,093 रुपए हो गया है। इससे पहले 11 फरवरी को सोना 85,481 रुपए पर बंद हुआ था।

वहीं ये 85,903 रुपए पर ओपन हुआ था, जो इसका ऑलटाइम हाई है। हालांकि, चांदी की कीमत में आज बढ़त है। एक किलो चांदी की कीमत 230 रुपए बढ़कर 94,400 रुपए किलो पर पहुंच गई है। कल चांदी का भाव 94,170 रुपए किलो था। चांदी ने 23 अक्टूबर 2024 को अपना ऑल टाइम हाई बनाया था, तब ये 99,151 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई थी। इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 8,931 रुपए बढ़कर 85,093 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी का भाव भी 86,017 रुपए प्रति किलो से 8,383 रुपए बढ़कर 94,400 रुपए पर पहुंच गया है।

## दैनिक पंचांग

**ग्रह गोचर**




| ग्रह स्थिति | |
|---|---|
| सूर्य- | कुंभ मे |
| चंद्र- | सिंह मे |
| मंगल | मिथुन मे |
| बुध- | कुंभ मे |
| गुरु- | वृष मे |
| शुक्र- | मीन मे |
| शनि- | कुंभ मे |
| राहु- | मीन मे |
| केतु- | कन्या मे |

| लग्नारंभ समय | |
|---|---|
| कुंभ... | 06-46 बजे |
| मीन.... | 08-24 बजे |
| मेष--- | 10-00 बजे |
| वृष--- | 11-44 बजे |
| मिथुन.. | 13-45 बजे |
| कर्क.... | 15-57 बजे |
| सिंह--- | 18-10 बजे |
| कन्या... | 20-16 बजे |
| तुला.... | 22-22 बजे |
| वृश्चिक... | 00-32 बजे |
| धनु...... | 02-45 बजे |
| मकर... | 05-05 बजे |

श्री कालयुक्त संवत्सर-विक्रम संवत-2081
शक संवत- 1946 सूर्य • उत्तरायणे • ऋतु • शिशिर
महावीर निर्वाण संवत् -2051, हिज्री सन् -1444
कलियुग अवधि-432000
भोग्य कलि वर्ष-426875
सूर्योदय - 06-48
सूर्यास्त - 18-12
कलियुग संवत् -5125 वर्ष,
कल्पारंभ संवत् -1972949125
सृष्टि ग्रहारंभ संवत-1955885125
दिशाशूल -- दक्षिण - जीरा खाकर घर से निकले
तिथि- प्रतिपदा . 20-21 तक उपरान्त द्वितीया
मास - फाल्गुन कृष्ण , गुरुवार 13 February
नक्षत्र - मघा 21-06 तक उपरान्त पूर्वाफाल्गुनी
योग - शोभन 07-30 तक उप अतिगण्ड
करण- बालव 07-47 तक उप कौलव
विशेष:-
व्रत -त्योहार - मूसल योग

विशेष:- राशिफल गृहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश क लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

**राहुकाल 13:57 से 15:23 तक**

**पं महेशचन्द्र शर्मा मो. 9247132654, 9167555710**

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| शुभ | 06:48 - 08:11 | शुभ | अमृत. | 18:12 - 19:49 | शुभ |
| रोग | 08:11 - 09:38 | अशुभ | चंचल. | 19:49 - 21:23 | शुभ |
| उत्पात | 09:38 - 11:04 | अशुभ | रोग | 21:23 - 22:57 | अशुभ |
| चंचल. | 11:04 - 12:30 | शुभ | काल | 22:57 - 00:30 | अशुभ |
| लाभ | 12:30 - 13:57 | शुभ | लाभ | 00:30 - 02:04 | शुभ |
| अमृत | 13:57 - 15:23 | शुभ | उत्पात | 02:04 - 03:37 | अशुभ |
| काल. | 15:23 - 16:50 | अशुभ | शुभ | 03:37 - 05:11 | शुभ |
| शुभ | 16:50 - 18:12 | शुभ | अमृत | 05:11 - 06:48 | शुभ |

## आपका राशिफल

**मेष** चू,चे, चो, ला, ली, लू , ले, लो, अ,
गृहों की स्थिति ऐसी है कि आपको अप्रत्याशित बाधाओं का सामना करना पड़ सकता है ,पिछले कुछ समय से आप बहुत अच्छी स्थिति में हैं और फिलहाल ऐसा कुछ भी नही है जो परेशानी पैदा करने वाला दीखता हो । लेकिन आज ऐसी बढ़ाएं और परेशानियां पैदा होने वाली हैं जो आपके काम और मूड दोनों को ही प्रभावित करेंगी । अप्रत्याशित समस्याओं से काम कुछ समय के लिए रुक सकता है । आज का दिन बहुत ख़ास है क्योंकि आज आप अपने पार्टनर से खुलकर बात कर पायेंगे ।

**वृष** ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,
यह आपके व्यवसाय के खिलने के लिए के लिए एक शुष्क मौसम है, इसलिए अभी आप अपने व्यक्तित्व को सवारने का प्रयत्न कर सकते हैं। आप एक सक्रिय व्यक्ति हैं और आपकी अच्छी ग्राहक सेवा असंख्य बार आपके ग्राहकों को वापस लाने के लिए प्रेरित करेगी । आपके व्यय नियंत्रण में है क्योंकि आप हमेशा से सरल तरीको से अपने खर्चे का निर्वाह करते हैं ।

**मिथुन** का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, ह,
आप उस पैसे के साथ काफी लापरवाह है जो आपने अपनी जरूरत के लिए बचाया है , लेकिन आपको भविष्य में अपनी वित्तीय सुरक्षा के लिए , अपनी असाधारण आदतों को नियंत्रित करना होगा । आप अपने निवेश के बारे में एक विशेषज्ञ से परामर्श करें जो आपको धन के बारे में उचित परामर्श दे सके जिससे धन की वृद्धि हो ।

**कर्क** ही, हू ,हे , हो, डा , डी, डू, डे, डो,
अपने घर से जुडी किसी अच्छी खबर के लिए तैयार रहें । निवास स्थान में बदलाव संभव है या नया घर खरीदने की योजना को अंतिम रूप दे सकते हैं । अपनी सकारात्मक ऊर्जा का लाभ उठायें । अगर आप कुछ समय से अपने घर या इसके किसी हिस्से को को नया रूप देने के बारे में सोच रहे हैं तो यह समय इसके लिए बहुत अच्छा है ।

**सिंह** मा, मी ,मू ,मे, मो, टा, टी ,टू ,टे,
आज आपका विशेष ध्यान दोस्तों पर रहेगा । किसी पुराने दोस्त से या तो आप मिलेंगे या उनमे से कोई आपसे मिलने आज अचानक चला आएगा । आज अपनी किसी एक या अधिक दोस्तों की परेशानी में मदद भी करने वाले हैं । दूसरी ओर,एक दोस्त आपके ऊपर अपना गुस्सा भी निकल सकता है लेकिन बुरा ना मानें । उस दोस्त की अपनी कुछ परेशानियां चल रही अहिं और इसीलिए वह ऐसे व्यवहार कर रहा है ।

**कन्या** टो पा पी पू ष ण ठ पे पो
आज आप कुछ उलझे हुए से रहेंगे । आप कोई महत्वपूर्ण काम शुरू करने के लिए भी उतावले हैं । परन्तु आज प्रतीक्षा करना और कोई महत्वपूर्ण काम शुरू न करना ही ठीक होगा । शाम तक उलझन खुद कम हो जायेगी । दिन बाधारहित गुजरेगा । यात्रा कर सकते हैं ,सार्वजनिक परिवहन से देर हो सकती है । दूसरे विकल्प खुले रखें ।

**तुला** रा, री, रू ,रे ,रो , ता, ती, तू ,ते,
यदि आप आज थोड़े से धीरज और सहनशीलता के साथ काम लें तो आज का दिन आपके लिए बहुत अच्छा हो सकता है,लेकिन धीरज बनाये रखना ही सबसे बड़ी चुनौती है । समय भी आपको रेंगता सा अनुभव होगा और आप जिस गति से चाहते हैं,उससे काम नहीं हो पायेंगे । अगर आप जल्दी भी मचाएंगे तो सब गड़बड़ हो जाएगा । खुद को शांत रख पाने की किसी क्रिया के साथ दिन की शुरुआत करें ।

**वृश्चिक** तो,ना,नी, ने,नू, नो, या, यी ,यू,
आज आपको अपनी मेहनत का फल मिलेगा । पहचान और इज्जत भी मिलेगी । वित्तीय स्थिति बेहतर होगी,ऑफिस में तारीफ़ मिलेगी । वेतन में बढ़ोतरी भी संभव है । सेल्स क्षेत्र वाले लोग भी लक्ष्य हासिल क्र पायेंगे । आज अपने परिधान में नीला रंग शामिल करें । इससे सकारात्मक ऊर्जा मिलेगी। आप स्वास्थ्य सम्बन्धी कई समस्याओं जैसे एसिडिटी ,अपच,शुष्क त्वचा तथा गिरते बालों से चिंतित रहेंगे।

**धनु** ये, यो,भा, भी, भू धा ,फा, ढा, भे
आज आपका नाम होगा और आपको प्रसिद्धि भी मिलेगी । आप आज तर्क के स्थान पर अपने दिल की आवाज और प्रवृति के आधार पर फैसले कर सकते हैं,लेकिन वे भी वित्त के मामले में लाभकारी ही साबित होंगे । आप इन दिनों फैसले लेने में सबसे अधिक महत्ता अपने मन की आवाज को देते हैं ,लेकिन आपको भविष्य की बेहतरी के लिए वर्तमान समय में कुछ आरामों को छोड़ना होगा।

**मकर** भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी
आपकी वर्तमान जिंदगी में काफी उतार चढाव आ रहे हैं । लेकिन आपको उनसे जल्दी ही छुटकारा मिलने वाला है । अपना नजरिया हमेशा की तरह सकारात्मक बनाये रखें,स्थिति जल्दी ही बेहतर होगी । लोग आपसे सहायता मांगेंगे और आप उनकी सहायता में व्यस्त होकर अपनी चिंताएं भूल जायेंगें । दूसरों के बारे में सोच सोचकर खुद को तनाव न दें।

**कुंभ** गू, गे ,गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,
आज सब कुछ आपके मनचाहे तरीके से होगा और आपको अपने प्रयासों में सफलता मिलेगी । आप पुराने नुक्सान की भरपाई भी कर लेंगे । इसके परिणामस्वरूप आप अपनी संभावनाओं के प्रति अधिक आशावादी भी हो सकते हैं ,किसी भी अवसर के बारे में गहरे से सोचे बिना जोखिम ना उठायें । असावधान रहेंगे तो किसी से मुठभेड़ हो सकती है ।

**मीन** दी, दू,थ, झ, ञ, दे, दो, चा,ची
आज आप बहुत साहसिक अनुभव कर रहे हैं और अपना रास्ता खुद बनाने के लिए तैयार हैं । आप अपनी इच्छाशक्ति से सब मुश्किलों पर विजय प्राप्त कर लेंगे । आज आपकी तरक्की को कोई नही रोक सकता । इसीलिए अपने सभी मुश्किल काम आज करने की योजना बनाएं,सफलता आपके कदम चूमेगी । आप दूसरों की देखभाल बहुत अच्छे से करते हैं।

**श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र**

# पेरिस में सुंदर पिचाई के अलावा स्केल एआई के सीईओ ने पीएम मोदी से की मुलाकात



नई दिल्ली, 12 फरवरी (एजेंसियां)। पेरिस में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) एक्शन समिट में दुनियाभर के नेता और टेक दिग्गज शामिल हुए थे। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने यहां पेरिस सीईओ फोरम में गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई सहित कई बड़ी कारोबारी हस्तियों से मुलाकात की। सुंदर पिचाई के अलावा स्केल एआई के फाउंडर और सीईओ एलेक्जेंडर वांग ने भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इस दौरान एआई इंडस्ट्री के भविष्य पर चर्चा हुई।

गूगल सीईओ सुंदर पिचाई ने एआई समिट से इतर प्रधानमंत्रीनरेंद्र मोदी से मुलाकात के बाद कहा कि एआई भारत में कई बेहतरीन मौके लेकर आएगा। हम भारत के साथ मिलकर देश में डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन लेकर आएंगे।

सुंदर पिचाई ने प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात के बाद कहा कि पेरिस में एआई एक्शन समिट के दौरान और बाद में पीएम मोदी से मिलकर खुशी हुई। हमने एआई के भविष्य पर चर्चा की और उन मौकों पर भी जो भारत के लिए फायदेमंद होगी। हम मिलकर भारत में डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन ला सकते हैं। पिचाई के अलावा स्केल एआई के संस्थापक और सीईओ एलेक्जेंडर वांग ने भी प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की। उन्होंने इस मुलाकात के बाद सोशल मीडिया पोस्ट कर बताया कि पेरिस में नरेंद्र मोदी और इमैनुएल मैक्रॉन से मिलकर बहुत अच्छा लगा। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पेरिस में इंडिया-फ्रांस सीईओ फोरम को संबोधित किया, जिसमें उन्होंने कहा कि यह मंच आर्थिक संबंधों को मजबूत करने में अहम भूमिका निभा सकता है। उन्होंने कहा कि यह फोरम भारत-फ्रांस के बेस्ट बिजनेस माइंड्स का ठिकाना है। इस फोरम के जरिए दोनों देशों के रणनीतिक साझेदारी को मजबूती मिलती है।

बता दें, एलेक्जेंडर वांग 1997 में अमेरिका के लॉस अलामोस में पैदा हुए थे। उन्होंने मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में थोड़े समय के लिए पढ़ाई की, लेकिन 2016 में स्केल एआई की स्थापना के लिए इसे छोड़ दिया। वह 2021 में सिर्फ 24 साल की उम्र में दुनिया के सबसे कम उम्र के सेल्फ-मेड अरबपति बन गए थे।

## भारत में भ्रष्टाचार बढ़ा : 3 पायदान गिरकर 96वीं रैंक पर पहुंचा

### 180 देशों की लिस्ट में चीन 76 और पाकिस्तान 135वें नंबर पर

नई दिल्ली, 12 फरवरी (एजेंसियां)। ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल ने अपनी 180 देशों की करप्शन रिपोर्ट जारी की। भारत की रैंकिंग में गिरावट आई है। वह 2024 की लिस्ट में 3 पायदान गिरकर 96वें नंबर पर आ गया है। 2023 में भारत 93वें नंबर पर था। इसका मतलब हमारे यहां करप्शन बढ़ा है। पड़ोसी देश चीन 76वें नंबर पर बरकरार है। उसकी रैंकिंग में 2 साल से बदलाव नहीं आया है। वहीं, पाकिस्तान में भी करप्शन बढ़ा है। वह 133 से 135वें नंबर पर आ गया है।

**श्रीलंका 121वें और बांग्लादेश 149वें नंबर पर है**

डेनमार्क पहले नंबर पर बना हुआ है। वहां सबसे कम भ्रष्टाचार है। फिनलैंड दूसरे और सिंगापुर तीसरे नंबर पर है। जबकि साउथ सूडान (180) सबसे करप्ट देश है। जारी की गई रैंकिंग में 1 नंबर पर रहने वाले देश में कम भ्रष्टाचार है और 180वें नंबर पर रहने वाले देश में सबसे ज्यादा भ्रष्टाचार है।

**भारत का स्कोर 38, 2023 में 39 था**

मंगलवार को जारी रिपोर्ट में भारत का स्कोर 38 निर्धारित किया गया है। 2023 में यह स्कोर 39 और 2022 में 40 था। सिर्फ एक नंबर के कम होने से भारत 3 पायदान खिसक गया है। वैश्विक औसत सालों से 43 बना हुआ है। जबकि दो-तिहाई से अधिक देशों ने 50 से नीचे स्कोर किया है। इस इंडेक्स के लिए ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल के एक्सपर्ट्स हर देश के पब्लिक सेक्टर में भ्रष्टाचार का आकलन करते हैं। इसके बाद हर देश को 0 से 100 के बीच स्कोर दिया जाता है। जिस देश में जितना ज्यादा भ्रष्टाचार, उसे उतना कम स्कोर दिया जाता है। इसी आधार पर इंडेक्स में रैंकिंग निर्धारित होती है।

## दिन के निचले स्तर से 783 अंक संभला बाजार सेंसेक्स 122 अंक गिरकर 76,171 पर बंद

### निफ्टी रियल्टी सबसे ज्यादा 2.74% गिरा

मुंबई, 12 फरवरी (एजेंसियां)। सेंसेक्स आज यानी 12 फरवरी को दिन के निचले स्तर 75,388 से 783 अंक संभला। यह 122 अंक की गिरावट के साथ 76,171 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी निचले स्तर 22,798 से 247 अंक की रिकवरी देखने को मिली, ये 26 अंक की गिरावट के साथ 23,045 स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 16 में तेजी और 14 में गिरावट रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 28 में तेजी और 22 में गिरावट रही। एनएसई सेक्टोरल इंडेक्स के रियल्टी सेक्टर में सबसे ज्यादा 2.74% की गिरावट रही।

**एशियाई बाजारों में तेजी रही**

रिलायंस, महिंद्रा एंड महिंद्रा और आईटीसी ने बाजार को गिराने में सबसे ज्यादा कॉन्ट्रिब्यूट किया। जबकि, लार्सन एंड टुब्रो, एचडीएफसी बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक ने सेंसेक्स को ऊपर खीचने की कोशिश की। एशियाई बाजार में कोरिया के कोस्पी में 0.37% की तेजी रही। हॉन्गकॉन्ग के हैंगसेंग में 2.64% की तेजी और चीन के शंघाई कम्पोजिट इंडेक्स में 0.85% की तेजी रही।

## पत्नी को घूरने वाले बयान के बाद एलएंडटी चेयरमैन फिर चर्चा में

### *अब बोले-भारत के लोग दफ्तर नहीं जाना चाहते*

नई दिल्ली, 12 फरवरी (एजेंसियां)। पिछले महीने हफ्ते में 90 घंटे काम और रविवार को भी काम करने की सलाह देकर विवादों में रहे लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) के चेयरमैन एसएन सुब्रह्मण्यम का फिर एक बयान चर्चा में है। इस बार उन्होंने नौकरी की जगह बदलने और लोगों के दफ्तर जाने की इच्छा पर टिप्पणी करके एक और विवाद को जन्म दे दिया है।

सीआईआई साउथ ग्लोबल लिंकेज शिखर सम्मेलन में बोलते हुए, उन्होंने कहा कि भारतीय श्रमिक, जिनमें तकनीकी विशेषज्ञ भी शामिल हैं, नौकरी के लिए आगे बढ़ने से हिचकिचाते हैं। इससे उद्योग के लिए चुनौतियां पैदा होती हैं। निर्माण उद्योग में श्रमिकों की कमी पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि जहां कई देश प्रवास की समस्याओं से जूझ रहे हैं, वहीं भारत में लोगों के काम के लिए आगे बढ़ने से अनिच्छुक होने की एक अनूठी समस्या है। एलएंडटी के चेयरमैन एसएन सुब्रह्मण्यन ने कहा कि कल्याणकारी योजनाओं और वित्तीय सहायता की उपलब्धता के कारण श्रमिकों में नौकरी करने इच्छा खत्म हो रही है। सुब्रमण्यम ने बताया कि एलएंडटी में करीब चार लाख मजदूर काम करते हैं, लेकिन छंटनी के कारण कंपनी को सालाना करीब 60 लाख मजदूरों की व्यवस्था करनी पड़ती है। उन्होंने कहा कि मजदूरों को काम पर रखने के पारंपरिक तरीके बदल गए हैं, जिसमें डिजिटल संचार अब महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा, किसी नई साइट के लिए बढ़ई लाने के लिए कंपनी उन बढ़ईयों की सूची में संदेश भेजती है, जिनके साथ वह काम कर रही है या पहले काम कर चुकी है।

हालांकि, उन्होंने बताया कि कामगारों को काम पर रखने के लिए राजी करना एक चुनौती बनी हुई है। एलएंडटी के मुखिया के अनुसार मानव संसाधन से जुड़े मुद्दों को संबोधित करने के लिए, एलएंडटी ने श्रम के लिए एचआर नामक एक अलग विभाग बनाया है। सुब्रमण्यम ने जन धन बैंक खातों, प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण, गरीब कल्याण योजना और मनरेगा योजना जैसे कारकों को श्रमिकों की अनिच्छा के लिए जिम्मेदार ठहराया।

## कंगाल हुआ बांग्लादेश! खाने के तेल के पड़े लाले, रमजान से पहले आसमान छूने लगी कीमत

नई दिल्ली, 12 फरवरी (एजेंसियां)। बांग्लादेश कंगाल होने की कगार पर आ गया है। यहां रमजान से पहले ही कई जरूरी चीजों की किल्लत हो गई है। लोगों को फूड ऑयल (खाने का तेल) की कमी का सबसे ज्यादा सामना करना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि खाने के तेल की कीमतें आसमान छूने लगी हैं। हालांकि बांग्लादेश की कार्यवाहक सरकार का कहना है कि यह परेशानी अस्थायी है। इसका समाधान जल्द कर लिया जाएगा।

बांग्लादेश में जब से मोहम्मद यूनुस ने कार्यवाहक प्रधानमंत्री के रूप में पद संभाला है, स्थिति और गंभीर हो गई है। पिछले साल बांग्लादेश में संकट के बाद शेख हसीना ने प्रधानमंत्री पद छोड़ दिया था। इसके साथ ही उन्होंने बांग्लादेश भी छोड़ दिया था। शेख हसीना के बाद मोहम्मद यूनुस कार्यवाहक प्रधानमंत्री बने, लेकिन अब स्थिति उनसे भी संभलती दिखाई नहीं दे रही है।




**कितना बढ़ गया तेल का भाव?**

बांग्लादेश में पिछले कुछ दिनों में तेल की कीमतें आसमान छू रही हैं। यहां बिना ब्रांड वाला सोयाबीन तेल 170 से 175 टका प्रति लीटर बिक रहा है। वहीं ब्रांड वाले तेल की कीमत 175 से 178 टका प्रति लीटर पहुंच गई है। बांग्लादेश की करेंसी का नाम टका है। बांग्लादेश का एक टका भारत के 72 पैसे के बराबर है। बांग्लादेश ट्रेडिंग कॉरपोरेशन (टीसीबी) के अनुसार, पिछले हाल ही में खुले सोयाबीन तेल की कीमतों में 4 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है।

## जनवरी में खुदरा महंगाई दर घटकर 4.31 प्रतिशत पर आई

नई दिल्ली, 12 फरवरी (एजेंसियां)। खाद्य वस्तुओं की कीमतों में कमी के कारण खुदरा मुद्रास्फीति जनवरी में धीमी होकर 4.31 प्रतिशत पर आ गई। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा मुद्रास्फीति दिसंबर में 5.22 प्रतिशत और जनवरी 2024 में 5.1 प्रतिशत थी। बुधवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में इसकी पुष्टि की गई।

खाद्य वस्तुओं की मुद्रास्फीति 6.02 प्रतिशत रही, जो दिसंबर में 8.39 प्रतिशत तथा एक वर्ष पूर्व माह में 8.3 प्रतिशत थी। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) से यह सुनिश्चित करने को कहा गया है कि खुदरा मुद्रास्फीति 2 प्रतिशत के मार्जिन के साथ 4 प्रतिशत पर बनी रहे। इससे पहले, समाचार एजेंसी रॉयटर्स ने अपनी एक रिपोर्ट में उपभोक्ता मुद्रास्फीति जनवरी 2025 में पांच महीने के निचले स्तर 4.60% पर आने की उम्मीद जतायी थी।

# शराब घोटाला केस, त्रिपाठी को बेल, ईडी को फटकार

## सुप्रीम कोर्ट बोला–आदेश रद्द होने की सूचना भी नहीं दी, आरोपी को जेल में क्यों रहना चाहिए

रायपुर, 12 फरवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ शराब घोटाला मामले में जेल में बंद आरोपी अरुण पति त्रिपाठी को सुप्रीम कोर्ट ने शर्तों के साथ से जमानत दे दी है। साथ ही ईडी को फटकार लगाई है। कोर्ट ने कहा ईडी की शिकायत पर संज्ञान लेने का आदेश हाईकोर्ट से रद्द हो चुका है, तो आरोपी को जेल में क्यों रहना चाहिए?

कोर्ट ने कहा कि पीएमएलए की थ्योरी यह नहीं हो सकती कि व्यक्ति जेल में रहेगा ही। संज्ञान रद्द होने के बाद भी व्यक्ति जेल में है, इसे क्या कहा जाना चाहिए। हमने यह भी देखा कि आपने हमें खुद से यह सूचना भी नहीं दी। सुनवाई जस्टिस अभय एस ओक और जस्टिस भुयान की बेंच में हुई।

हालांकि, एपी त्रिपाठी के खिलाफ ईओडब्ल्यू भी जांच कर रही है, इसलिए उनका जेल से बाहर आना मुश्किल है। इस दौरान बचाव पक्ष की सीनियर एडवोकेट मीनाक्षी अरोड़ा ने बेंच को यह तथ्य बताया कि प्रकरण में संज्ञान हाईकोर्ट से रद्द हो चुका है।



इस के संबंध में हाईकोर्ट के आदेश की कॉपी भी पेश की गई। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने ईडी पर नाराजगी जताई।

अपीलकर्ता को एक सप्ताह के भीतर विशेष न्यायालय के समक्ष पेश होने के निर्देश दिए। साथ ही स्पेशल कोर्ट को पासपोर्ट जमा करने की शर्त सहित कड़ी शर्तों के अधीन उसे जमानत पर रिहा करने के निर्देश दिए। अपीलकर्ता को नियमित रूप से अदालती कार्यवाही में उपस्थित होने को भी कहा है।

**कौन है अरुण पति त्रिपाठी?**

अरुण पति त्रिपाठी छत्तीसगढ़ सरकार के आबकारी विभाग के विशेष सचिव रहे हैं। पहले वे छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड के एमडी भी रहे हैं। एपी त्रिपाठी इंडियन टेलीकॉम के ऑफिसर हैं, जो डेपुटेशन पर छत्तीसगढ़ में कार्यरत रहे हैं। वहीं 8 अगस्त 2024 से एपी न्यायिक अभिरक्षा में जेल बंद है। अरुणपति त्रिपाठी के खिलाफ पूरक अभियोजन परिवाद ईडी के रायपुर स्थित विशेष न्यायालय में 5 अक्टूबर 2024 को दायर की गई। ईडी कोर्ट ने उसी दिन ही मामले पर संज्ञान ले लिया, लेकिन 7 फरवरी 2025 को हाईकोर्ट ने पीएमएलए कोर्ट के लिए संज्ञान को रद्द कर दिया था।

छत्तीसगढ़ शराब घोटाला मामले में ईडी जांच कर रही है। ईडी ने एसीबी में एफआईआर दर्ज कराई है। दर्ज एफआईआर में 2 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के घोटाले की बात कही गई है। ईडी ने अपनी जांच में पाया कि तत्कालीन भूपेश सरकार के कार्यकाल में आईएएस अफसर अनिल टुटेजा, आबकारी विभाग के एमडी एपी त्रिपाठी और कारोबारी अनवर ढेबर के सिंडिकेट के जरिए घोटाले को अंजाम दिया गया था।

**डुप्लीकेट होलोग्राम लगाकर बेची गई शराब**

ईडी की ओर से दर्ज कराई गई एफआईआर की जांच एसीबी कर रही है। एसीबी से मिली जानकारी के अनुसार साल 2019 से 2022 तक सरकारी शराब दुकानों से अवैध शराब डुप्लीकेट होलोग्राम लगाकर बेची गई। इससे शासन को करोड़ों के राजस्व का नुकसान हुआ है।

**2019 से 2022 के बीच चले शराब घोटाले में ईडी के मुताबिक ऐसे होती थी अवैध कमाई**

**ए : डिस्टलरी संचालकों से कमीशन**

2019 में डिस्टलरी संचालकों से प्रति पेटी 75 रुपए और बाद के सालों में 100 रुपए कमीशन लिया जाता था। कमीशन को देने में डिस्टलरी संचालकों को नुकसान ना हो, इसलिए नए टेंडर में शराब की कीमतों को बढ़ाया गया। साथ ही फर्म में सामान खरीदी करने के लिए ओवर बिलिंग करने की राहत दी गई।

**बी : नकली होलोग्राम वाली शराब को सरकारी दुकानों से बिकवाना**

डिस्टलरी मालिक से ज्यादा शराब बनवाई। नकली होलोग्राम लगाकर सरकारी दुकानों से बिक्री करवाई गई। नकली होलोग्राम मिलने में आसानी हो, इसलिए एपी त्रिपाठी के माध्यम से होलोग्राम सप्लायर विधु गुप्ता को तैयार किया गया।

# बलौदाबाजार हिंसा, देवेंद्र यादव का संबंध अपराधियों से

## चालान में लिखा, हिंसा से पहले प्रदर्शनकारियों से कई बार बातचीत, फंडिंग का दिया आश्वासन

रायपुर, 12 फरवरी (एजेंसियां)। बलौदाबाजार हिंसा मामले में पुलिस ने 6970 पेज का चालान कोर्ट में पेश किया है। इसके कुछ अहम दस्तावेज हाथ लगे हैं। इन दस्तावेजों में पुलिस ने घटना की पूरी जानकारी, आरोपियों की भूमिका और उनसे जुड़े सबूतों का जिक्र किया है।

इसमें यह भी कहा गया है कि, विधायक देवेंद्र यादव को बलौदाबाजार में हिंसा होने की जानकारी थी। उन्होंने हिंसा से पहले प्रदर्शनकारियों से कई बार बातचीत की थी। उग्र आंदोलन के लिए फंडिंग का भी आश्वासन वहां के लोगों को दिया था। इस मामले में 189 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, एमएलए यादव अब भी जेल में हैं।

बलौदाबाजार अग्निकांड के आरोपियों का पता लगाने और उनके खिलाफ साक्ष्य जुटाने के लिए जांच अधिकारियों ने 30 से ज्यादा पुलिसकर्मियों का बयान लिया है। अग्निकांड में आरोपियों के खिलाफ डीएसपी, निरीक्षक, सब इंस्पेक्टर और कॉन्स्टेबल रैंक



के पुलिसकर्मियों को जांच अधिकारियों ने गवाह बनाया है। साथ ही फोटो-वीडियो को भी सबूत के रूप में चालान में अटैच किया गया है। बलौदाबाजार अग्निकांड के दौरान मौजूद डीएसपी राजेश श्रीवास्तव की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ एफआईआर की गई थी। शिकायतकर्ता डीएसपी श्रीवास्तव ने अपनी शिकायत में बताया था, कि उसकी ड्यूटी दशहरा मैदान में वरिष्ठ अधिकारियों ने लगाई थी।

मैदान में 8 से 10 हजार प्रदर्शनकारी उपस्थित थे। मंच से आयोजनकर्ताओं और वक्ताओं की ओर से भड़काऊ भाषण दिए जा रहे थे। आंदोलन के दौरान रैली की अनुमति नहीं थी, फिर भी इस नियम का उल्लंघन किया गया।

आंदोलनकारियों की ओर से गार्डन चौक, चक्रपाणी स्कूल चौराहा, संयुक्त जिला कार्यालय और शासकीय कार्यालयों में तोड़फोड़ की गई और गाड़ियों को जला दिया गया। प्रदर्शनकारियों ने ड्यूटी में मौजूद पुलिस अधिकारी–कर्मचारियों की हत्या करने की नीयत से हमला किया और आगजनी की। जांच अधिकारियों के अनुसार, बलौदाबाजार आगजनी अचानक हुआ आक्रोश नहीं था बल्कि यह पूरी तरह से सोची समझी साजिश थी। घटना के बाद 189 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। अग्निकांड के 235 दिन बाद आरोपियों को कोर्ट से जमानत मिलनी शुरू हुई। इस मामले में 11 जनवरी 2025 को कोर्ट ने 14 आरोपियों को जमानत पर जेल से छोड़ा है। वहीं अलग-अलग संगठनों के पदाधिकारियों के साथ ही विधायक देवेंद्र यादव अभी जेल में बंद हैं। कांग्रेस गिरफ्तारी का लगातार विरोध कर रही है। चालान रिपोर्ट के अनुसार अग्निकांड में 2.82 करोड़ रुपए की संपत्ति का नुकसान हुआ है।

# शराब घोटाला, ईओडब्ल्यू दफ्तर में एजाज ढेबर से पूछताछ

## पूर्व मेयर के करीबियों को भी बुलाया, भाई अनवर पहले से जेल में है बंद

रायपुर, 12 फरवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ शराब घोटाला मामले में रायपुर के पूर्व मेयर एजाज ढेबर से ईओडब्ल्यू दफ्तर में पूछताछ हो रही है। ईओडब्ल्यू-एसीबी एजाज ढेबर के करीबियों को भी बुलाया है। इससे पहले 7 फरवरी को ईओडब्ल्यू ने नोटिस जारी कर एजाज को पूछताछ के लिए दफ्तर बुलाया था, लेकिन निगम चुनाव के कार्यों में व्यस्त होने का हवाला देते हुए पूछताछ के लिए समय मांगा था।

बता दें कि शराब घोटाले में पूर्व महापौर एजाज ढेबर के बड़े भाई अनवर ढेबर को एजेंसियों ने घोटाले का मास्टरमाइंड बताया है। मामले में अनवर पहले से ही रायपुर सेंट्रल जेल में बंद है। ईओडब्ल्यू और प्रवर्तन निदेशालय की टीम मामले की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक ईओडब्ल्यू को जांच के दौरान नए तथ्य मिले हैं। जिसके बाद पूछताछ के लिए नोटिस जारी किया गया है। पूर्व महापौर को नोटिस जारी होने के बाद यह चर्चा हो रही है कि पूछताछ शुरू होने के बाद उनकी मुश्किलें बढ़ सकती हैं।

एजाज ढेबर ने एक दिन पहले कहा था कि चुनाव में डराने धमकाने के लिए उन्हें ईओडब्ल्यू-ईडी से नोटिस दिया गया था। उनसे पहले भी पूछताछ की गई थी, घर में दबिश दी गई थी। चुनाव को प्रभावित करने के लिए ऐसा किया जा रहा है। 2 साल पहले रायपुर के महापौर एजाज ढेबर को ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) ने पूछताछ के लिए दफ्तर बुलाया था। ईडी के समन पर महापौर प्रवर्तन निदेशालय के रायपुर स्थित दफ्तर पहुंचे थे। मार्च 2023 में एजाज ढेबर के घर पर ईडी ने छापा भी मारा था। उस समय ईडी ने उनसे लगभग 11 घंटे तक पूछताछ की थी। ढेबर के ईडी दफ्तर जाने पर उनके समर्थक और बड़ी संख्या में महिलाएं ईडी दफ्तर के बाहर धरने पर बैठ गई थीं। छत्तीसगढ़ शराब घोटाला केस में पूर्व आबकारी मंत्री और कोंटा से कांग्रेस विधायक कवासी लखमा को न्यायिक रिमांड पर रायपुर की जेल में बंद किया गया है। ईडी ने उन्हें पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया था। वहीं, 4 फरवरी को ईओडब्ल्यू की कोर्ट में लखमा ने अग्रिम जमानत याचिका दायर की थी, जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया। ईओडब्ल्यू की कार्रवाई से बचने के लिए लखमा के वकील ने कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दायर की थी। छत्तीसगढ़ शराब घोटाले की जांच कर रही ईडी ने एसीबी में एफआईआर दर्ज कराई है। दर्ज एफआईआर में दो हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के घोटाले की बात कही गई है। ईडी ने अपनी जांच में पाया कि तत्कालीन भूपेश सरकार के कार्यकाल में आईएएस अफसर अनिल टुटेजा, आबकारी विभाग के एमडी एपी त्रिपाठी और कारोबारी अनवर ढेबर के अवैध सिंडिकेट के जरिए घोटाले को अंजाम दिया गया था।

# हाईकोर्ट बोला–पत्नी के साथ अननेचुरल सेक्स अपराध नहीं

## कहा– सहमति नहीं फिर भी रेप का आरोप नहीं लगा सकती, पति को जेल से रिहा करें

बिलासपुर, 12 फरवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने सोमवार को पति-पत्नी के संबंधों को लेकर अहम फैसला सुनाया। जस्टिस नरेंद्र कुमार व्यास की बेंच ने कहा है कि अननेचुरल सेक्स करने पर भी पत्नी अपने पति पर रेप या अप्राकृतिक कृत्य करने का आरोप नहीं लगा सकती। जब तक वह नाबालिग न हो।

इस टिप्पणी के साथ ही हाईकोर्ट ने पत्नी के साथ रेप और अननेचुरल सेक्स के आरोपी पति को बरी करने का आदेश दिया है। साथ ही कहा है कि उसे तत्काल रिहा किया जाए। दरअसल, मृतका पीड़िता ने पति पर 11 दिसंबर 2017 की रात उसकी इच्छा के बगैर अननेचुरल सेक्स करने का आरोप लगाया था। कार्यपालिक मजिस्ट्रेट से पीड़िता का बयान मौत से पहले दर्ज कराया गया, जिसमें महिला ने कहा कि वह अपने पति के जबरदस्ती किए गए यौन संबंध के कारण बीमार पड़ गई। बाद में इलाज के दौरान उसी दिन उसकी मौत हो गई। बयान के आधार पर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ धारा 376 व 377 के तहत केस दर्ज किया। इस मामले में ट्रायल चला, तब कोर्ट ने आरोपी पति को धारा 377, 376 और 304 यानी की गैरइरादतन हत्या के लिए दोषी ठहराया। जिसके बाद आरोपी पति को ट्रायल कोर्ट ने 10 साल की सजा सुनाई थी। कोर्ट के इस फैसले के खिलाफ आरोपी पति ने हाईकोर्ट में अपील की थी। इस मामले की सुनवाई के दौरान जस्टिस नरेंद्र कुमार व्यास ने ऐसे मामलों में पत्नी की सहमति को कानूनी रूप से महत्वहीन बताया। साथ ही कहा कि अगर पत्नी की उम्र 15 साल से अधिक है और पति उसके साथ संबंध बना रहा है तो इसे रेप नहीं कहा जा सकता।

कोर्ट ने कहा कि धारा-375 के तहत अपराधी के तौर पर पुरुष को वर्गीकृत किया गया है। इस केस में आरोपी पति है और पीड़िता उसकी पत्नी थी। संबंध बनाने के लिए शरीर के उन्हीं हिस्सों का उपयोग किया गया, जो सामान्य हैं। इसलिए पति-पत्नी के बीच ऐसे संबंध को अपराध नहीं माना जा सकता।

सुप्रीम कोर्ट के फैसलों का हवाला देते हुए हाईकोर्ट ने कहा है कि स्पष्ट है कि अगर पत्नी की आयु 15 वर्ष से कम नहीं है, तो पति द्वारा अपनी पत्नी के साथ किया गया कोई भी यौन संबंध या यौन कृत्य इन परिस्थितियों में बलात्कार नहीं कहा जा सकता। क्योंकि ऐसे अप्राकृतिक कृत्य के लिए पत्नी की सहमति की अनुपस्थिति अपना महत्व खो देती है। इस वजह से यह आईपीसी की धारा 376 और 377 के अंतर्गत अपराध नहीं बनता।

# हेड मास्टर के 14 साल के बेटे ने लगाई फांसी

बालोद, 12 फरवरी (एजेंसियां)। बालोद के निजी स्कूल में पढ़ने वाले 14 साल के छात्र ने स्कूल से लौट कर घर में फांसी लगा ली। घटना की जानकारी तब लगी जब पिता के घर पहुंचने पर दरवाजा खटखटाया गया। जब दरवाजा नहीं खुला तो खिड़की से देखने पर छात्र फंदे से झूलता मिला।

मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है। घटना सोमवार शाम 6 बजे की है। नाबालिग छात्र के पिता गवर्नमेंट स्कूल में हेड मास्टर हैं। उन्होंने बताया कि वह सुबह 8 बजे उसे स्कूल छोड़ने गए थे। दोपहर 2 बजे स्कूल की छुट्टी होने पर अपनी मां के साथ घर आया। इसके बाद वह खाना खाकर अपने रूम सोने चला गया।

नाबालिग छात्र के पिता ने आगे कहा कि सुबह 10 बजे स्कूल से फोन आया था। स्कूल प्रबंधन ने 12 बजे मुझे बुलाया था। लेकिन चुनाव ड्यूटी की वजह से जा नहीं पाया। स्कूल प्रबंधन की ओर से उन्हें जानकारी दी गई थी कि उनका बच्चा पढ़ाई में कमजोर है, ध्यान दीजिए। शायद बच्चे को सब्जेक्ट समझने में दिक्कत हो रही थी।

छात्र के पिता ने बताया कि वह अपने बेटे को स्कूटी से स्कूल लेकर गए। स्कूल छोड़ने के दौरान उन्होंने अल्लाह हाफिज कहा, यही अंतिम मुलाकात थी। वह खुशी-खुशी स्कूल गया। उसकी मम्मी स्कूल से 3 बजे घर लाई। इसके बाद वह अपने रूम में सोने चला गया। जब मैं 6 बजे घर आया तो पूछा कि बच्चा कहां है। तब सोने की जानकारी मिली। जब दरवाजा नहीं खुला तो खिड़की की ओर से देखा। इसके बाद जिस हालात में वह हमें मिला। ऐसा समय किसी पिता को देखना ना पड़े। मृतक बच्चे के पिता ने पुलिस को बयान देते हुए न्यायिक जांच की मांग की। उन्होंने कहा कि 8वीं बोर्ड हो चुका था। इसके बाद बच्चे को लेकर स्कूल प्रबंधन की ओर से मुझे लगातार बुलाया जा रहा था।

# पिता-बेटी की मौत के बाद सड़क पर आगजनी

## गुस्साए लोगों ने किया रोड जाम पुलिस पर लापरवाही का आरोप



जमशेदपुर, 12 फरवरी (एजेंसियां)। जमशेदपुर में एक दर्दनाक सड़क हादसे ने दो लोगों की जान ले ली। टेल्को थाना क्षेत्र के जेम्को के पास मंगलवार देर रात करीब 1:30 बजे हुए इस हादसे में स्कूटी सवार पिता-पुत्री की मौत हो गई। जबकि बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा अज्ञात वाहन की टक्कर से हुआ।

इधर, हादसे से आक्रोशित परिजनों ने बुधवार को जेम्को चौक पर जाम लगा दिया। आक्रोशित लोगों ने जगह-जगह टायर जलाकर अपना विरोध प्रदर्शन किया। परिजनों का आरोप है कि घटना के 12 घंटे बाद भी पुलिस दोषी वाहन चालक का पता लगाने में विफल रही है। मृतकों की पहचान नुवोको सीमेंट प्लांट के ठेका श्रमिक कृष्णा शर्मा और उनकी पुत्री अंजली शर्मा के रूप में की गई। जबकि उनका बेटा विक्की शर्मा गंभीर रूप से घायल है। रात में स्कूटी से तीनों रेलवे स्टेशन से लौट रहे थे। अचानक एक अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। घायल विक्की शर्मा का एमजीएम अस्पताल में इलाज चल रहा है। वहीं, प्रदर्शन कर रहे लोग मृतकों के परिवार को मुआवजा और दोषी वाहन चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

# पिकअप वैन पलटी, सीआरपीएफ के 8 जवान घायल

## नक्सल विरोधी अभियान से लौट रहे थे जवान, 6 रेलवे अस्पताल रेफर

चक्रधरपुर, 12 फरवरी (एजेंसियां)। झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले में बुधवार को सीआरपीएफ 60 बटालियन के जवानों से भरी एक पिकअप वैन पलट गई। हादसे में 8 जवान घासल हो गए। सभी को प्राथमिक उपचार के बाद इनमें से 6 जवानों को रेलवे हॉस्पिटल भेजा गया। जंगल से निकलते वक्त वैन असंतुलित होकर पलट गई और यह हादसा हुआ। सीआरपीएफ के 12 जवान नक्सल विरोधी अभियान एलआरपी से सोनुआ थाना क्षेत्र के पोड़ाहाट जंगल की ओर से पिकअप वैन से लौट रहे थे। इसी दौरान संतुलन बिगड़ने से वैन पलट गई। इससे वाहन में सवार 8 जवान गिरकर घायल हो गए। घटना के बाद सभी घायल जवानों को इलाज के लिए पहले सोनुआ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया।

# ससुराल वालों ने किया प्रताड़ित

## दो बेटियां होने से नाराज थे ससुराल वाले पति मांग रहा था बाइक, करता था पिटाई

कोडरमा, 12 फरवरी (एजेंसियां)। झारखंड के कोडरमा जिले में एक महिला को ससुराल वालों ने इतना प्रताड़ित किया कि उसे अस्पताल में एडमिट होना पड़ा। मामला अब प्रकाश में आया है। जानकारी के मुताबिक प्रियंका कुमारी की शादी 2018 में गिरिडीह के कुलगो गांव निवासी देवेंद्र शर्मा से हुई थी। शादी के बाद से ही पति दहेज में मोटरसाइकिल की मांग को लेकर प्रताड़ित कर रहा था।

स्थिति तब और गंभीर हो गई जब प्रियंका ने 2020 में पहली बेटी और 2021 में दूसरी बेटी को जन्म दिया। इसके बाद पति और सास द्वारा लगातार प्रताड़ित किया जाने लगा। मामला पंचायत तक पहुंचा, लेकिन ससुराल पक्ष के व्यवहार में कोई सुधार नहीं आया। अंततः पीड़िता के परिजनों ने डुमरी थाने में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद कुछ समय तक मामला शांत रहा।

हालांकि, पिछले एक सप्ताह से स्थिति फिर बिगड़ गई। पति और सास ने प्रियंका को एक कमरे में बंद कर बुरी तरह पीटा। घायल अवस्था में उसने किसी तरह मायके में सूचना दी। जब उसका भाई बचाने पहुंचा, तो पति ने उससे भी झगड़ा किया।

प्रियंका और उसका भाई किसी तरह जान बचाकर सदर अस्पताल कोडरमा पहुंचे, जहां उनका इलाज चल रहा है। वर्तमान में प्रियंका के मायके लौटने के बाद उसके पति देवेंद्र शर्मा उसके पिता को धमकियां दे रहे हैं और प्रियंका को वापस ससुराल भेजने की मांग कर रहे हैं। पीड़िता ने कहा कि वह न्याय की मांग करेगी और कोडरमा थाने में इस मामले की शिकायत दर्ज कराएगी।

# भाजपा को हर जगह जीत की उम्मीद

## चिरमिरी को छोड़कर बाकी जगह भाजपा की राह आसान लग रही, नतीजे 15 को आएंगे

रायपुर, 12 फरवरी (एजेंसियां)। विधानसभा, फिर लोकसभा और अब नगर निगम के चुनाव, आखिरकार निपट ही गए। महाकुंभ हिन्दुत्व में आस्था का सैलाब लेकर आया और इसके बाद दिल्ली चुनाव के नतीजों ने भारतीय जनता पार्टी के अंदर जो जोश भरा, उसका थोड़ा-बहुत असर तो छत्तीसगढ़ के नगर निगम चुनाव में भी पड़ना स्वाभाविक है।

शाम 5 बजे वोटिंग पूरी होने के बाद अब चर्चा इस बात की है कि कहां-कहां कौन महापौर बन रहा है? अगर अनुमान गलत नहीं हों, तो ऐसा न हो जाए कि भाजपा 10 में 10 नंबर लेकर आ जाए। कांग्रेस को महापौर की एक भी सीट के लिए तरसना पड़े। हालांकि चिरमिरी में कांटे की टक्कर बताई जा रही है। दरअसल, विधानसभा चुनाव के बाद कांग्रेस का जो समीकरण गड़बड़ाया, वो फिर सुधर ही नहीं सका। सरगुजा और बस्तर ने कांग्रेस को जो डेंट किया, उससे कांग्रेस उबर ही नहीं पाई। ये




सही है कि निगम के चुनावी मुद्दे बिल्कुल अलग होते हैं, विधानसभा के अलग और लोकसभा के अलग, लेकिन जनता शायद ये समझ चुकी है कि प्रदेश में जिसकी सरकार होगी, निगम में मेयर उसका होगा तो काम आसानी से होंगे। इस निगम चुनाव में कहीं न कहीं, ये फैक्टर आम लोगों के बीच सुनाई दिया। ऐसा नहीं है कि सालभेर कांग्रेस अग्रेसिव नहीं रही। भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस को पूरा मौका दिया। साय सरकार बनने के बाद तुरंत शराब लॉबी सक्रिय हुई। संगठन के बीच से ही ऐसे नाम बाजार में उछलने लगे कि शराब में वही हो रहा है, जो कांग्रेस के समय होता था। ट्रांसफर-पोस्टिंग के मामलों में हाउस तक को कांग्रेस ने घेरा। इसके बाद बेमेतरा कांड, बलौदाबाजार कांड, सरगुजा क्षेत्र में पुलिस परिवार की हत्या, लॉ एंड ऑर्डर को लेकर लगातार प्रदर्शन इन सबको लेकर कांग्रेस ने सालभर आवाज बुलंद की। ये जनता के कानों में जाने भी लगी थी कि अचानक चुनाव आते-आते सब कुछ फुस्स हो गया।

# हाथी ने ग्रामीण को पटका, फिर सिर कुचलकर मार डाला

रायगढ़, 12 फरवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में एक हाथी ने ग्रामीण को पटक-पटककर मार डाला। ग्रामीण लकड़ी लेने के लिए घर से जंगल गया था। मामला घरघोड़ा वन परिक्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक बरौद का रहने वाला बंधन राठिया (57) मंगलवार को पास के बरौद जंगल में लकड़ी लेने के लिए गया था। इस दौरान हाथी से उसका सामना हो गया। हाथी ने ग्रामीण पर हमला कर दिया। उसे सूंड से पटक-पटककर मार दिया। देर शाम तक ग्रामीण जब घर नहीं पहुंचा, तो उसके परिजनों को चिंता हुई। इसके बाद परिजन और ग्रामीण बंधन राठिया को जंगल ढूंढने गए। जंगल में बंधन राठिया की लाश मिली। इसके बाद मामले की जानकारी वन अमले को दी गई। जहां वनकर्मी मौके पर पहुंचे और पंचनामा कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भेजवाया। बताया जा रहा है कि घरघोड़ा रेंज में हाथी नहीं था, लेकिन मंगलवार एक हाथी धरमजयगढ़ वन मंडल की ओर से आगे बढ़ते हुए बरौद के जंगल में पहुंचा था। घटना के बाद हाथी वापस धरमजयगढ़ जंगल की ओर चले गया। घरघोड़ा रेंजर चंद्र कुमार राठिया ने बताया कि मृतक के परिजनों को तत्काल 25 हजार रुपए सहायता राशि दी गई है।

रायगढ़ और धरमजयगढ़ वन मंडल के अलग-अलग रेंज में 117 हाथी विचरण कर रहे हैं। कई दल शाम ढलने के बाद गांव के करीब पहुंच रहे हैं और किसानों की फसल को बर्बाद कर रहे हैं। सोमवार की रात धरमजयगढ़ वन मंडल में हाथियों के अलग अलग दल ने 11 किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचाया है। ओंगना गांव में 1 किसान के फसल को रौंदा है। इसके अलावा दूसरे दल ने दर्रीडिह के 2 किसान, मेढरमार में 4 किसान, कटाइपाली में 3 किसान के अलावा लैलूंगा रेंज के कुंजारा में 1 किसान के गेहूं की फसल को नुकसान पहुंचाया है। रात में जब जंगल से निकलकर हाथियों का दल किसानों के खेतों तक पहुंचता है।

# मूर्ति स्थापित करने को लेकर हंगामा

## आपस में भिड़े दो गुट, पोस्टर फाड़े, पथराव किया, पुलिस समेत कई घायल

कोडरमा, 12 फरवरी (एजेंसियां)। कोडरमा के डोमचांच थाना क्षेत्र के रूपनडीह में संत रविदास जयंती पर मूर्ति स्थापना को लेकर हिंसक झड़प हो गई। पहले पोस्टर फाड़ने को लेकर विवाद हुआ, जो बाद में पथराव में बदल गया। इस दौरान डोमचांच थाना प्रभारी ओमप्रकाश समेत कई पुलिसकर्मी और स्थानीय लोग घायल हो गए। आपस में उलझे लोगों को शांत करने के लिए पुलिस को हल्का बल प्रयोग करना पड़ा। विवादित स्थल पर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। पूरा इलाका पुलिस छावनी में तब्दील हो गया है। एसडीओ रिया सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर कैंप कर रहे हैं। जिला प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है, लेकिन तनाव बना हुआ है।

आज प्रतिमा स्थापना को लेकर लोग पहुंचे थे। जहां की घटना है वहां महज 60 फीट की दूरी पर संत रविदास मंदिर और मां दुर्गा मंदिर का निर्माण चल रहा है। आज जब लोग मूर्ति स्थापना के लिए पहुंचे, तब एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के बैनर-पोस्टर हटाने शुरू कर दिए। इसी बात को लेकर विवाद शुरू हुआ। देखते ही देखते सैकड़ों लोग जमा हो गए और तीखी बहस के बाद दोनों पक्षों में जमकर पथराव हुआ। डोमचांच थाना क्षेत्र अंतर्गत रूपनडीह में संत रविदास जी का एक मंदिर है, जो 11 वर्ष पहले से बना हुआ है। एक पक्ष के लोगों का आरोप है कि विगत कुछ महीने पहले ही वहां एक विशेष समुदाय के लोगों द्वारा दूसरे भगवान से संबंधित बैनर, पोस्टर और होर्डिंग के माध्यम से संत रविदास जी के मंदिर को ढक दिया गया है। मामले को लेकर एक पक्ष के द्वारा एक महीने पूर्व ही डीसी, पुलिस अधीक्षक और एसडीओ को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की गई थी।

# जिला पुलिस के जवान की घर में मिली लाश

## सर्विस रिवॉल्वर से गोली मारकर आत्महत्या करने की आशंका, गोली सिर से निकली बाहर

बोकारो, 12 फरवरी (एजेंसियां)। बोकारो स्टील सिटी में बुधवार को जिला पुलिस बल के जवान चंदन कुमार शांडिल्य की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी। चंदन का शव सेक्टर 4ए स्थित उनके आवास से मिला। चंदन द्वारा अपनी सर्विस रिवॉल्वर से खुद को गोली मारने की आशंका जाहिर की जा रही है। गोली सीधे उनके सिर को भेदते हुए शरीर से बाहर निकल गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और वरिष्ठ अधिकारियों ने मौके का जायजा लिया। सिटी डीएसपी आलोक रंजन के नेतृत्व में पुलिस टीम ने जांच शुरू कर दी है।

चंदन एडीजे-4 के यहां तैनात थे। फोरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल से महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए हैं। चंदन बिहार के नवादा जिले के हिसुआ गांव के रहने वाले थे और परिवार के साथ बोकारो में रह रहे थे। पुलिस अभी तक आत्महत्या के पीछे के कारणों का पता नहीं लगा पाई है। जांच में यह भी देखा जा रहा है कि क्या यह आत्महत्या का मामला है या फिर कोई अन्य कारण है।

# गाजा के 2000 बीमार बच्चों को रखेगा जॉर्डन

## फिलिस्तानियों को देश में बसाने से इनकार किया, ट्रम्प ने मदद रोकने की धमकी दी थी

वॉशिंगटन, 12 फरवरी (एजेंसियां)। अमेरिका दौरे पर गए जॉर्डन के किंग अब्दुल्ला ने गाजा के 2000 बीमार बच्चों देश में रखने की बात कही है। मंगलवार को व्हाइट हाउस के ओवल ऑफिस में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ बातचीत में उन्होंने इसका ऐलान किया।

अब्दुल्ला ने कहा कि इनमें से कई बच्चे कैंसर से पीड़ित हैं या गंभीर हालत में हैं, उन्हें जितना जल्दी हो सकेगा जॉर्डन ट्रांसफर किया जाएगा। इस फैसले पर ट्रम्प ने खुशी जताई। दरअसल ट्रम्प गाजा से फिलिस्तीनियों को विस्थापित कर मिस्र और जॉर्डन में बसाना चाहते हैं। ट्रम्प ने ऐसा न करने पर दोनों देशों को मिलने वाली अमेरिकी मदद रोकने की धमकी दी थी।

हालांकि किंग अब्दुल्ला ने X पर पोस्ट कर फिलिस्तीनियों को जॉर्डन में बसाने का विरोध करते हुए इनकार किया। डोनाल्ड ट्रम्प गाजा से फिलिस्तीनियों को विस्थापित कर उस पर अमेरिका का कब्जा चाहते हैं। ट्रम्प यहां रिसोर्ट सिटी बनाना चाहते हैं। ट्रम्प ने 6 फरवरी को सोशल मीडिया पर किए एक पोस्ट में बताया कि,



ट्रम्प के शपथ ग्रहण के बाद किंग अब्दुल्ला व्हाइट हाउस पहुंचने वाले तीसरे राजनेता हैं।

अमेरिका, गाजा में विकास करेगा और यहां शानदार घर बनाएगा।

ट्रम्प ने कहा कि फिलिस्तीनियों को गाजा को फिर से बसाने के बजाय, किसी नई जगह पर बसाना बेहतर होगा। ट्रम्प के इस प्लान का इजराइल ने भी समर्थन किया है। इजराइली रक्षा मंत्री काट्ज ने सेना को इससे जुड़ा प्लान तैयार करने के आदेश भी दिए। काट्ज के मुताबिक जो फिलिस्तीनी खुद ही गाजा छोड़ना चाहते हैं, इजराइली सेना उनकी मदद करेगी। इजराइल के पीएम नेतन्याहू पहले ही ट्रम्प के इस प्लान को इतिहास बदलने वाला बता चुके हैं। इजराइल के खिलाफ जंग में शामिल हमास ट्रम्प के प्लान को खारिज कर चुका है। हमास ने अपने बयान में कहा कि हमारे लोगों ने बिना अपनी जमीन छोड़े 15 महीने तक मौत और तबाही को सहन किया। हम किसी भी तरह के प्रस्ताव को स्वीकार नहीं करेंगे। गाजा में 15 महीने से इजराइल और हमास के बीच की लड़ाई से 23 लाख लोगों को विस्थापित होना पड़ा। जबकि लगभग 60% इमारतें तबाह हो गई हैं। इन्हें फिर से बनाने में कई दशक लग सकते हैं। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक जॉर्डन में 20 लाख से ज्यादा फिलिस्तीनी शरणार्थी रहते हैं। इनमें से ज्यादातर को जॉर्डन की परमानेंट नागरिकता दे दी गई है। वहीं, 7 अक्टूबर 2023 को इजराइल के साथ युद्ध शुरू होने के बाद से हजारों फिलिस्तीनी मिस्र भाग गए हैं, लेकिन उन्हें वहां शरणार्थी के रूप में मान्यता नहीं दी गई है।

पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन के कार्यकाल में तत्कालीन विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने गाजा से फिलिस्तीनियों को बलपूर्वक विस्थापित करने का विरोध किया था। ब्लिंकन ने फिलिस्तीनियों पर गाजा छोड़ने के लिए दबाव नहीं डालने की बात कही थी।

# ट्रम्प ने एपी न्यूज की राष्ट्रपति ऑफिस में एंट्री रोकी

## दावा- गल्फ ऑफ अमेरिका नाम इस्तेमाल नहीं किया, इसलिए एक्शन लिया

वॉशिंगटन, 12 फरवरी (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को अमेरिकी न्यूज एजेंसी एसोसिएट प्रेस (एपी) को राष्ट्रपति ऑफिस (ओवल ऑफिस) में रिपोर्टर भेजने से रोक दिया। न्यूज एजेंसी का दावा है कि उसने गल्फ ऑफ मेक्सिको की जगह गल्फ ऑफ अमेरिका का नाम इस्तेमाल नहीं किया था, इस वजह से उसे दंडित करने के लिए ऐसा किया गया है। एपी की कार्यकारी संपादक जूली पेस ने कहा- व्हाइट हाउस ने कहा है कि अगर न्यूज एजेंसी ने अमेरिकी राष्ट्रपति के साथ अपनी एडिटोरियल पॉलिसी को मैच नहीं किया तो एपी को किसी भी कार्यक्रम के लिए ओवल ऑफिस में एंट्री की इजाजत नहीं दी जाएगी।

जूली पेस ने कहा- यह चिंताजनक है कि ट्रम्प प्रशासन एपी को उसकी स्वतंत्र पत्रकारिता के लिए दंडित करेगा। हमें अपने न्यूज कंटेंट की वजह से ओवल ऑफिस में रोकना न सिर्फ आजाद पत्रकारिता की जनता तक पहुंच को रोकता है, बल्कि यह साफ तौर पर हमारे संविधान से पहले संशोधन का उल्लंघन है।

**प्रेस सत्ता में बैठे लोगों का माउथपीस नहीं**

फाउंडेशन फॉर इंडिविजुअल राइट्स एंड एक्सप्रेशन के डायरेक्टर आरोन टेर ने ट्रम्प के फैसले को प्रेस की आजादी पर हमला बताया। टेर ने कहा- हमारे प्रेस का रोल सत्ता में बैठे लोगों को जवाबदेह ठहराना है, न कि उनका माउथपीस बनना। इस मौलिक आजादी को खत्म करने के लिए सरकार की किसी भी कोशिश की निंदा की जानी चाहिए। व्हाइट हाउस कॉरेस्पोंडेंट एसोसिएशन (डब्ल्यूएचसीए) के अध्यक्ष यूजीन डेनियल्स ने कहा- व्हाइट हाउस यह आदेश नहीं दे सकता कि न्यूज एजेंसी समाचार को कैसे पेश करे। उसे पत्रकारों को सिर्फ इसलिए सजा नहीं देना चाहिए क्योंकि वह (व्हाइट हाउस) ऐडिटोरियल फैसलों से खुश नहीं है। दूसरी तरफ गूगल ने सोमवार को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के एग्जीक्यूटिव आदेश के मुताबिक अमेरिका के अंदर गूगल मैप्स पर मेक्सिको की खाड़ी का नाम बदलकर अमेरिका की खाड़ी कर दिया। हालांकि मेक्सिको में



'मेक्सिको की खाड़ी' नाम दिखाई देगा। बाकी देशों में दोनों नाम दिखाई देंगे। इस सारे विवाद की शुरुआत तब हुई थी जब डोनाल्ड ट्रम्प ने इलेक्शन कैंपेन के दौरान गल्फ ऑफ मेक्सिको का नाम बदलने की बात कही थी। ट्रम्प का कहना था कि वो गल्फ ऑफ मेक्सिको का नाम बदलकर गल्फ ऑफ अमेरिका रखेंगे'। ट्रम्प के मुताबिक यह नाम ज्यादा 'सुंदर' लगता है और यही नाम रखना सही भी है। उन्होंने कहा था कि अमेरिका इस इलाके में सबसे ज्यादा एक्टिविटी करता है इसलिए ये जगह अमेरिका की है।

अमेरिका और मेक्सिको दोनों ही इंटरनेशनल हाइड्रोग्राफिक ऑर्गेनाइजेशन (आईएचओ) के सदस्य हैं। यह एजेंसी दुनिया के सभी समुद्रों, महासागरों का सर्वेक्षण करती है। आईएचओ के पास जगहों के नाम बदलने की भी जिम्मेदारी है। हालांकि सामान्य तौर पर नाम बदलने के लिए दोनों पक्षों की सहमति जरूरी है।

गल्फ ऑफ मेक्सिको को 400 साल से भी ज्यादा समय से इस नाम से जाना जाता है। ऐसा माना जाता है कि यह नाम अमेरिकी शहर 'मेक्सिको' से लिया गया था। हालांकि पहली बार नहीं है जब गल्फ ऑफ मेक्सिको का नाम बदलने की चर्चा हुई है। साल 2012 में मिसिसिपी एक रिप्रेजेंटेटिव ने गल्फ ऑफ मेक्सिको के कुछ हिस्सों का नाम बदलकर 'गल्फ ऑफ अमेरिका' करने का विधेयक प्रस्तावित किया था। वह विधेयक बाद में एक समिति को भेजा गया था जो पारित नहीं हो पाया। गूगल ने कैलेंडर से ब्लैक हिस्ट्री मंथ और एलजीबीटीक्यू+ हॉलिडे हटाया गूगल ने अपने ऑनलाइन और मोबाइल कैलेंडर से ब्लैक हिस्ट्री मंथ, वीमेंस हिस्ट्री मंथ और एलजीबीटीक्यू+छुट्टियों समेत कई अन्य घटनाओं का रेफरेंस हटा दिया है।

# तुर्की में नेता की मौत की भविष्यवाणी करने वाली महिला ज्योतिषी गिरफ्तार

## एर्दोगन की सरकार गिरने का किया था दावा



अंकारा, 12 फरवरी (एजेंसियां)। तुर्की में राष्ट्रपति एर्दोगन की सरकार के गिरने की भविष्यवाणी करने वाली महिला ज्योतिषी को गिरफ्तार कर लिया गया है। हिलाल सराक नाम की महिला ज्योतिषी ने तुर्की के एक वरिष्ठ नेता की मौत की भी भविष्यवाणी की थी। देवलेट बहसेली, राष्ट्रपति एर्दोगन की नेशनलिस्ट मूवमेंट पार्टी के ही नेता हैं, उन्हें स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों के बाद अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। इस्तांबुल के चीफ पब्लिक प्रॉसीक्यूटर के आफिस ने महिला ज्योतिषी हिलाल सराक को गिरफ्तार करने के आदेश जारी किए थे। प्रॉसीक्टूटर ऑफिस का कहना है कि उन्होंने अपनी भविष्यवाणी से तुर्की के राष्ट्रपति रेचेप तैय्यप एर्दोगन और देवलेट बहसेली का अपमान किया है। ज्योतिषी हिलाल सराक के ट्विटर पर डेढ़ लाख से ज्यादा फॉलोवर्स हैं। उन्होंने अपने ट्विटर अकाउंट से एक पोस्ट में कहा था कि मुझे लगता है कि देवलेट बहसेली को अपने फेफड़ों की जांच करानी चाहिए। ज्योतिषी हिलाल सराक ने लिखा था कि अगर मैं देश का सबसे अच्छा मेडिकल ज्योतिषी हूं और जो कि मैं हूं, तो उन्हें (देवलेट बहसेली) फेफड़ों की बहुत गंभीर समस्या है और सांस लेने में तकलीफ है। हिलाल सराक ने सुझाव दिया कि बहसेली अगले चुनाव से पहले मर जाएंगे, जिससे तुर्की सरकार गिर जाएगी और समय से पहले चुनाव कराने पड़ेंगे। हिलाल सराक ने कहा कि मैं कसम खाकर कहती हूं, वो अगले चुनाव को नहीं देख पाएंगे। उन्होंने आगे लिखा कि वैसे भी चुनाव जल्दी होंगे। उन्होंने अपने पोस्ट में एक बार फिर से दोहराया कि तुर्की के एक प्रमुख राजनेता की मृत्यु होने वाली है।

**तुर्की की सरकार ने महिला ज्योतिष को किया गिरफ्तार**

ज्योतिष हिलाल सराक ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर आगे लिखा कि मैं इतनी बहादुर नहीं हूं कि यह लिख सकूं कि वह कौन है, लेकिन मुझे लगता है कि आप समझने के लिए काफी समझदार हैं। हालांकि कानूनी कार्रवाई शुरू होने के बाद हिलाल ने अपनी भविष्यवाणियों का बचाव करने की कोशिश की और कहा कि उनकी भविष्यवाणी मेडिकल ज्योतिष पर आधारित थीं। वहीं, हिलाल की गिरफ्तार ने तुर्की में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर नये सवाल खड़े कर दिए हैं।

# जर्मनी में हाई-स्पीड ट्रेन और ट्रक की टक्कर

## एक व्यक्ति की मौत, 25 घायल

बर्लिन, 12 फरवरी (एजेंसियां)। जर्मनी के हैम्बर्ग शहर के बाहरी इलाके में हाई-स्पीड ट्रेन और ट्रक के बीच हुई टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गई। हादसे में 25 अन्य लोग घायल बताए जा रहे हैं, जिनमें से छह गंभीर रूप से घायल हैं। पुलिस ने बताया कि हादसा मंगलवार को हुआ। ट्रक में रेलवे ट्रैक्स भरे हुए थे। हादसे के वक्त आईसीई ट्रेन में 291 लोग सवार थे। पुलिस ने बताया कि घायल यात्रियों को ट्रेन से निकालकर पास के स्टेशन पर बस के जरिए ले जाया गया। एक 55 वर्षीय यात्री की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जर्मन समाचार एजेंसी ने एक प्रत्यक्षदर्शी के हवाले से बताया कि ट्रेन ने क्रॉसिंग पर ट्रक को टक्कर मार दी और ट्रेन के आगे की डिब्बों की खिड़कियां टूट गईं। ट्रक का सामान दुर्घटनास्थल के आसपास बिखरा पड़ा था। पुलिस के मुताबिक, यह तुरंत साफ नहीं हो पाया कि दुर्घटना किस वजह से हुई। ट्रक चालक को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। सुबह तक रेलगाड़ी को ट्रैक से हटा लिया गया था। इसके बाद रेलवे लाइन को फिर से खोल दिया गया था।

# सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर मार्च में धरती पर लौटेंगे

## 8 महीने से स्पेस स्टेशन में फंसे, स्पेसएक्स के कैप्सूल से वापसी होगी

वाशिंगटन, 12 फरवरी (एजेंसियां)। अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर जल्द ही स्पेस स्टेशन ने वापस लौटेंगे। नासा ने मंगलवार को बताया कि मार्च के बीच में उन्हें वापस लाया जाएगा। दोनों अंतरिक्ष यात्री बीते 8 महीने से स्पेस स्टेशन में फंसे हुए हैं।

इससे पहले अंतरिक्ष यात्रियों की वापसी के लिए मार्च अंत या अप्रैल की समय सीमा तय की गई थी। उन्हें स्पेसएक्स के कैप्सूल से वापस लाया जाएगा।

सुनीता विलियम्स पिछले साल 5 जून को बुच विल्मोर के साथ आईएसएस पर पहुंची थीं। उन्हें एक सप्ताह के बाद लौटना था। दोनों बोइंग के नए स्टारलाइनर कैप्सूल के टेस्ट के लिए गए थे, लेकिन इसमें खराबी आने के बाद दोनों आईएसएस पर ही रुक गए। इसके बाद से दोनों वहीं फंसे हुए हैं।

इससे पहले नासा ने सुनीता और बुच विल्मोर को फरवरी 2025 में इलॉन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स के ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट से वापस लाने की जानकारी दी थी। हालांकि ऐसा नहीं हो पाया।

अमेरिका के नये राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने स्पेस एक्स के सीईओ इलॉन मस्क से अंतरिक्ष में फंसी सुनीता विलियम्स और उनके सहयोगी बुच विल्मोर को वापस लाने का काम सौंपा है। दोनों वैज्ञानिक पिछले साल जून से अंतरिक्ष में फंसे हुए हैं।





ट्रम्प ने पिछले महीने सोशल मीडिया पर लिखा- मैंने मस्क से उन दो 'बहादुर अंतरिक्ष यात्रियों' को वापस लाने को कहा है। इन्हें बाइडेन प्रशासन ने अंतरिक्ष में छोड़ दिया है। वे अंतरिक्ष स्टेशन पर कई महीनों से इंतजार कर रहे हैं। मस्क जल्द ही इस काम में लग जाएंगे। उम्मीद है कि सभी सुरक्षित होंगे। मस्क ने इसके जवाब में कहा कि हम ऐसा ही करेंगे। यह भयानक है कि बाइडेन प्रशासन ने उन्हें इतने लंबे वक्त तक वहां छोड़ रखा है।

**सुनीता और विलमोर को स्पेस स्टेशन पर क्यों भेजा गया था?**

सुनीता और बुश विलमोर बोइंग और नासा के जॉइंट 'क्रू फ्लाइट टेस्ट मिशन' पर गए थे। इसमें सुनीता, स्पेसक्राफ्ट की पायलट थीं। उनके साथ गए बुश विलमोर इस मिशन के कमांडर थे। दोनों को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) में 8 दिन रुकने के बाद वापस पृथ्वी पर आना था।

लॉन्च के समय बोइंग डिफेंस, स्पेस एंड सिक्योरिटी के प्रेसिडेंट और सीईओ टेड कोलबर्ट ने इसे स्पेस रिसर्च के नए युग की शानदार शुरुआत बताया था। इस मिशन का मुख्य उद्देश्य स्पेसक्राफ्ट की एस्ट्रोनॉट्स को स्पेस स्टेशन तक ले जाकर वापस लाने की क्षमता साबित करना था। एस्ट्रोनॉट्स को स्पेस स्टेशन पर 8 दिन में रिसर्च और कई एक्सपेरिमेंट भी करने थे। सुनीता और विलमोर पहले एस्ट्रोनॉट्स हैं जो एटलस-वी रॉकेट के जरिए स्पेस ट्रैवेल पर भेजे गए। इस मिशन के दौरान उन्हें स्पेसक्राफ्ट को मैन्युअली भी उड़ाना था। फ्लाइट टेस्ट से जुड़े कई तरह के ऑब्जेक्टिव भी पूरे करने थे।

# बांग्लादेश की अपदस्थ पीएम हसीना के कार्यकाल पर यूएन की तल्ख टिप्पणी

## कहा- हिंसा-हत्याओं के पीछे अक्षम सरकार

ढाका, 12 फरवरी (एजेंसियां)। बांग्लादेश बीते सात महीने से अधिक समय से हिंसा और राजनीतिक उथल-पुथल से जूझ रहा है। ताजा घटनाक्रम में संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि विरोध-प्रदर्शनों के दौरान 'मानवता के खिलाफ अपराध' और बड़े पैमाने पर हुई हिंसा के पीछे शेख हसीना की सरकार है। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के मुताबिक पिछले साल बांग्लादेश में व्यापक अशांति के दौरान लगभग 1400 प्रदर्शनकारी मारे गए। हजारों हताहत हुए। इसके बाद हालात इतने बिगड़े कि अगस्त, 2024 में शेख हसीना को देश छोड़कर भागना पड़ा। फिलहाल बांग्लादेश की अंतरिम सरकार शेख हसीना को भारत से प्रत्यर्पित कराने के प्रयास में लगी है। भारत ने अभी अपना फैसला नहीं लिया है। संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि बीते साल प्रदर्शनकारियों पर व्यवस्थित हमले हुए। सैकड़ों न्यायेतर हत्याएं हुईं। इन सबके पीछे शेख हसीना की सरकार थी। एएफपी की रिपोर्ट के हवाले से सामने आई यूएन की इस जांच रिपोर्ट में अनुमानित तौर पर 1400 प्रदर्शनकारियों की मौत की बात कही गई है। रिपोर्ट के मुताबिक हिंसा और उपद्रव के दौरान हजारों लोग हताहत हुए। बता दें कि पिछले साल बांग्लादेश की सरकारी नौकरियों में विवादास्पद आरक्षण प्रणाली को खत्म करने की मांग को लेकर विरोध-प्रदर्शन शुरू हुआ था।

# तालिबान सरगना अखुंदजादा और हक्कानी नेटवर्क में बवाल तेज

## प्लेन से खींचकर उतारा गया कतर जा रहा डेलीगेशन, बढ़ेगा संघर्ष

काबुल, 12 फरवरी (एजेंसियां)। अफगानिस्तान में मंगलवार को 14 मेंबर के डेलीगेशन को कतर जाने से रोक दिया गया। अफगानिस्तान फ्यूचर थॉट फोरम की बैठक में भाग लेने के लिए ये डेलीगेशन दोहा जा रहा था। आखिरी वक्त में इनको जहाज से उतार दिया गया। इस 14 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल में दो महिलाएं भी शामिल थीं। बताया गया है कि महिलाओं की मौजूदगी और अफगान तालिबान में दोफाड़ होना इसकी वजह बना है। इस घटना ने हक्कानी नेटवर्क और तालिबान सरकार के हेड हिबतुल्लाह अखुंदजादा धड़े के बीच लड़ाई को खुलकर सामने ला दिया है। इससे साफ है तालिबान के बीच आपसी लड़ाई तेज होती जा रही है।



अफगानिस्तान फ्यूचर थॉट फोरम की बैठक में जा रहे लोगों को रोकने की घटना मंगलवार को काबुल एयरपोर्ट पर हुई है। डेलीगेशन के कुछ सदस्य तो विमान में सवार भी हो चुके थे। इनको फ्लाईदुबई के विमान से खींचकर उतारा गया। कुछ लोगों को एयर अरेबिया की फ्लाइट लेनी थी, जिनको विमान में चढ़ने से ठीक पहले रोका गया। अफगानिस्तान से सिर्फ जफर महदवी ही दोहा पहुंचे है।

इस डेलीगेशन रोके जाने के पीछे दो अहम वजह मानी जा रही हैं। इसमें पहला कारण डेलीगेशन में महिलाओं की उपस्थिति और दूसरा कारण हक्कानी नेटवर्क और हिबतुल्लाह अखुंदजादा गुट के बीच बढ़ता हुआ शक्ति संघर्ष है। काबुल एयरनेशनल एयरपोर्ट का नियंत्रण हाल ही में अखुंदजादा से जुड़े तालिबान बलों ने संभाला है। इन्हीं लोगों ने इस प्रतिनिधिमंडल को जाने से रोका है। इससे दोनों पक्षों में आने वाले समय में संघर्ष बढ़ने की संभावना है। इस घटना से अफगानिस्तान के भविष्य को लेकर चिंता बढ़ गई है। काबुल में जिन लोगों को यात्रा करने से रोका गया है। उनमें फैज मोहम्मद जालंद, अजीज़ अहमद हनीफ, नजर मोहम्मद मोतमईन, इंजीला अहमदी और मदीना महबूबी शामिल हैं।

# भारत को बड़ा झटका देने की तैयारी में बांग्लादेश

ढाका, 12 फरवरी (एजेंसियां)। बांग्लादेश, भारत को अब तक का सबसे बड़ा झटका देने की तैयारी कर रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, मोहम्मद यूनुस का प्रशासन तीस्ता प्रोजेक्ट में चीन को शामिल कर सकता है। जो भारत की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरे पैदा कर सकता है। टेलीग्राफ की रिपोर्ट में कहा गया है कि बांग्लादेश, तीस्ता नदी के संरक्षण और प्रबंधन पर प्रस्तावित बहुउद्देशीय परियोजना में चीन को शामिल कर सकता है। इसके लिए यूनुस प्रशासन ने सहमति बनाने के सार्वजनिक सुनवाई का रास्ता अपनाया है। यह नदी सिक्किम से निकलती है और हिमालयी राज्य और उत्तरी बंगाल के कुछ हिस्सों में लगभग 305 किलोमीटर की दूरी तय करने के बाद बांग्लादेश में प्रवेश करती है। भारत और बांग्लादेश में तीस्ता प्रोजेक्ट को लेकर लंबे समय से विवाद रहा है लेकिन शेख हसीना की सरकार ने चीन को इस प्रोजेक्ट से दूर रखा था।

टेलीग्राफ की रिपोर्ट के मुताबिक रविवार को उत्तरी बांग्लादेश के एक जिले रंगपुर के प्रशासन ने कावनिया में तीस्ता नीये कोरोनियो (तीस्ता के साथ क्या किया जाए) पर एक सार्वजनिक सुनवाई की है। बांग्लादेशी मीडिया ने सुनवाई में सईदा रिजवाना हसन के हवाले से कहा है कि चीनी सरकार ने पहले नदी के संरक्षण और प्रबंधन के लिए एक मास्टर प्लान बनाया था। हम उनके साथ बातचीत कर रहे हैं। उन्होंने इसके लिए दो साल का समय मांगा है।

# ब्रिटेन में भारतवंशी महिला को नस्लीय गाली दी

## ट्रेन में अप्रवासी शब्द सुनते ही भड़का शराबी, कहा- भारत पर हमने राज किया

लंदन, 12 फरवरी (एजेंसियां)। ब्रिटेन में लंदन से मैनचेस्टर जा रही ट्रेन में नशे में धुत्त शराबी ने एक भारतीय मूल की ब्रिटिश महिला के साथ नस्लीय दुर्व्यवहार किया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। मेट्रो न्यूज के मुताबिक रविवार को यह हादसा तब हुआ जब भारतीय मूल की गैब्रिएल फोर्सिथ ट्रेन से घर लौटते वक्त अपने दोस्त से बात कर रही थी।

गैब्रिएल ने दोस्त को बताया कि उन्होंने अप्रवासियों की मदद करने वाली चैरिटी के साथ काम किया है। इसे सुनकर शराबी ने चिल्लाना शुरू कर दिया और नस्लीय गाली देने लगा। उसने डींग हांकते हुए बताया कि कैसे इंग्लैंड ने पूरी दुनिया पर कब्जा किया था।



शराबी ने कहा कि तुम जो भी दावा कर रही हो वो इसलिए कि तुम इंग्लैंड में हो, अगर तुम इंग्लैंड में नहीं होती तो कोई दावा नहीं कर रही होती। अंग्रेजों ने दुनिया पर जीत हासिल की थी। हमने भारत पर भी जीत हासिल की थी लेकिन हम इसे रखना नहीं चाहते थे। इसलिए हमने इसे तुम्हें लौटा दिया।

गैब्रिएल ने वीडियो को X पर पोस्ट करते हुए लिखा- उसने जैसे ही आप्रवासी शब्द सुना वह भड़क गया। उसके हाव भाव काफी आक्रामक थे। वह घटना बहुत ही परेशान करने वाली थी। वह पागलपन की हालत में था। मैंने सुरक्षा के लिए वीडियो बनाया। एक अन्य ट्वीट में गैब्रिएल ने लिखा कि 'भारतीय और एक अप्रवासी की बेटी होना, अपने इतिहास और विरासत से जुड़े रहना एक आशीर्वाद है। मैं शुक्रगुजार हूं कि मैं इस काबिल हूं कि अपने और अश्वेत लोगों के लिए खड़ी हो सकती हूं।' इस घटना की शिकायत ब्रिटिश ट्रांसपोर्ट पुलिस से की गई है।

ब्रिटेन में भारतीय समुदाय लंबे वक्त से नस्लीय और धार्मिक भेदभाव का समाना कर रहा है। 2023 में लंदन स्थित हेनरी जैक्सन सोसाइटी ने इसे लेकर सर्वे किया था।

सर्वे में शामिल 51% हिंदू पेरेंट्स का कहना था कि उनके बच्चे को स्कूल में हिंदू विरोधी नफरत का सामना करना पड़ा है।

# अमेरिका ने रोकी बांग्लादेश की मदद तो टेंशन में आए मोहम्मद यूनुस

## ऑपरेशन डेविल हंट पर ट्रंप के दूत ने किया जवाब तलब

ढाका, 12 फरवरी (एजेंसियां)। बांग्लादेश की अतंरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस ने अमेरिका की ओर से उनके देश को मिल रही आर्थिक सहायता रोके जाने पर चिंता जताई है। ढाका में अमेरिकी राजदूत ट्रेसी जैकबसन के साथ हुई मुलाकात में बांग्लादेश को दी जाने वाली मदद, खासतौर से आईसीडीडीआर, बी जैसे जीवन रक्षक प्रोजेक्ट पर असर को लेकर अपनी बात रखी। इस दौरान उन्होंने अंतरिम सरकार के सुधार एजेंडे, रोहिंग्या संकट और कानून-व्यवस्था की स्थिति पर भी अमेरिकी अधिकारी से चर्चा की और डेविल हंट पर भी अपनी सफाई दी। विश्व बैंक के



उपाध्यक्ष मार्टिन रायजर से भी ढाका में यूनुस की मुलाकात हुई है। विश्व बैंक ने यूनुस को समर्थन का भरोसा दिया है।

द डेली स्टार की रिपोर्ट के मुताबिक, प्रोफेसर यूनुस ने ट्रेसी जैकबसन से बांग्लादेश में आईसीडीडीआर, बी के लिए अमेरिकी सहायता पर रोक लगाने के फैसले पर विशेष चिंता जताई। आईसीडीडीआर, बी अंतरराष्ट्रीय हेल्थ रिसर्च इंस्टीट्यूट है, जो बांग्लादेश में स्वास्थ्य सेवाओं के लिए अहम है। अमेरिका की ओर से सहायता रोकने से इस पर असर पड़ा है। हाल ही में इस संस्था के लिए यूएसएआईडी रोकी गई है। यूएसएआईडी अमेरिकी सरकार की एजेंसी है, जो विकासशील देशों को मदद देती है। यूनुस ने सर्वसम्मति आयोग बनाने और उसके तहत राजनीतिक दलों के साथ बातचीत शुरू करने के अपने प्रयासों के बारे में भी अमेरिकी अधिकारी को बताया। उन्होंने कहा, 'एक बार हम सुधारों पर सहमति बना लेंगे तो राजनीतिक दल उन्हें लागू करने के लिए जुलाई चार्टर पर हस्ताक्षर करेंगे। यह चार्टर देश में लोकतंत्र की बहाली और सुशासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा।' यूनुस ने कहाकि बातचीत और सहयोग से ही इन चुनौतियों का समाधान निकाला जा सकता है। जैकबसन ने यूनुस से बातचीत में इस पर जोर दिया कि नई सरकार के लिए चुनाव स्वतंत्र, निष्पक्ष और समावेशी होने चाहिए। यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि सभी नागरिकों को अपनी पसंद की सरकार चुनने का अधिकार मिले।





# पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत का बड़ा बयान

## कांग्रेस को हराने में आम आदमी पार्टी की हर राज्य में भूमिका

जयपुर, 12 फरवरी (एजेंसियां)। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की हार के लिए आम आदमी पार्टी को सीधा-सीधा जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने तो यहां तक कह दिया कि आम आदमी पार्टी उन राज्यों में भी चुनाव लड़ने पहुंच गई, जहां उसका कोई जनाधार तक नहीं था। इससे कांग्रेस को ही नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी द्वारा कांग्रेस पर उन्हें हरवाने के आरोप पूर्णतः निराधार हैं। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी से अब जनता का भरोसा उठ चुका है। पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत ने बुधवार को सोशल मीडिया एक्स पर आम आदमी पार्टी की जमकर





आलोचना की।

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया कि "दिल्ली में आम आदमी पार्टी द्वारा कांग्रेस पर उन्हें हरवाने के आरोप पूर्णतः निराधार हैं। असलियत में तो आम आदमी पार्टी ने कई राज्यों में कांग्रेस को हरवाने का काम किया है जहां उनका कोई आधार ही नहीं था परन्तु केवल कांग्रेस के वोट काटने के उद्देश्य से आप वहां जाकर चुनाव लड़ी।

गुजरात, गोवा, उत्तराखंड में जहां कांग्रेस अच्छी स्थिति में थी एवं भाजपा की हालत खराब थी वहां आम आदमी पार्टी चुनाव लड़ने पहुंच गई और कांग्रेस के वोटों को बांटा जिससे कांग्रेस को नुकसान हुआ। इन जगहों पर आप के अधिकतर जीते या हारे उम्मीदवार बाद में भाजपा समेत दूसरी पार्टियों में चले गए। यानी ये केवल चुनाव में कांग्रेस का नुकसान करने के लिए ही लड़े थे।

मेरा मानना है कि दिल्ली में कांग्रेस ने अकेले चुनाव लड़कर आगे के लिए अपनी भूमिका तैयार की है।

मुझे विश्वास है कि आने वाले दिनों में दिल्ली में कांग्रेस प्रमुख विपक्ष की भूमिका निभाएगी एवं अभी से आने वाले चुनाव की पृष्ठभूमि तैयार करेगी। आम आदमी पार्टी से अब जनता का भरोसा उठ चुका है।"

# किरोड़ीलाल मीणा ने भाजपा के नोटिस का दिया जवाब, अमित शाह को भी भेजी कॉपी

जयपुर, 12 फरवरी (एजेंसियां)। अपनी ही सरकार पर फोन टैपिंग के गंभीर आरोप लगाने वाले कैबिनेट मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने इस मामले में बीजेपी की तरफ से उन्हें दिए गए नोटिस जवाब भी दे दिया है। बीजेपी ने तीन दिन पहले किरोड़ी को नोटिस भेजकर बयान पर सफाई मांगी थी।

जानकारी के अनुसार किरोड़ी ने बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ को ई-मेल के जरिए नोटिस का जवाब भेज दिया है। जवाब में किरोड़ी ने फोन टेपिंग से जुड़े तथ्य भेजे हैं। साथ ही कहा है कि सार्वजनिक कार्यक्रम में उन्होंने फोन टैपिंग वाली बात कही थी। इसी दौरान किसी ने वीडियो वायरल कर दिया। अपने जवाब के साथ किरोड़ी ने यह भी लिखा



है कि मैं पार्टी का अनुशासित सिपाही हूं। हमेशा पार्टी के लिए काम किया है।

**फोन टैपिंग पर ये था किरोड़ी का बयान**

वायरल वीडियो में मंत्री मीणा ने कहा कि मैं आशा करता था कि हम राज में आएंगे तो भ्रष्टाचारियों पर नकेल कसेंगे। लेकिन निराश हूं। मैंने पेपरलीक के मामले उठाए। 50 थानेदार गिरफ्तार हुए। मैंने कहा परीक्षा रद्द करो, लेकिन सरकार नहीं मानी। उल्टा जैसा पिछली सरकार में होता था, चप्पे-चप्पे पर मेरी सीआईडी की जाती है। मेरा टेलीफोन भी रिकॉर्ड किया जाता है। लेकिन मैं कोई बुरा काम करता नहीं, इसलिए मैं डरता नहीं। वीडियो आमागढ़ मंदिर में एक सामाजिक कार्यक्रम का बताया जा रहा है।

**बयान के बाद विधानसभा में मचा बवाल**

किरोड़ी के इस बयान के बाद विधानसभा में विपक्ष ने जबरदस्त हंगामा कर दिया। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने राज्यपाल अभिभाषण पर चर्चा में भाग नहीं लिया और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के जवाब का भी कांग्रेस ने जमकर विरोध किया।

टीकाराम जूली ने इस मामले में बयान जारी कर कहा है कि यदि सरकार ने किरोड़ी के मामले में स्पष्टिकरण नहीं दिया तो विधानसभा को चलने नहीं देंगे।

# अपहरण के बाद नाबालिग से गैंगरेप, कांग्रेस ने सरकार पर साधा निशाना

सीकर, 12 फरवरी (एजेंसियां)। राजस्थान के सीकर जिले में अपहरण करके नाबालिग से बलात्कार करने के मामले की गूंज प्रदेशभर में सुनाई दी। इस मामले में कांग्रेस के नेताओं ने राज्य सरकार को आड़े हाथों लिया है। गौरतलब है कि जिले के एक गांव में चार युवक नाबालिग बालिका का अपहरण कर ले गए थे। इसके बाद आरोपियों ने नाबालिग से सामूहिक बलात्कार किया था।

आरोपी नाबालिग को झुंझुनूं जिले के ग्रामीण क्षेत्र में छोड़कर फरार हो गए थे। पीड़िता की मां ने रविवार को मामला दर्ज करवाया



था। इस मामले में पुलिस ने एक बाल अपचारी को निरूद्ध किया है।

पुलिस टीमें और डीएसटी टीम आरोपियों की धरपकड़ के लिए जगह-जगह दबिश दे रही है। इस मामले में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने सोशल मीडिया पोस्ट कर राज्य सरकार को घेरा है।

**जब सरकार सोती रहे, तो अपराधी बेखौफ हो जाते हैं**

नेता प्रतिपक्ष जूली ने अपने सोशल मीडिया पर लिखा है कि जब सरकार सोती रहे, तो अपराधी बेखौफ हो जाते हैं। जूली ने इस घटना को दिल दहला देने वाली बताया और कहा कि भाजपा सरकार ने चुनाव से पहले महिला सुरक्षा के बड़े-बड़े दावे किए थे। हकीकत यह है कि आज बहन-बेटियां खुद को असुरक्षित महसूस कर रही हैं। इस जघन्य अपराध की घोर निंदा करता हूं और मांग करता हूं कि दोषियों को तुरंत गिरफ्तार कर सख्त से सख्त सजा दी जाए।

**डोटासरा बोले:अपराधी सरकार के संरक्षण में बेखौफ घूम रहे**

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने ट्वीट किया है कि एक साल में राजस्थान में अपराध का गढ़ बन चुका है, कानून व्यवस्था बद से बदतर होती जा रही है। छोटी-छोटी बेटियों के साथ सरेआम हैवानियत हो रही है और अपराधी सरकार के संरक्षण में बेखौफ घूम रहे हैं।

जंगलराज की हद नहीं। रिकॉर्ड अपराध और महिलाओं से दरिंदगी पर नाकाम मुख्यमंत्री मौन है। सरकार दरिंदों को तत्काल गिरफ्तार कर उनके ऊपर कठोर कानूनी कार्रवाई करें।

# महापंचायत में जुटे 20 जिलों के किसान

## मंडियों में सरसों नहीं बेचने का लिया निर्णय

जयपुर, 12 फरवरी (एजेंसियां)। किसान महापंचायत के आह्वान पर सरसों की फसल का उचित दाम नहीं मिलने के विरोध में किसान 15 मार्च तक मंडियों में सरसों बेचने नहीं जाएंगे। जयपुर के किसान भवन में किसान संगठनों के प्रतिनिधियों की बैठक में यह प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में 20 जिलों के किसान प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

किसान महापंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल जाट ने बताया कि सरसों का न्यूनतम समर्थन मूल्य 5950 रुपए है, लेकिन अभी



मंडियों में सरसों का भाव औसत 5500 रुपए है। किसान को कम से कम 6000 रुपए प्रति क्विंटल भाव मिलना चाहिए।

**इसलिए मंडियों में सरसों नहीं लाएंगे किसान**

15 फरवरी से मंडियों में सरसों की आवक बढ़ जाती है, लेकिन सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य पर फसल खरीद की तैयारी नहीं की है। इसलिए किसान एक माह तक मंडियों में सरसों लेकर नहीं आएगा।

**15 मार्च के बाद बनाएंगे आगे की रणनीति**

बैठक में कई पदाधिकारियों ने कहा कि वे गांव-गांव जाकर किसानों से इस मुद्दे पर संवाद करेंगे। प्रथम चरण में यह अवधि 15 मार्च तक रहेगी, 16 मार्च को समीक्षा के बाद आगे की रणनीति तय की जाएगी।

# भागते समय ड्रग तस्कर को आया हार्ट अटैक, मौत

## पुलिस कर रही थी पीछा, गुजरात में एक्सीडेंट के बाद भागकर जा रहा था प्रतापगढ़

बांसवाड़ा, 12 फरवरी (एजेंसियां)। पुलिस से बचकर भाग रहे ड्रग तस्कर की चलते वाहन में ही हार्ट अटैक आने से मौत हो गई। इसके बाद ड्राइवर पिकअप को लेकर थाने पहुंच गया और मामले की जानकारी दी। घटना बांसवाड़ा जिले की है और तस्कर प्रतापगढ़ का रहने वाला था।

ड्रग तस्कर रब नवाज को राजस्थान, मध्यप्रदेश और गुजरात पुलिस को लंबे समय से तलाश रही थी। गुजरात पुलिस उसके पीछे लगी हुई थी। मंगलवार शाम गुजरात के झालोद में रब नवाज की कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। इस हादसे में उसका साथी आबिद खान पकड़ा गया, लेकिन वह खुद भाग निकला।

**पिकअप को थाने लेकर पहुंचा ड्राइवर**

पुलिस से बचकर रब नवाज पिकअप गाड़ी में लिफ्ट लेकर बांसवाड़ा के रास्ते प्रतापगढ़ जा रहा था।

बांसवाड़ा सीमा क्षेत्र में आने के बाद अचानक रब नवाज को हार्ट अटैक आया और उसकी मौत हो गई। ऐसे में पिकअप ड्राइवर गाड़ी को लेकर सज्जनगढ़ थाने पहुंच गया। इस पर पुलिस ने परिजनों को सूचना दी। परिजन बिना पोस्टमॉर्टम किए शव को लेकर चले गए।

रब नवाज राजस्थान के प्रतापगढ़ जिले के अखेपुर का रहने वाला था और उस पर गुजरात, एमपी और राजस्थान में ड्रग तस्करी के कई केस दर्ज थे।

**सज्जनगढ़ थाने को नहीं थी तस्कर होने की जानकारी**

सज्जनगढ़ थानाधिकारी नागेंद्र सिंह ने बताया कि वो तस्कर था या नहीं, इसकी हमे कोई जानकारी नहीं है।

वहीं,प्रतापगढ़ थानाधिकारी दीपक बंजारा ने बताया - रब नवाज पर जिले में 5 मामले दर्ज थे। वह मुख्य रूप से मध्यप्रदेश के पिपलिया मंडी थाने का वांटेड था। मध्य प्रदेश और गुजरात के कई थानों में प्रकरण दर्ज हैं। स्वाभाविक मौत के कारण परिजन बिना पोस्टमॉर्टम शव ले गए थे।

जानकारी के अनुसार रब नवाज पठान का मादक पदार्थों की तस्करी का एक बड़ा नेटवर्क था जो राजस्थान, गुजरात और मध्यप्रदेश तक फैला हुआ था। कुछ समय पहले भोपाल में पकड़ी गई 1800 करोड़ रुपए की एमडी ड्रग्स के मामले में भी उसका नाम सामने आया था। वह कई बड़े ड्रग माफियाओं से भी जुड़ा हुआ था। पुलिस ने उसकी तलाश में कई बार दबिश भी दी थी।

# लुटेरों ने मचाया बवाल, दौसा, करौली, जयपुर, नागौर में तोड़े और काटे एटीएम

## 5.47 लाख रुपए जलकर हो गए राख

जयपुर, 12 फरवरी (एजेंसियां)। कुछ घंटों में इन चार शहरों में एटीएम लूटपाट की वारदातें सामने आई है। हांलाकि एक वारदात को बचा लिया गया। लेकिन बाकि घटनाओं में कैश का नुकसान हुआ है। दरअसल नागौर में सोमवार रात स्कोर्पियो से बांधकर एटीएम उखाड़ा गया। लेकिन जाग हो जाने पर उसे ले नहीं जा सके। उसके बाद अब करौली, दौसा और जयपुर में वारदात हुई है।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार करौली के हिंडौन सिटी इलाके में श्रीमहावीर जी कस्बे में स्थित आईसीआईसीआई बैंक के एटीएम को काटकर लाखों रुपए कैश लूट लिया गया।

वारदात से पहले आरोपियों ने सीसीटीवी कैमरों पर काले रंग का स्प्रे कर दिया था। उसके बाद आराम से गैस कटर से एटीएम कैश बॉक्स काटा और उसमें रखे लाखों रुपए ले उड़े। इसी तरह की वारदात कल देर रात दौसा जिले के सलेमपुर थाना इलाके में खेड़ला गांव में हुई है। वहां पर भी सीसीटीवी कैमरों पर स्प्रे कर वारदात को अंजाम दिया गया है। लूटे गए कैश की पूरी जानकारी फिलहाल सामने नहीं आ सकी है।

इससे एक दिन पहले इसी तरह की एक वारदात जयपुर के बस्सी इलाके में भी हुई थी। बस्सी में अनाज मंडी के निकट बैंक ऑफ इंडिया के एटीएम में यह वारदात हुई।

हुई इस वारदात के दौरान बदमाशों ने एटीएम को गैस कटर से काटा। लेकिन वे कैश नहीं ले जा सके। लेकिन एटीएम में आग लग जाने के कारण पांच लाख 47 हजार दो सौ रुपए जलकर राख हो गए।

इस मामले में बैंक अधिकारी खालिद अहमद की ओर से बस्सी थाने में केस दर्ज कराया गया है।

# नारकोटिक्स की बड़ी कार्रवाई, चार किलो अफीम के साथ एक गिरफ्तार, बाइक पर कर रहा था तस्करी

चित्तौड़गढ़, 12 फरवरी (एजेंसियां)। केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सीबीएन) चित्तौड़गढ़ की टीम को तस्करों के खिलाफ कार्रवाई की। नारकोटिक्स की टीम ने चार किलो अफीम बरामद कर आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित बाइक पर अफीम तस्करी कर रहा था।

नारकोटिक्स चित्तौड़गढ़ में निवारक एवं आसूचना प्रकोष्ठ के अधीक्षक डीके सिंह ने बताया कि राजस्थान में अवैध मादक पदार्थो की तस्करी पर रोक लगाने के किए जा रहे सतत प्रयासों के तहत अफीम की खेप पकड़ी है। उप नारकोटिक्स आयुक्त नरेश बुन्देल के मार्ग दर्शन में यह कार्यवाही की गई। मुखबिर से चित्तौडगढ़ यूनिट को सूचना मिली थी। इस पर टीम को चित्तौड़गढ़-कोटा हाईवे पर बस्सी के पास रवाना किया। यहां



पर भीलवाड़ा पासिंग एक बाइक आई, जिसे सियालिया बस स्टैंड के पास रुकवा कर तलाशी ली। इसके कब्जे से चार किलो अफीम बरामद हुई।

इस पर मादक पदार्थ को एनडीपीएस अधिनियम, 1985 की धारा 8/15 के तहत जब्त कर लिया गया। इस संबंध में प्रकरण दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी गई है। इस मामले में संलिप्त आरोपियों की पहचान और नेटवर्क की विस्तृत जांच की जा रही है। अधीक्षक डीके सिंह ने बताया कि केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो चितौड़गढ़ लगातार मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। इससे प्रदेश एवं जिले में नशीले पदार्थों पर अंकुश लगाया जा सके।

# महाकुंभ से लौट रही बस राजस्थान में पलटी

## 30 यात्री घायल, 3 गंभीर, मासूम का हाथ कटा



पाली, 12 फरवरी (एजेंसियां)। प्रयागराज महाकुंभ में स्नान कर राजस्थान के पाली के कोसेलाव गांव आ रही श्रद्धालुओं से भरी बस देसूरी-चारभुजा नाल मार्ग में पंजाब मोड़ पर रात करीब 12 बजे पलट गई। इस हादसे में करीब 30 यात्रियों के घायल होने की सूचना है। इसमें 3 गंभीर घायल हैं। बस में एक ही गांव के 46 लोग सवार थे। हादसा ब्रेक फेल होने के चलते हुआ।

जानकारी के अनुसार बस में सवार यात्री दर्शन के लिए प्रयागराज महाकुंभ गए थे, तखतगढ़ स्थित अपने गांव कोसेलाव लौट रहे थे।

इसी दौरान देसूरी नाल घाट सेक्शन के पंजाब मोड़ के पास बस का ब्रेक फेल हो गया, जिससे बस पलट गई। घटना की सूचना मिलते ही चारभुजा पुलिस व एम्बुलेंस मौके पर पहुंची। घायलों को निकालकर चारभुजा अस्पताल पहुंचाया। जहां उनका उपचार जारी है।

**46 यात्री थे बस में सवार**

चारभुजा थानाधिकारी प्रीति रतनु के अनुसार बस में बड़े-बच्चों और ड्राइवर को मिलाकर कुल 46 लोग सवार थे, जो कि एक ही गांव के थे। ये सभी महाकुंभ से कोसेलाव अपने घर लौट रहे थे। पंजाब मोड़ के पास दुर्घटना हो गई।

हादसे में 3 यात्री गंभीर रूप से घायल हुए हैं। आपको बता दें कि 18 घायलों को चारभुजा अस्पताल में भर्ती कराया गया है। 2 को बड़े अस्पताल रेफर किया गया है।

# रतनगढ़ में मेगा हाईवे पर कार और ट्रक की जबरदस्त भिड़ंत

## लेखाधिकारी सहित तीन की मौत

चूरू, 12 फरवरी (एजेंसियां)। रतनगढ़ में मेगा हाइवे पर एक भीषण सड़क हादसे में एक ही कार में सवार तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों में रतनगढ़ नगरपालिका का लेखाधिकारी भी शामिल है। ये लोग एक मांगलिक कार्य मे शामिल होकर सरदारशहर जा रहे थे। तीनों ही मृतक रिश्ते में भाई बताए गए हैं।

मामले के अनुसार रतनगढ़ नगर पालिका के लेखाधिकारी 42 वर्षीय अरुण सोनी रतनगढ़ में ही एक मांगलिक कार्य में शामिल होकर रिश्ते में अपने भाई 32 वर्षीय पंकज सोनी और 35 वर्षीय डिंपल सोनी निवासी सरदार शहर के साथ एक ही कार में सवार होकर सोमवार की रात सरदार शहर जा रहे थे। तभी मेगा हाईवे पर एक ट्रक सरदारशहर से रतनगढ़ की तरफ आ रहा था। मेगा हाइवे पर गांव देवीपुरा के पास ट्रक और कार की भिड़ंत हो गई।

टक्कर इतनी जबरजस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए तथा ट्रक हाइवे पर पलटी खा गया। कार सवार सभी लोगों को रतनगढ़ जिला अस्पताल में लेकर आए, जहां पर डॉक्टरों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस जिला अस्पताल पहुंची तथा घटना की जानकारी ली। पुलिस ने शवों को जिला अस्पताल की मोर्चरी में पोस्मार्टम करवा शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया। घटना के बाद जिला अस्पताल में लोगों की भीड़ लग गई।

# ऑनलाइन शॉपिंग साइट को लगाया लाखों का चूना

## पुलिस ने गैंग के सदस्य को किया गिरफ्तार

डीडवाना, 12 फरवरी (एजेंसियां)। राजस्थान के डीडवाना कुचामन जिले की कुचामन सिटी पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए डिलीवरी बॉय के साथ मिलकर मोबाइल फोन की हेरा फेरी करने वाले एक शातिर आरोपी इंदर सिंह उर्फ हैप्पी सिंह को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से अलग-अलग कंपनियों के 8 मोबाइल फोन बरामद किए हैं, जिनकी बाजार में कीमत 3,71,000 से ज्यादा है।

पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी इंद्र सिंह और उसका साथी डिलीवरी बॉय वीरेंद्र सिंह मिलकर मोबाइल फोन की हेरा फेरी का काम करते थे। आरोपी इंद्र सिंह उर्फ हैप्पी सिंह, ऑनलाइन शॉपिंग कंपनी फ्लिपकार्ट के जरिए अलग-अलग नाम से मोबाइल फोन के आर्डर



करता था और वीरेंद्र सिंह डिलीवरी बॉय के रूप में इन मोबाइल फोन को डिलीवर करता था।

बाद में दोनों मिलकर मोबाइल फोन को बॉक्स से निकाल लेते थे और उनमें टूटे-फूटे फोन और पत्थर डालकर, डिलीवर नहीं होने के संदेश के साथ वापस कंपनी को भेज देते थे।

लगातार जब इसी तरह के मामले कंपनी के सामने आए तो कंपनी को शक हुआ और उसने पुलिस में मामला दर्ज करवा दिया।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नेमीचंद खारिया ने बताया कि जिन पार्सलों से मोबाइल फोन गए थे, उनका जब रिकॉर्ड प्राप्त कर जांच की गई तो सामने आया कि नागौर निवासी इंद्र सिंह उर्फ हैप्पी सिंह अलग-अलग नाम से फ्लिपकार्ट पर इन मोबाइल फोन के ऑर्डर देता था।

# जज साहब! हम कुत्तों को जहर देकर मारना चाहते हैं, इजाजत दें हाईकोर्ट से डिमांड, मचा बवाल

हैदराबाद, 12 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। कुत्तों के बढ़ते आतंक से परेशान होकर ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम ने कुत्तों को मारने की अनुमति मांगी है. जीएचएमसी ने अदालत में दायर अपनी याचिका में कहा है कि पिछले पांच वर्षों में कुत्तों पर नियंत्रण के लिए 40 करोड़ रुपये खर्च किए गए, लेकिन कोई ठोस परिणाम सामने नहीं आया है।

जीएचएमसी का कहना है कि इन पांच वर्षों में कुत्तों की नसबंदी, टीकाकरण और जागरूकता कार्यक्रमों पर काफी पैसा खर्च किया गया है, लेकिन स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है। कुत्तों के हमलों के कारण हर साल दर्जनों लोग घायल होते हैं और कुछ की मौत भी हो जाती है। हाल ही में, एक चार साल के बच्चे की कुत्तों के हमले में मौत हो गई थी, जिससे जीएचएमसी ने अदालत में अर्जी दाखिल की है।

जीएचएमसी के अनुसार, पिछले पांच वर्षों में शहर में 35,000 से 40,000 कुत्ते के हमले के मामले सामने आए हैं। इनमें से अधिकांश घटनाएं ग्रेटर हैदराबाद क्षेत्र से हैं। जीएचएमसी ने यह भी बताया कि कई कुत्ते नसबंदी के बाद भी हिंसक हो रहे हैं और आम लोगों के लिए खतरा बन गए हैं।

जीएचएमसी ने अदालत में एक अतिरिक्त हलफनामे के जरिए कुत्तों को मारने की अनुमति मांगी है। उनका कहना है कि यदि कुत्तों का इलाज या शिकार करने के लिए कड़ी कार्रवाई नहीं की जाती है, तो नागरिकों की जान को खतरा हो सकता है। कुत्तों को मारने के लिए जीएचएमसी ने 1960 के "क्रुएलिटी एक्ट' के तहत अनुमति मांगी है, जो खतरनाक कुत्तों के इलाज की अनुमति देता है।

जीएचएमसी ने अपनी याचिका में यह भी उल्लेख किया है कि कई अन्य देशों में कुत्तों को मारने के लिए सख्त नियम लागू किए गए हैं. जैसे कि ब्रिटेन और अमेरिका में कुत्तों को सार्वजनिक स्थानों पर पकड़ा जाता है और फिर उनका इलाज किया जाता है. यदि कोई मालिक अपनी कुत्ते को छुड़ाने में विफल रहता है तो कुत्ते को अन्य लोगों को बेचा जा सकता है।

कुछ जानवर प्रेमी और सामाजिक संगठन इस कदम का विरोध कर रहे हैं। उनका कहना है कि कुत्तों को मारने के बजाय उनके प्रति सख्त नियंत्रण और सुरक्षा की नीति अपनाई जाए। उनका मानना है कि कुत्तों के इलाज के बजाय उन्हें मारने की अनुमति देना एक गलत कदम हो सकता है।

यह मामला हैदराबाद में कुत्तों के नियंत्रण और उनके द्वारा उत्पन्न होने वाली समस्याओं को लेकर एक गंभीर चर्चा का विषय बन गया है। अब अदालत पर निर्भर है कि वह इस प्रस्ताव को मंजूरी देता है या नहीं।

# भारत ने इंग्लैंड को 142 रन से तीसरा वनडे हराया

## सीरीज 3-0 से जीती, शुभमन गिल की सेंचुरी; श्रेयस अय्यर ने 78 विराट कोहली ने 52 हर्षित-अर्शदीप को 2-2 विकेट



अहमदाबाद, 12 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। तीन वनडे मैचों की सीरीज के आखिरी मुकाबले में भारतीय टीम ने इंग्लैंड को 142 रन से रौंद दिया। इस मैच में टीम इंडिया के लिए शुभमन गिल, श्रेयस अय्यर और विराट कोहली ने बल्लेबाजी में शानदार खेल का प्रदर्शन किया।

### भारत ने इंग्लैंड को हराया

भारतीय क्रिकेट टीम ने तीन वनडे मैचों की सीरीज के आखिरी मुकाबले में इंग्लैंड को 142 रन से हरा दिया। इस जीत के साथ ही भारतीय टीम ने सीरीज को 3-0 से अपने नाम किया। मैच में टीम इंडिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवर के खेल में 356 रन का स्कोर खड़ा किया था। इसके जवाब में इंग्लैंड की पूरी टीम 34.2 ओवर में 214 रन बनाकर सिमट गई। ऐसे में आइए जानते हैं टीम इंडिया की जीत के ये 5 बड़े हीरो के बारे में।

### शुभमन गिल के शतक से दहले इंग्लैंड के गेंदबाज

इंग्लैंड के खिलाफ शुभमन गिल ने तीनों ही वनडे मैच में कमाल का खेल दिखाया। खास तौर से तीसरे वनडे में उन्होंने शतक लगाकर कमाल ही कर दिया। रोहित शर्मा के साथ ओपनिंग करने उतरे शुभमन ने 102 गेंद में 112 रनों की पारी खेली। अपनी इस पारी में उन्होंने 14 चौके और 2 छक्के भी लगाए। उनकी इस दमदार बल्लेबाजी के कारण ही भारतीय टीम ने 356 रन का स्कोर खड़ा टीम इंडिया की जीत की नीव रखी।



### वापसी के बाद से गर्दा उड़ा रहे हैं श्रेयस अय्यर

टीम इंडिया के लिए अहमदाबाद में खेले गए तीसरे वनडे मैच में श्रेयस अय्यर ने एक बार फिर से बल्लेबाजी में धूम मचाई। अय्यर ने तीसरे वनडे में 78 रनों की पारी खेली। इस सीरीज में अय्यर के बल्ले से दूसरा अर्धशतक आया। उनकी इस शानदार बल्लेबाजी से इंग्लैंड के गेंदबाज हैरान परेशान दिखे। अय्यर ने अपनी इस अर्धशतकीय पारी में 64 गेंद का सामना कर 8 चौके और 2 छक्के भी लगाए।

### भारत की जीत में विराट कोहली भी चमके

टीम इंडिया की इस जीत में भारतीय क्रिकेय टीम के धाकड़ बल्लेबाज विराट कोहली का भी बल्ला खूब गरजा। मैच में विराट कोहली ने 52 रनों की शानदार पारी खेली। उनकी पारी बेशक धीमी थी, लेकिन टीम लिए चैंपियंस ट्रॉफी से पहले यह अच्छी खबर है कि वह अपने फॉर्म में वापस लौट गए हैं। ऐसे में जीत का श्रेय विराट कोहली के सिर भी बंधता है।

### हर्षित ने बॉलिंग में फिर से किया कमाल

टीम इंडिया के लिए गेंदबाजी में हर्षित राणा ने एक बार फिर से कमाल की गेंदबाजी की। हर्षित ने मैच में बेशक सिर्फ 2 विकेट लिए, लेकिन उन्होंने अपनी रफ्तार और धार से इंग्लैंड के बल्लेबाजों के नाक में दम कर के रख दिया। हर्षित राणा ने 5 ओवर की गेंदबाजी की, जिसमें उन्होंने 31 रन खर्च किए।

### अर्शदीप और हार्दिक ने भी दिखाया दम

गेंदबाजी में टीम इंडिया के लिए अर्शदीप सिंह और हार्दिक पांड्या ने भी अपना दम दिखाया। अर्शदीप सिंह ने टीम



इंडिया के लिए पारी में 5 ओवर की गेंदबाजी में 33 रन देकर 2 विकेट झटके जबकि हार्दिक ने भी 5 ओवर में 38 रन देकर 2 सफलता अर्जित टीम इंडिया की जीत को सुनिश्चित किया।

# एनएमडीसी मुख्यालय में हिंदी कार्यशाला का आयोजन



हैदराबाद, 12 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। एनएमडीसी लिमिटेड के मुख्यालय, हैदराबाद में बुधवार को कर्मचारियों के लिए विशेष हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में रूद्रनाथ मिश्र, उप महाप्रबंधक (राजभाषा) ने सभी उपस्थित प्रतिभागियोंका स्वागत एवं अभिनंदन किया तथा इस विशेष हिंदी कार्यशाला के आयोजन के उद्देश्य एवं रूपरेखा के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को इस विशेष हिंदी कार्यशाला का पूर्ण सदुपयोग करने एवं इससे भरपूर लाभ उठाने की सलाह दी।

मुख्य महाप्रबंधक (कार्मिक एवं प्रशासन) श्रीमती जी. प्रियदर्शिनी ने सभी कार्मिकों को कार्यशाला का भरपूर लाभ उठाकर अपना अधिकाधिक कार्य हिंदी में करने का निर्देश दिया है। संकाय सदस्य मो. कमालुद्दीन, सहायक निदेशक (सेवा-निवृत्त),हिंदी शिक्षण योजना ने प्रतिभागियों को राजभाषा, राष्ट्रभाषा,राज्य भाषा एवं सम्पर्क भाषा आदि के विषय में जानकारी देते हुए संविधान में राजभाषा हिंदी के प्रावधानों एवं इसके महत्व की जानकारी दी। राजेश कुमार गोंड, वरिष्ठ प्रबंधक (राजभाषा) ने कार्यालय के दैनिक कार्यों में राजभाषा हिंदी के आसान उपयोग के विषय में जानकारी दी। अंतिम सत्र में राजभाषा विभाग के सभी अधिकारी देवाशीष घोष, वरिष्ठ प्रबंधक; डॉ. रजिन्दर कौर, वरिष्ठ प्रबंधक एवं एस.के. सनोडिया, उप प्रबंधक ने प्रतिभागियों के साथ चर्चा की। सुश्री फौजिया, अप्रेंटिस प्रशिक्षु ने कार्यशाला के आयोजन में सहयोग किया।



**हैदराबाद, 12 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। दिल्ली में केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से सांसद डीके अरुणा और अन्य तेलंगाना के सांसदों ने मुलाकात की। इस दौरान सांसदों ने देशभर में संत सेवालाल जयंती मनाने के लिए केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत को एक ज्ञापन दिया। इस मौके पर सांसद डीके अरुणा, रघुनंदन राव, कोंडा विश्वेश्वर रेड्डी, गद्दाम नागेश, पूर्व सांसद सीताराम नाइक, पार्टी एसटी मोर्चा के नेता उपस्थित थे।**

# अवैध रूप से रेत का परिवहन करने वालों पर नकेल कसेंगे: राचकोंडा सीपी

